वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

आई आई एफ सी एल
IIFCL
(ISO:9001:2015)

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

इंडिया इन्फ्रॉस्ट्रक्चर फाइनेंन्स कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
सीआईएन: U67190DL2006GOI144520
5वां तल, ब्लॉक 2, प्लेट ए एवं बी, एनबीसीसी टॉवर, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
टेलीफोन: +91-11-24662777, फैक्स: +91-11-20815125, 20815117
वेबसाइट: www.iifcl.org

दृष्टि

भारत में विश्व स्तरीय अवसंरचना के संवर्धन व विकास के लिए
नवोन्मेषी वित्तपोषण के साधन उपलब्ध कराना

मिशन

अवसंरचना क्षेत्र के वित्तपोषण में सर्वोत्तम पद्धतियां अपनाना एवं अवसंरचना क्षेत्र के विकास को सुविधापरक बनाते हुए मूल क्षमताओं का विकास करना।
व्यावसयिक तरीके में सेवाएं प्रदान करने एवं सभी पणधारकों की संतुष्टि के लिए अत्यंत समर्पित कर्मचारियों की टीम तैयार करना।



प्रबंध निदेशक की कलम से

देवियो और सज्जनो,

आपकी कंपनी की 15वीं वार्षिक आम सभा के शुभ अवसर पर आपको संबोधित करते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है।

वर्ष 2019–20 अवसरों और चुनौतियों से भरा रहा है। भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2020 से 2025 की अवधि को ध्यान में रखकर 111 लाख करोड़ रुपये की कुल पूंजी के साथ नवंबर, 2019 को शुरू किया गया नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी), 2020 सरकार की एक अनूठी पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य परियोजना की तैयारी में सुधार लाना तथा बुनियादी ढांचा क्षेत्र में निवेश (घरेलू और विदेशी दोनों) की संभावनायें तलाशना है। यह 2025 तक 5 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। भारत सरकार की यह पहल आईआईएफसीएल के लिए बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के क्षेत्र में अपने योगदान की प्रतिबद्धता साबित करने के अपार अवसर भी प्रदान करती है।

हालांकि, वित्त वर्ष की समाप्ति में जिस प्रकार कोविड–19 का प्रकोप देखा गया, उसने अर्थव्यवस्था के लिए अभूतपूर्व चुनौतियां पैदा कीं। इसमें बुनियादी ढांचा क्षेत्र कोई अपवाद नहीं है और कोविड–19 के कारण लगाये गये लॉकडाउन एवं इसके कारण उत्पन्न व्यवधानों से यह क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कालखंड में श्रमिकों के पलायन के कारण परियोजनाओं का निष्पादन बहुत धीमा हो गया, जिससे समय व लागत दोनों बढ़ गई, नई परियोजनाएं देने में देरी हुई तथा विकासकों की आमदनी में विशेष रूप से सड़क व बिजली क्षेत्र में मांग कम होने के कारण भारी कमी आई।

जून, 2020 के बाद से लॉकडाउन पर ढ़ील देने एवं अर्थव्यवस्था को धीरे–धीरे में खोलने से धीरे–धीरे मांग फिर से शुरू हो रही है और जल्द ही विकासकों के लिए राजस्व प्रवाह में सुधार होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, जैसे की एनआईपी आकार लेगा, नई प्रक्रियाधीन परियोजनाओं के माध्यम से लंबे समय तक चलने में भी काफी सुधार आने की उम्मीद है। रेलवे में स्टेशनों के पुनर्विकास, सड़क क्षेत्र में मिश्रित वार्षिकी मॉडल आधारित परियोजनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा एवं शहरी गैस वितरण सहित नये क्षेत्रों में भी अल्प अवधि से लेकर माध्यम अवधि के वित्तपोषण में बड़ी हिस्सेदारी की उम्मीद जताई गई है। इस संबंध में आईआईएफसीएल बुनियादी ढांचें के वित्तपोषण में बड़े पैमाने पर योगदान देने एवं एनआईपी के तहत महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में सहायता करने के लिए पूर्णतया तैयार है।

वर्ष 2019–20 के दौरान देश में बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं को दीर्घकालिक वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने उद्देश्य के साथ आगे बढ़ते हुए, आईआईएफसीएल ने मार्च, 2020 तक 605 परियोजनाओं को 1,35,939 करोड़ रुपये की संचयी सकल मंजूरी को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष ऋण, टेकआउट वित्त, पुनर्वित्त एवं ऋण संवृद्धि के तहत 9,337 करोड़ रुपये की सकल मंजूरियां प्रदान की। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2019–20 के दौरान सभी योजनाओं के अंतर्गत किया गया संवितरण मार्च, 2020 को 410 परियोजनाओं के 71,916 करोड़ रुपये के संचयी संवितरण को देखते हुए विगत वर्ष में 5,765 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 6,015 करोड़ रुपये हो गया।

आईआईएफसीएल द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने मार्च 2020 में मई, 2019 में 500 करोड़ रुपये की पूंजी के अतिरिक्त, पुनर्पूंजीकरण बांड के तौर पर 5,300 करोड़ रुपये की इक्विटी का निवेश किया जिसके परिणामस्वरूप मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष को आईआईएफसीएल की चुकता शेयर पूंजी बढ़कर 9,999.92 करोड़ रुपये हो गई एवं कंपनी के समक्ष आगे उधार देने की एक्सपोजर सीमा खुल गई। इसके अतिरिक्त, वित्त वर्ष 2021 के केंद्रीय बजट में पुनर्पूंजीकरण बॉन्ड के माध्यम से इक्विटी के तौर पर 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रावधान किया गया है।

वित्त वर्ष 2018–19 से भारतीय लेखांकन मानक अपनाने के उपरांत आईआईएफसीएल में अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल)–अधारित दृष्टिकोण के कारण प्रावधानीकरण अपेक्षाओं में बढ़ोत्तरी हुई। आईआईएफसीएल ने मार्च 2020 तक 2,056.91 करोड़ रुपये की सीमा तक अतिरिक्त संचयी प्रावधान किया है। वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 1,222.97 करोड़ रुपये की ऋण आस्तियों के प्रावधानीकरण एवं बट्टे खाते में डाले जाने के कारण उत्पन्न अतिरिक्त दबाव के बावजूद, आईआईएफसीएल मुख्य तौर पर 295.24 करोड़ रुपये की ऋण आस्तियों के क्षति पर आस्थगित कर आस्ति (डीटीए) के सृजन के कारण 51.20 करोड

रुपये का लाभ दर्शाने में सफल रहा।

आपकी कंपनी ने विभिन्न मंचों के माध्यम से सरकार को अपनी सूचनाएं प्रदान करना और नीतिगत समर्थन करना जारी रखा है। आपको यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता होगी कि भारत सरकार ने प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल को एनआईपी की अंतर–मंत्रालयी संचालन समिति के परियोजना वित्त पर उप–समूह के सदस्य के तौर पर नियुक्त किया है। आईआईएफसीएल इस मंच में क्षेत्र के वित्तपोषण में सुधार की दिशा में केन्द्रित सुझाव प्रदान करने में सक्रिय रूप से भाग ले रहा हैं। आपकी कंपनी लंबित मुद्दों को निपटाने मुख्य तौर पर एनएचएआई द्वारा भुगतान न करने के संबंध में उद्योग व सरकार के साथ सक्रिय रूप से भाग ले रही है।

अब, मैं समष्टिगत आर्थिक स्थिति, बैंकिंग क्षेत्र की हालत एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्र में प्रगति की समग्र स्थिति समेत बाहरी कारोबारी परिवेश के बारे में बात करना चाहता हूँ क्योंकि आपकी कंपनी के प्रदर्शन व संभावनाओं पर इसका व्यापक असर पड़ता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति

भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वर्ष 2018–19 में 6.1 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2019–20 में गत 11 वर्षों में सबसे धीमी गति के साथ 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई एवं जिस प्रकार कोविड–19 ने पहले से ही धीमी अर्थव्यवस्था दबाव डाला उससे लॉकडॉउन जैसे व्यवधानों के कारण निकट भविष्य में भारत की आर्थिक संभावनाएं गंभीर रूप से प्रभावित हुई जिसके कारण उपभोक्ताओं में विश्वास की कमी और जोखिम में वृद्धि हुई। कोविड–19 से पूर्व औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) मे दिसबर, 2019 के आखिर मे 0.3 प्रतिशत की ऋणात्मक वृद्धि की गई, लेकिन पुनः फरवरी, 2020 मे 4.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि सूचकांक में जुलाई 2019 के बाद उच्चतम स्तर देखा गया। हालांकि, कोविड–19 के उपरांत, 'लॉकडाउन' के कारण अप्रैल महीने में आईआईपी में रिकॉर्ड 55.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। भारत की उपभोक्ता मुद्रास्फीति आरबीआई के 6 प्रतिशत की उच्चतम सीमा से बढ़कर जून 2020 में 6.09 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो मार्च, 2020 एवं मार्च, 2019 में क्रमशः 5.91 प्रतिशत 2.85 प्रतिशत थी।

वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने एवं वित्तीय संस्थानों और लोगों द्वारा झेली जा रही चलनिधि के दबाव को कम करने के उद्देश्य से, सरकार एवं नियामकों ने इस संबंध में कई नीतिगत उपाय किए हैं। मई 2020 में, प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एमएसएमई, एनबीएफसी, बिजली वितरण कंपनियों, कृषि क्षेत्र, प्रवासी श्रमिकों आदि को सहायता देने वाले 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए लगभग 20 लाख करोड़ रूपए के आर्थिक प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की। इसमें मार्च 2020 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किये गये चलनिधि उपाय भी शामिल हैं। फरवरी, 2019 से रेपो दर में कुल 250 आधार अंकों की कमी की गई एवं जुलाई, 2020 तक यह 4 प्रतिशत दर्ज किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास के अनुसार, फरवरी, 2020 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किये गये चलनिधि उपाय लगभग 9.57 लाख करोड़ रुपये (2019–20 के काल्पनिक जीडीपी के लगभग 4.7 प्रतिशत के बराबर) के हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने कर्जदारों को ऋण अदायगी पर छह महीने की मोहलत देकर राहत प्रदान की। आपकी कंपनी ने भी इस योजना के तहत 11,500 करोड़ रुपये के कुल मूलधन बकाये वाले लगभग 80 खातों में 300 करोड़ रुपये का मूलधन ऋण स्थगन एवं 650 करोड़ रुपये का ब्याज ऋणस्थगन का प्रावधान किया। भारतीय रिजर्व बैंकने उन परियोजनाओं पर कोविड–19–संबंधित दबाव के लिए एक समाधान ढांचा भी निकाला है जिनका अपेक्षाकृत पिछला रिकार्ड अच्छा था लेकिन इस महामारी से प्रभावित थे। इसके अतिरिक्त, पूंजी बाजार नियामक सेबी ने ऋणदाताओं से संबंधित लिखतों पर चूक से संबंधित मानदंडों में ढील दी। उपरोक्त कदमों ने व्यवस्था में चल रही चलनिधि को बनाए रखने की भावना को मजबूती प्रदान करने मे सहायता की।

बाहरी मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2019–20 में भारत का एफडीआई प्रवाह 13 प्रतिशत से बढ़कर 49.97 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। 17 जुलाई, 2020 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 517.63 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा एवं इसने उच्च पोर्टफोलियो प्रवाह तथा तेल की कम कीमतों के कारण बाहरी झटके को मजबूती प्रदान करना जारी रखा है। व्यापारिक संतुलन की बात करें तो गत 18 से अधिक वर्षों के अंतराल के उपरांत जून, 2020 में 0.8 बिलियन अमरीकी डालर का अधिशेष दर्ज किया गया।

हालांकि, आर्थिक सुधार के लिए नकारात्मक जोखिम अभी भी बने हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण रिपोर्ट के अनुसार, मार्च, 2021 में समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में आर्थिक गतिविधि 4.5 प्रतिशत तक सिकुड़ने की संभावना है, हालांकि वित्त वर्ष 2022 में इसमें पुनः 6 प्रतिशत तक के उछाल आने की संभावना भी व्यक्त की गई है। आर्थिक गतिविधि में पूर्ण बदलाव टीके की खोज, मजबूत बुनियादी ढांचे के लिए सहायता, साथ ही मांग व आपूर्ति की स्थिति में सुधार जैसे कई कारकों पर निर्भर करेगा।

बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को निरंतर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार पिछले कुछ वर्षों में अनेक उपाय कर रही है। सरकार ने अपनी पूंजी की स्थिति को मजबूती देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण की महत्वपूर्ण पहल की है। वर्ष 2015–16 एवं 2019–20 के बीच, सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में कुल 3.08 खरब रुपये का निवेश किया है। सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मेगा समेकन अभ्यास, जो अप्रैल 2020 में लागू हुआ, ने वर्ष 2017 में देश की सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 से 12 (सात बड़े बैंक सहित) नीचे ला दी है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बड़े पैमाने पर कामकाज करने व तालमेल बैठाने में क्षमता में सुधार की उम्मीद है। सरकार ने न्यायसंगत एवं स्मार्ट बैंकिंग को संस्थागत बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए पीएसबी सुधार ईज (इन्हांसड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस) एजेंडा की शुरूआत भी की। एनपीए के रूप में विरासत में मिले दबाव की पहचान पूरा करने के उपरांत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक मजबूत वित्तीय स्थिति और संस्थागत प्रणालियों के साथ पुनः लाभ की स्थिति में आ गये हैं। यह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बेहतर वित्तीय स्थितिसे दिखाई पड़ता है जैसा कि एनपीए, वसूली, सीआरएआर और प्रावधान कवरेज अनुपात जैसे कई मापदंडों में भी परिलक्षित होता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (जून, 2020) के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए अनुपात (जीएनपीए) एवं निवल एनपीए (एनएनपीए) अनुपात, जो मार्च 2019 तक 9.3 प्रतिशत तथा 3.7 प्रतिशत तक पहुंच गया था, उसमें मार्च 2020 तक क्रमशः 8.5 प्रतिशत और 3 प्रतिशत तक की गिरावट आई। उद्योग के अंतर्गत आने वाले प्रमुख उप–क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में जीएनपीए अनुपात (बैंक में औद्योगिक क्षेत्र में ऋण में 36.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ), अवधारणात्मक गिरावट देखी गई और मार्च, 2020 तक 13.1 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। पूंजी पर्याप्तता के संबंध में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के सीआरएआर में मार्च 2019 में 14.3 प्रतिशत से मार्च 2020 में 14.8 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी हुई।

हालांकि, वित्त वर्ष 2019–20 के उत्तरार्द्ध में ये सुधार कोविड–19 के प्रकोप के कारण रोक दिए गए। वर्ष–दर–वर्ष की ऋण वृद्धि जो वर्ष 2019–20 की पहली छमाही के दौरान पहले से ही कमजोर पड़ गई था, मार्च, 2020 तक 5.9 प्रतिशत तक गिर गई और जून, 2020 की शुरुआत तक जस की तस बनी रही जो बैंकों के बीच बढ़े हुए जोखिम की विकृति और अर्थव्यवस्था में मंदी को दर्शाता है। भारतीय रिजर्व बैंक के दबावग्रस्त परीक्षण से संकेत मिलता है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जीएनपीए अनुपात मार्च, 2021 तक बेसलाइन परिदृश्य में 12.5 प्रतिशत जबकि अति गंभीर दबावग्रस्त परिदृश्य में 14.7 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त, सीआरएआर में मार्च, 2021 तक बेसलाइन परिदृश्य में 13.3 प्रतिशत जबकि अति गंभीर दबावग्रस्त परिदृश्य में 11.8 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। फिच रेटिंग्स के अनुसार, कोरोना वायरस महामारी से संबंधित व्यवधानों के कारण भारत के बैंकिंग क्षेत्र को पूंजी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय बैंकों को मध्यम दबावग्रस्त परिदृश्य के तहत 10 प्रतिशत भारित–औसत सामान्य इक्विटी टियर 1 अनुपात को पूरा करने के लिए नई पूंजी में कम से कम 15 बिलियन अमरीकी डॉलर की आवश्यकता होगी। यदि अर्थव्यवस्था कोविड–संबंधी व्यवधान से उबरने में विफल रहती है तो उच्च–दबावग्रस्तता की स्थिति में यह लगभग 58 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ सकती है।

बैंक एनबीएफसी के लिए धन का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं, क्योंकि अतीत में ऋण बाजारों में नकदी का अभाव सा हो गया था। बैंकों के वित्तपोषण में कोई भी कमजोरी एनबीएफसी क्षेत्र को ऋण देने के लिए उपलब्ध नकदी में रुकावट पैदा करेगी। फिच रेटिंग्स के अनुसार, विस्तारित क्रेडिट संकुचन से एनबीएफसी सहित वित्तीय क्षेत्र के लिए परिसंपत्ति की गुणवत्ता के जोखिम के बढ़ने की संभावना है, जो कोविड–19 की के प्रकोप के बीच पहले से ही आर्थिक मंदी के दबाव से गुजर रही है। इसके अतिरिक्त, आरबीआई एफएसआर जुलाई, 2020 के अनुसार, यह महामारी एनबीएफसी के लिए प्रणालीगत जोखिम को और बढ़ा सकती है। नकदी के दबाव को कम करने एवं इस क्षेत्र में लोगों के विश्वास को मजबूत करने के लिए भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनेक उपाय किये गये। भारतीय रिजर्व बैंक ने 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की परिसंपत्ति वाले एनबीएफसी को आदेश दिया है कि वे जोखिम की पहचान, जोखिमों के आकलन और शमन की प्रक्रिया में शामिल रहने वाले कार्यात्मक रूप से स्वतंत्र मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ) को स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट भूमिका और जिम्मेदारियों के साथ नियुक्त करें। आपकी कंपनी ने भी वर्ष 2019–20 के दौरान जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए एक सीआरओ नियुक्त किया है।

भारत में अवसंरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) क्षेत्र

एनआईपी के कार्य बर्ल की रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा स्रोतों से वित्त वर्ष 2020–25 के दौरान खर्च होने वाले 111 लाख करोड़ कैपेक्स का 83–85 प्रतिशत तक का वित्तपोषण किया जा सकता है। वित्तपोषण अंतराल (6–8 प्रतिशत) के कुछ

अनुपात नए विकास वित्तीय संस्थानों (डीएफआई) की स्थापना और केंद्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर प्रचालनात्मक परिसंपत्ति के मुद्रीकरण के लिए परिसंपत्ति मौद्रीकरण के रूप में उपयोग करके भरा जा सकता है। इससे एनआईपी के वित्तपोषण में लगभग 8–10 प्रतिशत की कमी आएगी। इसलिए, इस क्षेत्र के वित्तपोषण के नए एवं नवोन्मेषी साधन तलाशने एवं क्षेत्र विशेष संरचनात्मक सुधारों की शुरुआत करने की तत्काल आवश्यकता है।

वर्ष 2019–20 के दौरान प्रमुख अवसंरचना उप–क्षेत्रों के कुछ विशिष्ट निष्पादन एवं आगे की राह निम्नानुसार हैं:

सड़क एवं राजमार्ग

भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में सड़क एवं राजमार्ग क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विगत कुछ वर्षों में, सरकार ने देरी को कम करने एवं निर्माण की गति को तेज करने के लिए सड़क तथा राजमार्ग क्षेत्र में अनेक पहलों की शुरूआत की है। सरकार की इन पहलों में रुकी हुई परियोजनाओं को शुरू करना, भूमि अधिग्रहण को सुव्यवस्थित करना एवं बोलियां आमंत्रित करने से पूर्व भूमि के अधिकांश हिस्से का अधिग्रहण, भूमि अधिग्रहण, मंजूरी आदि के संदर्भ में परियोजना की पर्याप्त तैयारी के उपरांत परियोजनाओं का कार्यादेश देना, अन्य मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों के साथ समयबद्ध तरीके एवं परस्पर समन्वय करते हुए कार्यक्षेत्र में बदलाव एवं समय बढ़ाने से संबंधित मामलों का निस्तारण शामिल है।

वर्ष 2019–20 के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 3,979 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जो किसी भी वित्तीय वर्ष में अब तक का सबसे अधिक है। हालांकि, वर्ष के दौरान नई परियोजना (अधिकांश अभियंत्रण–खरीद–निर्माण माध्यम वाली) प्रदान करने की संभावना कम ही रही। निजी क्षेत्र की अपेक्षाओं को बुरी तरह प्रभावित करने वाले कोविड–19 महामारी को देखते हुए, सरकार की परियोजना के कार्यादेश देने के ईपीसी मोड पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है। इस तरह सरकार सड़क क्षेत्र के वित्तपोषण के नए रास्ते भी तलाश रही है जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) की स्थापना भी शामिल है। आपकी कंपनी एनएचएआई और सरकार के साथ एनएचएआई द्वारा लंबित समापन भुगतानों के निपटान में तेजी लाने के लिए निरंतर कदम उठा रही है।

विमानपत्तन

विमानपत्तन क्षेत्र में, यात्री एवं माल भाड़ा की वृद्धि दर में पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2019–20 में क्रमशः 1.1 प्रतिशत व 6.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि कोविड–19 से संबंधित व्यवधानों के कारण विमानन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है, फिर भी निकट भविष्य में इस क्षेत्र में गतिविधियाँ बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि अब आर्थिक गतिविधियाँ धीरे–धीरे सामान्य हो रही हैं। विमानपत्तन क्षेत्र में निजी भागीदारी को बढ़ावा देने के उददेश्य से सरकार वर्तमान में जन निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रणाली के तहत छह हवाई अड्डों – लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद, गुवहाटी, मैंगलोर एवं तिरुवनंतपुरम को विकसित कर रही है। इसके अतिरिक्त, निवेश को आकर्षित करने के लिए निजी खिलाड़ियों को अमृतसर, वाराणसी, भुवनेश्वर, इंदौर, रायपुर और त्रिची में छह और हवाई अड्डों की बोली लगाने की योजना है।

रेलवे

भारतीय रेलवे माल ढुलाई में सड़कों से और यात्रियों की आवाजाही में एयरलाइंस में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना कर रहा है। अन्य परिवहन साधनों के मुकाबले प्रतिस्पर्धात्मक बने रहने के लिए, वर्तमान रेलवे बुनियादी ढांचे के उन्नयन व विस्तार की तत्काल आवश्यकता है। यह इस क्षेत्र में अनुकूल नीति एवं नियामक परिवेश तैयार करते हुए अधिक से अधिक निजीकरण करने का संकेत देता है। पहली बार इस तरह के कदम में, भारतीय रेल ने जुलाई, 2020 में 151 आधुनिक ट्रेनों के माध्यम से 109 जोड़े मार्गों पर निजी भागीदारी के लिए अर्हता हेतु अनुरोध आमंत्रित किया। इस परियोजना में लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निजी क्षेत्र का निवेश होगा। इसके साथ ही, भारतीय रेलवे की एक रेलवे नियामक स्थापित करने की योजना भी बना रहा है जो इसे निजी ऑपरेटरों को यात्री ट्रेन सेवाएं चलाने की अनुमति देने की प्रक्रिया आरंभ करेगा।

सरकार ने रेल पटरियों के साथ–साथ रेलवे के स्वामित्व वाली भूमि पर बड़ी सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित करने की भी योजना बनाई है। हबीबगंज, भोपाल में भारत के पहले स्टेशन का पुनर्विकास पूरा होने वाला है और इसे वित्त वर्ष 2020–21 के आखिर से पहले पूरा किया जाना है। आपकी कंपनी ने इस परियोजना के लिए 120 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इसके अतिरिक्त, जन निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रणाली के माध्यम से चार और स्टेशनों के पुनर्विकास की परियोजनाएँ शुरू करने की योजना है।

बन्दरगाह

बन्दरगाह क्षेत्र में, सागर माला पहल के तहत, 30 सितंबर, 2019 तक, 6 लाख रुपये से अधिक की कुल परियोजना लागत को पूरा करने वाली कुल 574 परियोजनाएं कार्यान्वयन, विकास और पूर्णता के विभिन्न चरणों में थीं। हालाँकि, इस पहल के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति कई कारणों से धीमी बनी हुई है जैसे अनुमोदन प्राप्त करने में

देरी, भूमि अधिग्रहण, स्थानीय विरोध प्रदर्शन, पर्यावरण संबंधी चिंताएँ, अपेक्षित मात्रा में वृद्धि की तुलना में कम वृद्धि और वित्तपोषण में देरी। जहाजरानी मंत्रालय बन्दरगाह विकास, 'द मैरीटाइम विजन 2030' के लिए एक नया ब्लू प्रिंट तैयार करने की प्रक्रिया में है ताकि इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर किया जा सके। इसके अतिरिक्त, प्रमुख बन्दरगाह प्राधिकरण विधेयक 2020, जिसे अभी संसद द्वारा पारित किया जाना है, में प्रत्येक बन्दरगाह के लिए प्रमुख बन्दरगाह प्राधिकरण का सृजन (मौजूदा पोर्ट ट्रस्टों को बदलना) और टेरिफ व्यवस्था के लिए बन्दरगाह प्राधिकरण को और अधिक लचीलापन प्रदान करना आदि जैसी कुछ प्रगामी विशेषताएं शामिल हैं।

अंतर्देशीय जलमार्ग

सरकार ने अंतर्देशीय जलमार्गों के माध्यम से सुरक्षित आवाजाही एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष अंतर्देशीय जलयान बिल 2020 का मसौदा पेश किया। भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही एवं विश्व बैंक द्वारा आंशिक रूप से वित्त पोषित जलमार्ग विकास परियोजना (जेवीएमपी) में तेजी से प्रगति देखी जा रही है जैसा कि यह परियोजना पूर्ण होने के चरण में है। यह अंतर्देशीय जलमार्ग को आवागमन को विशेष रूप से कार्गो की आवाजाही के संबंध में एक सस्ते और अधिक पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में बढ़ावा देने में मदद करेगा। आवश्यक निवेश को आकर्षित करने के लिए इस तरह के कदम इस क्षेत्र निश्चित ही सकारात्मक कदम साबित होंगे।

बिजली

विद्युत क्षेत्र में, भारत में पावर स्टेशनों की अखिल भारतीय स्थापित क्षमता मार्च 2020 तक 370 गीगा वाट तक बढ़ गई है जो मार्च, 2019 तक 356 गीगा वाट थी। वर्ष 2019–20 के दौरान, पनबिजली, परमाणु एव नवीकरणीय क्षेत्रो से उत्पादन में क्रमश: 15.5 प्रतिशत, 22.9 प्रतिशत और 9.1 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई जबकि इसी अवधि में तापीय उत्पादन में 2.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह गिरावट काफी हद तक आम आर्थिक मंदी, औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की कम मांग, बिजली खरीदने की वित्तीय अक्षमता और ऊर्जा दक्षता उपायों के अभाव के कारण थी।

एनआईपी के कार्य बल की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनने का मिशन, ऊर्जा क्षेत्र में तीव्र विकास पर टिका है। बिजली उत्पादन खंड का प्रारंभिक ध्यान पारंपरिक स्रोतों से नवीकरणीय बिजली स्रोतों पर चला गया है इसी उद्देश्य से सरकार ने एनआईपी के तहत दिसंबर, 2022 तक 175 गीगावॉट और मार्च, 2025 तक 240 गीगावॉट की अक्षय ऊर्जा–आधारित उत्पादन क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य के अनुरूप, पारेषण क्षेत्र (ट्रांसमिशन सेक्टर) का पूरा फोकस अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की निकासी के लिए पारेषण (ट्रांसमिशन) के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर केन्द्रित हो गया है। इस तरह के कार्यनीतिक बदलावों के लिए अगले कुछ वर्षों में बिजली क्षेत्र में भारी निवेश की आवश्यकता है। इसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण भंडार में क्षेत्र आधारित सुधारों की नितांत आवश्यकता है। ऊर्जा मंत्रालय ने हाल ही में विद्युत क्षेत्र में वाणिज्यिक एवं निवेश की गतिविधियों को कमजोर करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करने के लिए विद्युत (संशोधन) विधेयक 2020 जारी किया। यह विधेयक निजीकरण के दायरे का विस्तार करने, संविदाओं की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए विद्युत संविदा प्रवर्तन एजेंसी (ईसीईए) की स्थापना, लागत–प्रभावी टैरिफ को अनिवार्य करने तथा भुगतान सुरक्षा तंत्र को संस्थागत रूप देते हुए सब्सिडी व्यवस्था से दूर करने जैसे कई नीतिगत उपाय निर्धारित करता है। इस तरह के कदम स्वरूप में प्रगतिशील हैं एवं भारतीय बिजली क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों को कम करने में अवश्य मदद करेंगे।

कोविड–19 महामारी के प्रकोप के मद्देनजर, अप्रैल एवं मई, 2020 के लॉकडाउन के महीनों में बिजली की मांग में भारी गिरावट देखी गई जिससे पहले से ही संकटग्रस्त राज्य बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर भारी वित्तीय दबाव पड़ा। नतीजतन, सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए प्रोत्साहन पैकेज के इन डिस्कस भाग में 90,000 करोड़ रुपये की पूंजी लगाने की घोषणा की। हालांकि, क्रिसिल रिसर्च के अनुसार, यद्यपि यह पैकेज राहत प्रदान करता है तथापि इस क्षेत्र में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संरचनात्मक सुधार अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।

शहरी अवसंरचना

तीव्र शहरीकरण के कारण शहरी सेवाओं की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है जैसे कि स्वच्छ पेयजल, ठोस कचरा प्रबंधन, शहरी आवागमन समाधान, किफायती आवास, जलमग्न एवं सीवेज प्रबंधन, शहरी सड़कें पैदल मार्ग तथा सार्वजनिक स्थलों आदि की पहुँच है, जिसे वित्त वर्ष 2020–25 तक के लिए शहरी क्षेत्र हेतु एनआईपी के अंतर्गत लगभग 19.19 लाख करोड़/रुपये का अनुमानित प्रावधान केन्द्र और राज्यों दोनों के लिए किया गया है। यह एनआईपी के अंतर्गत कुल आबंटन का लगभग 17 प्रतिशत बनता है, इसलिए शहरी अवसंरचना पर प्रकाश डालना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे आर्थिक वृद्धि, गरीबी, उन्मूलन एव बेहतर जीवन स्तर जुड़ा हुआ है। शहरी सेक्टर में निजी भागीदारी को अधिकाधिक प्रोत्साहित करने हेतु सही माहौल बनाने की जरूरत है। उदाहरण के तौर पर कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रतिस्थापित किया

गया है जिसको एचएएम के माध्यम से निधियां दी गई है और उनमें प्रारंभिक सफलताएं परिलक्षित हो रही हैं। शहरी विकास में ऐसे ही प्रतिमान (माडल) अन्य क्षेत्रों में दोहराए जा सकते हैं जैसे कि जल अवसंरचनाएं अवश्य विचारणीय हैं। इसके अलावा स्थानीय निकायों को एक वृहद भूमिका निभाना चाहिए और राजस्व के वैकल्पिक स्रोत के तौर पर नवाचारी वित्तीय प्रक्रम तैयार कर सकते हैं। अधिकतर शहरी निकायों को अपनी वित्तीय पर निर्भरता को घटाने के लिए निश्चित रूप से नैगमिक बांड जारी करके बाजार से पूंजी अर्जित करनी चाहिए।

अन्य उभरते अवसंरचना उप–क्षेत्र

स्वास्थ्य सेवा जैसे अन्य क्षेत्र भी अपनी ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। सरकार की योजना है कि पीपीपी प्रणाली में अस्पताल स्थापित करने के लिए अर्थक्षमता अंतर को पाटने के लिए वित्तपोषण विंडो स्थापित की जाए। लॉजिस्टिक क्षेत्र को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु भारत सरकार की एक राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति बनाने की योजना है जो एकल विंडो लॉजिस्टिक नीति बाजार तैयार करेगी और रोजगार, कौशल तथा प्रतियोगी लघु उद्योग निर्माण पैदा करने और एमएसएमई को प्रतिस्पर्धी बनाने में केंद्रित होगी।

इस प्रकार, जबकि पाइपलाइन की परियोजना अल्पावधि में कमजोर हो सकती है लेकिन मध्यम–से–लंबी अवधि के लिए विभिन्न अवसंरचना उप–क्षेत्रों मे अपार अवसरों के द्वारा खोल सकती हैं जिनका आईआईएफसीएल आसानी से लाभ उठा सकता है।

आईआईएफसीएल के प्रचालन और मुख्य वित्तीय विशेषताएं

इस पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए, मैं अब वर्ष 2019–20 के दौरान आईआईएफसीएल के प्रचालन और वित्तीय निष्पादन को प्रस्तुत करना चाहता हूं।

प्रचालनात्मक विशेषताएं

प्रत्यक्ष ऋण:

- **सकल मंजूरियां:** वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 तक 8,71,577 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली 497 परियोजनाओं में प्रत्यक्ष ऋण के तहत (गौण कर्ज सहित) 90,050 करोड़ रुपये की संचयी सकल मंजूरियों के साथ 3,647 करोड़ रुपये की वृद्धिशील सकल मंजूरियां की।
- **वित्तीय पूर्णता:** मार्च, 2020 तक प्रत्यक्ष ऋण के तहत 374 निवल स्वीकृत मंजूरियों में से 354 परियोजनाओं यानि 95 प्रतिशत तक की वित्तीय पूर्णता का लक्ष्य हासिल किया गया।
- **संवितरण:** वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 तक 5,49,233 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली 393 परियोजनाओं में इस योजना के तहत 41,788 करोड़ रुपये की संचयी सकल मंजूरियों के साथ प्रत्यक्ष ऋण के तहत (गौण कर्ज सहित) 2,581 करोड़ रुपये की वृद्धिशील संवितरण किये।

पुनर्वित्त

- **सकल मंजूरियां:** वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 तक इस पुनर्वित्त योजना के तहत 21,497 करोड़ रुपये की संचयी सकल मंजूरियों के साथ 5,690 करोड़ रुपये की वृद्धिशील सकल मंजूरियां की।
- **संवितरण:** वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने 31 मार्च, 2020 तक पुनर्वित्त योजना के तहत 14,715 करोड़ रुपये की संचयी सकल संवरितण के साथ 3,434 करोड़ रुपये की वृद्धिशील संवितरण किये।

मुख्य वित्तीय विशेषताएं

- कंपनी का कुल राजस्व वित्त वर्ष 2018–19 में 4163 करोड़ रुपये से वित्त वर्ष 2019–20 में बढ़कर 4215 करोड रुपये हो गया है।
- करोपरांत लाभ वित्त वर्ष 2018–19 में 102 करोड़ रुपये से घटकर वित्त वर्ष 2019–20 में 51 करोड रुपये हो गया है।
- मार्च, 2020 को कंपनी का बकाया ऋण 33,637 करोड़ रुपये रहा।
- जोखिम (भारित) आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) मार्च, 2019 में 13.63 प्रतिशत की तुलना में 31 मार्च, 2020 को बढ़कर 30.85 प्रतिशत हो गया जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एनबीएफसी के लिए 15 प्रतिशत की न्यूनतम नियामक अपेक्षा पर पर्याप्त आधार प्रदान करता है।
- प्रावधान कवरेज अनुपात में मार्च, 2019 में 47.91 प्रतिशत की तुलना में मार्च, 2020 में 50.51 प्रतिशत का सुधार आया है।
- कर्ज–इक्विटी अनुपात में मार्च, 2019 में 7.03 प्रतिशत की तुलना मे मार्च, 2020 में 3.54 प्रतिशत का सुधार आया है।

- मार्च, 2020 में कंपनी का सकल एनपीए एवं निवल एनपीए क्रमशः 19.70 प्रतिशत एवं 9.75 प्रतिशत रहा।

सीएसआर पहल

आईआईएफसीएल एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार संगठन है और इसने अपनी सीएसआर नीति को पूरी ईनानदारी से लागू किया है। इस नीति में स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय धरोहरों का संरक्षण, खेल को बढ़ावा देना और हरित ऊर्जा को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रखा गया है। आईआईएफसीएल की सीएसआर पहल के तहत कार्यान्वित परियोजनाएं देश के 24 राज्यों तक पहुंच रही हैं और सामाजिक हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले विविध क्षेत्रों के लाभार्थी इस पहल के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के प्रावधान के अनुसार परिगणित शून्य सीएसआर बजट के बावजूद, आईआईएफसीएल ने कोविड–19 महामारी के विरुद्ध भारत की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से अपनी सहायता के तौर पर आपातकालीन परिस्थिति में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं राहत (पीएम केयर्स) कोष में सीएसआर के तहत 25 करोड़ रुपये की राशि का योगदान दिया है। इसके अलावा, मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आईआईएफसीएल के कर्मचारियों ने भी पीएम केयर्स कोष में कोविड–19 के विरुद्ध भारत की लड़ाई में सहायता करने एवं योगदान देने के प्रतिबद्धता के तौर पर स्वेच्छा से एक दिन के वेतन का योगदान दिया। आईआईएफसीएल कुछ सार्वजनिक उपक्रमों में से एक हैं जिसने विगत छः वित्तीय वर्षों में अपने आबंटित सीएसआर बजट का लगातार पूरी तरह से उपयोग किया है।

सहायक कंपनियों की मुख्य वित्तीय विशेषताएं

लंदन में आईआईएफसीएल की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कंपनी, आईआईएफसीएल (यूके) ने 31 मार्च, 2020 तक 3.99 बिलियन अमरीकी डॉलर की संचयी ऋण मंजूरी (निरसन का निवल) एवं 2.06 बिलियन अमरीकी डॉलर की संचयी संवितरण किया है। भारती रिजर्व बैंक ने 5 बिलियन अमरीकी डॉलर की अपनी ऋण व्यवस्था की वैधता के विस्तार को मार्च, 2023 तक तीन वर्षों तक मंजूरी दे दी है। भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण व्यवस्था के अलावा, आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड भारत में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तीय संसाधनों को पूरा करने के उद्देश्य से निरंतर निधियों के नए स्रोतों की तलाश कर रहा है।

वर्ष 2012 में स्थापित आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमैंट कंपनी लिमिटेड (आईएएमसीएल) आईआईएफसीएल की दूसरी पूर्ण स्वामित्वाधीन कंपनी है जिसकी स्थापना आईआईएफसीएल म्युचुअल फंड (आईडीएफ) के लिए आस्ति प्रबंधन कंपनी (एएमसी) के तौर पर की गई थी। फरवरी, 2014 में पांच निवेशकों के साथ आईआईएफसीएल म्युचुअल फंड (आईडीएफ) का शुभारंभ किया गया एवं इसके पहले आईडीएफ श्रृंखला के माध्यम से 300 करोड़ रुपये जुटाये गये। आईडीएफ श्रृंखला–I को दो घरेलू रेटिंग एजेंसियों द्वारा एएए आईडीएफ–एमएफ की रेटिंग दी गई है एवं यह बांबे स्टॉक एक्सचैंज में भी सूचीबद्ध है। इस स्कीम का पूर्णतया निवेश किया गया है एवं यह राजस्व पैदा करने वाली अवसंरचना परिसंपत्तियों में शामिल है। 31 मार्च, 2020 तक श्रृंखला –II के प्रबंधन के अंतर्गत आने वाली परिसंपत्ति (एयूएम) 397.08 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। अप्रैल, 2017 में आईआईएफसीएल ने छः संस्थागत निवेशकों के साथ 200 करोड़ रुपये की 'एएए' रेटिंग वाली अपनी आईडीएफ श्रृंखला–II 'एएए' आईडीएफ–एमएफ शुरू की एवं इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। 31 मार्च, 2020 को आईडीएफ श्रृंखला–II के प्रबंधन के अंतर्गत आने वाली परिसंपत्ति (एयूएम) 176.26 करोड़ रुपये की है।

आर्थिक मंदी एवं कोविड की स्थिति ने बुनियादी ढांचे क्षेत्र की गतिविधियों की गति को बुरी तरह प्रभावित किया है जिससे अत्यधिक ऋण लेने के अवसरों की मांग धीमी हो गई है। मौजूदा ब्याज परिदृश्य पर नजर डालें तो जहां रेपो दर रिकार्ड 4.00 प्रतिशत के निचले स्तर पर है, आईएएमसीएल को कम दर वाले निवेश के साथ आगे बढ़ना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप एयूएम में मामूली बढ़ोतरी हुई और प्रबंधन शुल्क में भी कमी आई। इसके अतिरिक्त कुल व्यय अनुपात को कम करने से संबंधित सेबी की नीतियों से भी आईएएमसीएल सहित एएमसी की आय प्रभावित हुई।

आईआईएफसीएल की तीसरी सहायक कंपनी, आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) समर्पित अवसंरचना एवं वित्तीय परामर्शदात्री कंपनी है। आईपीएल स्थानीय निकाय सहित केन्द्र एवं राज्य सरकारों को परियोजना की तैयारी, कार्य संपादन संरचना एवं परामर्शी सेवाओं में सहायता के साथ–साथ परियोजना के विकासकों एवं निवेशकों के लिए वित्तीय मूल्यांकन एवं समूहन सेवाएं प्रदान कर रहा है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र के साथ–साथ अर्थव्यवस्था में चुनौतीपूर्ण समय के बावजूद वर्ष 2019–20 कारोबार के नये क्षेत्रों में विभिन्न अवसरों के साथ आईपीएल के लिए काफी रोमांचक रहा। दिल्ली में टीम द्वारा समर्थित ग्राहकों के कार्यालय में तैनात समर्पित टीम के माध्यम से आईपीएल ने अपनी परामर्शी एवं सलाहकार सेवाएं प्रदान करना सफलतापूर्वक जारी रखा है। कंपनी ने राज्य में शहरी और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं को विकसित करन के लिए परियोजना विकास सहायता (पीडीए) प्रदान करने के उद्देश्य से मेघालय अवसंरचना विकास वित्त निगम

(एमआईडीएफसी) के साथ अपना परामर्शी अधिदेश का सफल निष्पादन जारी रखा है। इस अधिदेश के अंतर्गत आईपीएल कृषि, पर्यटन, विद्युत उत्पादन, रोपवे के साथ–साथ स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों के एकीकृत विकास में मेघालय की व्यापक सहायता कर रहा है। अपने इसी अधिदेश के अंतर्गत आईपीएल ने मेघालय में 28 परियोजनाओं का कार्यादेश प्रदान करने/कार्यादेश प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अपने इस प्रयास को आगे बढ़ाने के क्रम में आपकी कंपनी ने जनवरी, 2020 में तमिलनाडु अवसंरचना विकास बोर्ड (टीएनआईडीबी) के साथ परामर्शी सेवा करार पर हस्ताक्षर किये एवं नीतिगत मुद्दों को आकार देने, अवधारणा नोट तैयार करने, परियोजना का मूल्यांकन, पीपीपी परियोजनाओं के लिए बोली दस्तावेजों का मूल्यांकन, सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारियों का क्षमता वर्धन करने एवं परियोजना बैंचमार्क व मापन मेट्रिक्स तैयार करने के लिए अवसंरचना सलाहकार/परामर्शदाता नियुक्त की गई।

आगे की राह

आईआईएफसीएल सार्वजनिक क्षेत्र का एकमात्र ऐसा वित्तीय संस्थान है जो सभी बुनियादी ढांचा उप क्षेत्रों की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर भारत सरकार के व्यापक उद्देश्य को देखते हुए, आईआईएफसीएल को आगामी वर्षों में और अधिक विकसित होने एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र के वित्तपोषण में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

कोविड–19 महामारी के कारण हुए आर्थिक व्यवधानों से कुछ अल्पकालिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, आईआईएफसीएल का उद्देश्य ऐसी चुनौतियों को अन्य बातों के साथ–साथ स्टेशनों का पुनर्विकास, शहर गैस वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बिजली पारेषण एवं वितरण, हाइब्रिड वार्षिक उत्पाद, अक्षय ऊर्जा, विमानपत्तन इत्यादि जैसे नए और उभरते क्षेत्रों में अपने पोर्टफोलियो में विविधता प्रदान करते हुए अवसरों में बदलने का होगा। दूसरी ओर, आईआईएफसीएल ब्राउन फील्ड परियोजना जैसे पात्र संस्थानों को टेकआउट वित्त, ऋण संवृद्धि के साथ–साथ पुनर्वित्त प्रदान करने पर केन्द्रित अपने उत्पादों की वृद्धि करेगा। इसके अलावा, आईआईएफसीएल अपने ऋण खातों में पहले ही दबावग्रस्ता की पहचान करने में सक्षम बनाने के लिए संवर्धित सम्यक उद्यम एवं परियोजनाओं की कड़ी निगरानी पर ध्यान केंद्रित करेगा। आईआईएफसीएल अपने ऋण देने और उधार लेने के क्रियाकलापों में ऐसे बाजारोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने का लक्ष्य रखेगा जो उसके कारोबारी माहौल की बहुआयामी प्रकृति के अनुरूप हो।

आभार

वर्ष भर में असीम सहयोग और मार्गदर्शन के लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री; माननीय वित्त मंत्री; माननीय वित्त राज्य मंत्री; उपाध्यक्ष, नीति आयोग; सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग; सचिव, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही मैं वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग और आर्थिक कार्य विभाग, नीति आयोग व अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों को उनके सतत् सहयोग के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैं, भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक, भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, बहुपक्षीय संस्थानों, समझौता ज्ञापन के भागीदारों तथा सांविधिक लेखापरीक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं।

मैं इस कंपनी को विकास के पथ पर ले जाने के लिए बोर्ड के सदस्यों के सतत् सहयोग और योगदान के लिए उन्हें हृदय से आभार प्रकट करता हूं। अंत में मैं, कंपनी की सहायता करने के लिए आईआईएफसीएल के सभी कर्मचारियों को उनके समर्पण और अथक परिश्रम के लिए धन्यवाद देता हूं।

ह०/–
(पी. आर. जयशंकर)
प्रबन्ध निदेशक
डीआईएन सं: 06711526

दिनांक : 21 अक्तूबर, 2020
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल



श्री पी. आर. जयशंकर
प्रबन्ध निदेशक

श्री पवन के. कुमार
उप प्रबन्ध निदेशक

श्री बलदेव पुरूषार्थ
संयुक्त सचिव
(अवसंरचना नीति एवं वित्त)
आर्थिक कार्य विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

श्री संजोय कुमार साहा
सलाहकार (पीपीपीएयू)
नीति आयोग
भारत सरकार

श्री आनंद मधुकर
संयुक्त सचिव
विशेष कार्याधिकारी
वित्तीय सेवा विभाग
वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

सुश्री ए. मणिमेखालाई
कार्यकारी निदेशक
केनरा बैंक

मुख्य महाप्रबंधक

श्री एस. कृष्णन

श्री राजीव मुखीजा

श्री प्रशांत कुमार प्रहराज

विषय–सूची

वार्षिक आम सभा की सूचना	11
बोर्ड की रिपोर्ट	15
वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	55
गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की लेखा परीक्षा रिपोर्ट	67
31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरण	68
31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए आईआईएफसीएल के एकल वित्तीय विवरण पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	142
समेकित वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	144
31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित वित्तीय विवरण	152
31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए आईआईएफसीएल के समेकित वित्तीय विवरण पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	229

पंजीकृत कार्यालय

5वां तल, ब्लॉक 2, प्लेट ए एवं बी, एनबीसीसी टॉवर, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023

टेलीफोन: +91-11-24662777, फैक्स: +91-11-20815125, 20815117

वेबसाईट: www.iifcl.org

सीआईएन: U67190DL2006GOI144520

बैंकर्स

आईडीबीआई बैंक

पंजाब नेशनल बैंक

भारतीय स्टेट बैंक

आईसीआईसीआई बैंक

बॉण्ड के ट्रस्टी

विस्त्रा आईटीसीएल (इंडिया) लिमिटेड

(पूर्व में आईएलएंडएफएस ट्रस्ट कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

आईएल एवं एफएस सेंटर, प्लॉट सी–22, जी–ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स,

बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई–400051, फोन: +91-22-26593215

आईडीबीआई ट्रस्टीसिप सर्विस लिमिटेड

एशियन बिल्डिंग, ग्राउंड फ्लोर, 17आर, कामनी मार्ग बलार्ड एस्टेट,

मुम्बई–400001, फोन: +91-22-40807000

सांविधिक लेखा परीक्षक

मैसर्स ओ.पी. तुलस्यान एंड कम्पनी, सनदी लेखाकार

बी–27/5, डी.एस. रमेश नगर, नई दिल्ली–110015

टेलीफोन: +91-11-42283258, 8750343842; ई–मेल: rakesh@optulsyan.com, alok@optulsyan.com

विषय : 15वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

प्रिय महोदय/महोदया,

यह सूचित करना है कि इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के सदस्यों की 15वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, दिनांक 28 अक्तूबर, 2020 को अपराह्न 03.30 बजे कॉन्फ्रेंस हॉल', वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001 में आयोजित की जाएगी।

31 मार्च, 2020 को समाप्त अवधि के लिए बैठक की विस्तृत सूचना, निदेशकों की रिपोर्ट, सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और कंपनी के लेखा परीक्षित लेखे, इसके साथ संलग्न हैं।

कृपया उक्त बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें।
धन्यवाद,

भवदीय,

कृते इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ह0/–
मंजरी मिश्रा
कंपनी सचिव
(सदस्यता संख्या एफ 6204)

दिनांकः 21 अक्तूबर, 2020
स्थानः नई दिल्ली

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के सदस्यों की 15वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, दिनांक 28 अक्तूबर, 2020 को 03.30 बजे अपराह्न कॉन्फ्रेंस हॉल', वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001 में आयोजित की जाएगी, निम्नलिखित कार्यसूची पर विचार–विमर्श होगाः–

सामान्य प्रयोजनः

1) 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित समेकित वित्तीय विवरणों और समेकित वित्तीय विवरणों उस तिथि को समाप्त अवधि के लिए निदेशक मंडल और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट को प्राप्त करना, समझना और अंगीकृत करना।

2) निम्नलिखित प्रस्तावों पर सामान्य संकल्प के रूप में विचार करना, और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो बिना किसी आशोधन (आशोधनों) के इन्हें पारित करनाः–

''संकल्प लिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(4) और अन्य प्रयोज्य प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित धारा 139 के अनुसरण में, वित्त वर्ष 2019–20 हेतु कम्पनी के संविधिक लेखा परीक्षक के तौर पर मैसर्स भाटिया एंड भाटिया (डीई 0441), सनदी लेखाकार की नियुक्ति जैसा कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी और एजी) के कार्यालय द्वारा निर्देशित किया गया था देखें सी एंड एजी पत्र संख्या सीए. वी/सीओवाई/केन्द्रीय सरकार, आईआईएफसीएल (1)/239 दिनांक 14 अगस्त, 2020 जिसकी से एक प्रति बैठक में प्रस्तुत की गई, एतद द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित/नोट की जाती है।''

''यह भी संकल्प लिया जाता कि निदेशक मंडल को नियमों और शर्तों और लेखा परीक्षकों के उचित पारिश्रमिक को तय करने केलिए प्राधिकृत किया जाता है, जो वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए उपयुक्त समझा जाए।''

विशेष प्रयोजनः

3) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उसके तहत बनाये गये नियमों के अनुसार निजी स्थानन के माध्यम से अप्रतिभूत/प्रतिभूत अपरिवर्तनीय बॉंड/डिबेंचरों का निर्गम

निम्नलिखित प्रस्तावों पर विशेष संकल्पों के रूप में विचार करना, और यदि उपयुक्त समझा जाए, तो बिना किसी आशोधन (आशोधनों) के इन्हें पारित करनाः–

''संकल्प लिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (तत्समय प्रवृत्त काई सांविधिक आशोधन (नों) अथवा तत्संबंधी पुनर्नियमन (यों) सहित) की धारा 42, 71 एवं अन्य लागू प्रवधानों के अनुसरण में एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (ऋण प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीयन) विनियम, 2018, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (समय समय पर यथा संशोधित) के लागू प्रावधानों, लागू विनियमों और दिशानिर्देशों, कम्पनी के संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम और ऐसे अन्य लागू कानूनों, नियमों तथा विनियमों व दिशानिर्देशों के अधीन और आवश्यक अनुमोदनों, अनुमतियों, और सस्वीकृतियों के अधीन, विशेष संकल्प पास करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के दौरान, एक या इससे अधिक किस्तों में, ऐसी शर्तों पर जो लागू दिशानिर्देशों के अधीन निर्धारित हो एवं ऐसी नियम व शर्तों के अधीन जिसे मंडल अथवा मंडल द्वारा विधिवत गठित कोई समिति अथवा कोई ऐसा प्राधिकारी जों मंडल द्वारा अनुमोदित हो, अंतिम रूप दे, 9400 करोड़ रुपए तक के अप्रतिभूत/प्रतिभूत अपरिर्वतनीय बॉंड/डिबेंचर, कर योग्य/कर मुक्त/इंफ्रास्ट्रक्चर बॉंड/भारतीय रुपये में ऑफशौर बॉंड/कोई अन्य बॉंडों का निजी स्थानन आधार पर निधियां जुटाने के लिए कम्पनी के निदेशक मंडल (यहां इसके पश्चात ''बोर्ड'' कहा जाए) के सदस्यों का अनुमोदन है और एतद्द्वारा प्रदान किया जाता है।''

इसके अलावा, संकल्प किया गया कि अप्रत्यभूत, अपरिवर्तनीय बॉन्ड/डिबेंचर्स, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, के निजी स्थानन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कंपनी के निदेशक मंडल (''बोर्ड'') अथवा बोर्ड की किसी भी विधिवत गठित समिति या बोर्ड द्वारा यथा अनुमोदित ऐसे अन्य प्राधिकरण को और विधिवत उन निवेशकों, जिन्हें बॉन्ड/डिवेंचर्स आबंटित किये जाने हैं, के आकार, श्रेणी सहित जारी करने के निबंधन, प्रत्येक शाखा में आबंटित किए जाने वाले बॉन्ड/डिवेंचर्स की संख्या, जारी करने की कीमत, आशय, ब्याज दर, तत्कालीन विद्यमान बाजार कीमतों पर प्रीमियम/छूट, जारी करने की राशि, बॉन्ड/डिवेंचर्स धारकों की श्रेणी के लिए जारी करने की कीमत पर छूट, सूचीयन, निजी स्थानन प्रस्ताव पत्र में शामिल किए जाने के लिए अपेक्षित किसी घोषणा/शपथपत्र इत्यादि को जारी करना और तत्समय प्रवृत्त कोई अन्य विनियामक अपेक्षाओं निर्धारण के लिए प्राधिकृत किया जाता है।''

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अक्तूबर, 2020

ह0/–
मंजरी मिश्रा
कंपनी सचिव
(सदस्यता संख्या एफ6204)

पंजीकृत कार्यालय
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
पांचवा तल, ब्लॉक–2 प्लेट ए और बी, एनबीसीसी टॉवर,
ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली – 110023
सीआईएनः U67190DL2006GOI144520
वेबसाइटःwww.iifcl.org

नोटः–

1. **बैठक में भाग लेने तथा मत देने के लिए पात्र सदस्य अपने बदले बैठक में भाग लेने व मत देने के लिए प्रतिनिधि/ प्रतिनिधियों को नियुक्त करने का हकदार है एवं ऐसा प्रतिनिधि कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रतिनिधि को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रतिनिधि का दस्तावेज विधिवत मुहर लगा, पूर्ण, हस्ताक्षरित हो एवं उक्त बैठक के आयोजन से 48 घंटे पहले जमा किया जाए।**
2. प्राधिकृत प्रतिनिधि (यों) को बैठक में भाग लेने व मत देने के लिए प्रतिनिधि प्रपत्र एवं बोर्ड के संकल्प (पों) की प्रमाणित प्रति कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भेजनी होगी।
3. उपर्युक्त विशेष प्रयोजन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुसार व्याख्यात्मक वक्तव्य जो इस बैठक में संपादित किये जाने हैं, ऐसे सभी महत्वपूर्ण तथ्य इसके साथ संलग्न है और इस नोटिस का हिस्सा है।
4. सदस्य इस बात का भी ध्यान रखें कि एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट www.iifcl.org पर उपलब्ध होगी। नोटिस और अन्य दस्तावेज कार्यालय के कामकाज के दिनों में सामान्य कारोबारी घंटे के दौरान निरीक्षण के लिए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में भी उपलब्ध होंगे।

सूचना के अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के तहत व्याख्यात्मक विवरण

मद सं. 3: कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों एवं उसके तहत बनाये गये नियमों के अनुसार निजी स्थानन के माध्यम से अप्रतिभूत/प्रतिभूत अपरिवर्तनीय बाँड/डिबेंचरों का निर्गम

कंपनी की भावी विकास योजना को देखते हुए एवं कंपनी को स्वयं अतिरिक्त बजटीय संसाधन जो भारत सरकार आबंटित करे, जुटाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से मंडल का मानना है कि ऐसे अप्रतिभूत/प्रतिभूत अपरिवर्तनीय बाँडों/डिबेंचरों के माध्यम से कंपनी का दीर्घकालिक संसाधन बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है जिसकी बाजार में बेहतर स्वीकार्यता हो एवं बहुत प्रतिस्पर्धी हो। अतः उपरोक्त को देखत हुए निदेशक मंडल ने 29 फरवरी, 2020 को आयोजित बैठक में शेयरधारकों के अनुमोदनाधीन आईआईएफसीएल द्वारा 9,400 करोड़ तक का संसाधन जुटाने की योजना पर विचार किया एवं उसका अनुमोदन किया। आईआईएफसीएल का मंडल विशेष संकल्प पास करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के दौरान, एक या इससे अधिक किस्तों में, ऐसी शर्तों पर जो लागू दिशानिर्देशों के अधीन निर्धारित हो एवं ऐसी नियम व शर्तों के अधीन जिसे मंडल अथवा मंडल द्वारा विधिवत गठित कोई समिति अथवा कोई ऐसा प्राधिकारी जो मंडल द्वारा अनुमोदित हो, अंतिम रूप दे, 9400 करोड़ रुपए तक के अप्रतिभूत/प्रतिभूत अपरिवर्तनीय बाँड/डिबेंचर, करयोग्य/करमुक्त/इंफ्रास्ट्रक्चर बॉड/भारतीय रुपये में ऑफशौर बॉड/कोई अन्य बॉडों का निजी स्थानन आधार पर निधियां जुटाने के लिए अधिकृत है। उक्त संकल्प के अनुसार समय–समय पर निर्गमित एनसीडी कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180 (1) (ग) के अधीन, समय–समय पर शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित उधारी की कुल सीमा के अंतर्गत होंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 42 एवं 71 एवं कंपनी (शेयर पूंजी एवं डिबेंचर) नियम, 2014 के अनुसार निजी स्थानन आधार पर कंपनी द्वारा जारी किये जाने वाले एनसीडी के अभिदान के किसी प्रस्ताव अथवा आमंत्रण में विशेष संकल्प की रीति से शेयरधारकों का पूर्व अनुमोदन आवश्यक होता है।

उसी वर्ष के दौरान एनसीडी के लिए सभी प्रस्तावों या निमंत्रण के लिए शेयरधारकों का अनुमोदन एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

निदेशक मंडल का मानना है कि प्रस्तावित संकल्प कंपनी के हित में होगा।

कंपनी के निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) और उनके रिश्तेदारों में से किसी का भी, प्रस्तावित संकल्प से कोई लेना देना या उनकी रुचि नहीं है।

आपके निदेशकों ने इस अनुमोदन के लिए नोटिस में मद संख्या 3 पर संकल्प की संस्तुति की है।

निदेशक मंडल के आदेश से
कृते इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

ह0/–
मंजरी मिश्रा
कंपनी सचिव
(सदस्यता संख्या एफ6204)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अक्तूबर, 2020

पंजीकृत कार्यालय
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
पांचवा तल, ब्लॉक–2 प्लेट ए और बी, एनबीसीसी टॉवर,
ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली – 110023
सीआईएन: U67190DL2006GOI144520
वेबसाइट: www.iifcl.org

बोर्ड की रिपोर्ट

सेवा में

आईआईएफसीएल शेयरधारक,

आपके निदेशकों को लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, समेकित वित्तीय विवरण और लेखापरीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षक और उस पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपनी कंपनी के प्रदर्शन पर 15वीं वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अपार प्रसन्नता हो रही है।

मुख्य वित्तीय विवरण

31 मार्च 2020 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश इस प्रकार है:

(राशि करोड़ रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
कुल राजस्व	4215	4158
कुल व्यय	4506	3754
कर पूर्व लाभ	**(291)**	**404**
कराधान के लिए प्रावधान	342	(302)
असाधारण मदें		-
विनियोजन (करोपरांत लाभ) हेतु उपलब्ध निवल लाभ	**51**	**102**
अन्य व्यापक आय	0.28	(0.76)
विनियोजन के बाद उपलब्ध निवल लाभ	**51**	**101**
10 रूपये के अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर के लिए अर्जन (भारित औसत)	0.11	0.25

ऋण क्रियाकलाप

प्रत्यक्ष ऋण

वर्ष 2019–20 के दौरान, 3,647 करोड़ रुपये की और स्वीकृति देने के साथ ही, 497 आधारभूत संरचना परियोजनाओं के लिए कंपनी द्वारा दी गईं कुल सकल स्वीकृतियां बढ़कर 90,050 करोड़ रुपये हो गईं। आपकी कंपनी द्वारा दी गईं संचयी सकल स्वीकृतियों का क्षेत्रवार वितरण निम्नानुसार है:

प्रत्यक्ष ऋण के तहत संचयी सकल स्वीकृतियां (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	सकल स्वीकृतियां
सड़क	267	346,587	42,098
बिजली	150	403,504	36,310
विमानपत्तन	3	27,701	2,530
बन्दरगाह	19	30,096	4,157
शहरी आधारभूत संरचना	16	48,143	3,807
रेलवे	3	3,194	639
पीएमडीओ*	38	8,602	260
दूरसंचार	1	3,750	250
योग	**497**	**8,71,577**	**90,050**

* सामूहिक नगरपालिका ऋण दायित्व

इसके अलावा, 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, 374 परियोजनाओं के लिए आपकी कम्पनी द्वारा दी गईं निवल स्वीकृतियों का क्षेत्रवार वितरण 53,711 करोड़ रुपये रहा जिसका विवरण निम्नानुसार है:

प्रत्यक्ष ऋण के तहत संचयी निवल स्वीकृतियां (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) # (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	सकल स्वीकृतियां
सड़क	219	288,919	28,69
बिजली	100	221,993	21,021
विमानपत्तन	3	27,701	1,148
बन्दरगाह	12	17,461	1,866
शहरी आधारभूत संरचना	9	2,200	419

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	सकल स्वीकृतियां
रेलवे	1	600	120
पीएमडीओ	29	5,649	198
दूरसंचार	1	3,750	250
योग	**374**	**5,68,273**	**53,711**

निवल स्वीकृतियां वह राशि है जो वित्तीय लेखाबंदी कर चुकी परियोजनाओं के मामले में आबंटित की गई है।

टेक–आउट वित्त

बैंक के एक्सपोजर और आस्ति–देयता के बेमेल बाधाओं कर निवारण करते हुए बुनियादी ढांचागत क्षेत्र में वृद्धिशील ऋण देने की सुविधा के लिए, आईआईएफसीएल ने टेकआउट वित्त योजना आरंभ की। आईआईएफसीएल ने दिसंबर 2011 में संशोधित टेकआउट वित्त योजना को उपयुक्त संशोधनों के लिए लागू किया था। इसके अतिरिक्त, बाजार की जरूरतों को हल करने के लिए समय–समय पर इस योजना में आगे भी संशोधन किए गए हैं। आईआईएफसीएल की टेकआउट वित्त योजना बुनियादी ढांचागत ऋण के लिए एक पारदर्शी गैस–भेदभावपूर्ण और गैस–विवेकाधीन बाह्य परियोजना मूल्यांकन आधारित मूल्यनिर्धारण प्रणाली का अनुपालन करती है।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, टेकआउट वित्त योजना के तहत कुल संचयी सकल स्वीकृतियां 108 परियोजनाओं के लिए कुल 24,393 करोड़ रुपए थीं। आपकी कंपनी द्वारा दी गई संचयी सकल स्वीकृतियों का क्षेत्र–वार वितरण निम्नानुसार है:

टेकआउट वित्त के तहत संचयी सकल स्वीकृतियां (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	सकल स्वीकृतियां
सड़क	52	55,076	7,516
बिजली	43	96,781	11,559
विमानपत्तन	2	15,777	1,911
बन्दरगाह	9	15,711	3,380
शहरी आधारभूत संरचना	2	107	26
योग	**108**	**1,83,453**	**24,393**

इसके अलावा, 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, आपकी कंपनी द्वारा टेकआउट वित्त योजना के तहत 59 परियोजनाओं के लिए दी गई 15,894 करोड़ रुपये की कुल स्वीकृतियों का क्षेत्र–वार वितरण निम्नानुसार है:

टेकआउट वित्त के तहत संचयी निवल स्वीकृतियां (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) # (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	सकल स्वीकृतियां
सड़क	24	31,519	4,333
बिजली	26	50,972	7,805
विमानपत्तन	2	15,777	1,736
बन्दरगाह	5	9,392	1,989
शहरी आधारभूत संरचना	2	107	26
योग	**59**	**1,07,766**	**15,889**

निवल स्वीकृतियां वह राशि है जो वित्तीय लेखाबंदी कर चुकी परियोजनाओं के मामले में आबंटित की गई है।

संवितरण

मार्च 2020 के अंत में, संचयी संवितरण 71,917 करोड़ रुपए रहा, जिसमें पुनर्वित्त के तहत 14,715 करोड़ रुपए और टेकआउट वित्त के तहत 15,413 करोड़ रूपये का संवितरण भी शामिल है।

क्षेत्र–वार संचयी संवितरण (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	संवितरित राशि
प्रत्यक्ष ऋण			
सड़क	204	2,70,161	21,527
बिजली	97	2,26,770	17,515
विमानपत्तन	3	27,701	858
बन्दरगाह	11	13,307	1,051
शहरी आधारभूत संरचना	9	2,200	372
रेलवे	1	600	66
पीएमडीओ	27	4,744	151
दूरसंचार	1	3,750	248
योग (क)	**353**	**5,49,233**	**41,788**

क्षेत्र	परियोजनाओं की संख्या	परियोजना लागत	संवितरित राशि
टेकआउट वित्त			
सड़क	22	30,551	4,115
बिजली	26	50,972	7,800
विमानपत्तन	2	15,777	1,485
बन्दरगाह	5	9,392	1,988
शहरी आधारभूत संरचना	2	107	26
योग (ख)	**57**	**1,06,799**	**15,413**
उप–योग (क ख)			**57,202**
पुनर्वित्त (ग)			**14,715**
कुल योग (क+ख+ग)			**71,917**

जन–निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं को प्राथमिकता

अपने शासनादेश के अनुरूप, आपकी कंपनी जन निजी भागीदारी (पीपीपी) अवसंरचना परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। आपकी कम्पनी पीपीपी परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है जो कि आपकी कम्पनी द्वारा समर्थित पीपीपी परियाजनाओं की संख्या से भी परिलक्षित होता है।

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष ऋण के तहत, 376 पीपीपी एवं पीएसयू परियोजनाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, जो कि कंपनी द्वारा स्वीकृत 458 परियाजेनाओं (पीएमडीओ के तहत चलने वाली परियाजेनाओं को छोड़कर) का 81 प्रतिशत बनता है।

31 मार्च, 2020 को प्रत्यक्ष ऋण (पीएमडीओ को छोड़कर) के तहत सकल स्वीकृत परियोजनाओं की क्षेत्रवार संख्याः

क्षेत्र	पीपीपी	गैर पीपीपी	पीएसयू
सड़क	266	Nil	1
बिजली	64	77	8
विमानपत्तन	3	Nil	Nil
बन्दरगाह	16	3	Nil
शहरी अवसंरचना एवं जलापूर्ति	12	1	3
अन्य	2	1	1
योग	**363**	**82**	**13**

भौगोलिक रूप से विविध उपस्थिति

आपकी कंपनी विभिन्न राज्यों में फैली आधारभूत परियोजनाओं के विकास का समर्थन करती रही है और पूरे देश में अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है। 31 मार्च 2020 तक, प्रत्यक्ष ऋण और टेकआउट वित्त के तहत, आपकी कंपनी ने 27 राज्यों में 432 परियोजनाओं के लिए 69,600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं और 410 परियोजनाओं में 57,202 करोड़ रुपये का संवितरण किया है।

प्रत्यक्ष ऋण और टेकआउट वित्त के तहत राज्य–वार संचयी निवल स्वीकृतियां और संवितरण (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार)

(राशि करोड़ रुपये में)

राज्य	निवल स्वीकृतियां	संवितरण
आन्ध्र प्रदेश	5,979	5,542
अरूणाचल प्रदेश	122	121
असम	480	0
बिहार	1,642	1,507
छत्तीसगढ़	1,179	1,179
दिल्ली	1,374	1,374
गोवा	300	13
गुजरात	9,432	7,506
हरियाणा	1,748	1,221
हिमाचल प्रदेश	989	550
जम्मू एवं कश्मीर	375	314
झारखण्ड	1,557	1,417
कर्नाटक	2,022	1,525
केरल	191	191
मध्य प्रदेश	6,132	5,297
महाराष्ट्र	11,245	9,061

राज्य	निवल स्वीकृतियां	संवितरण
नागालैंड	200	0
ओडिशा	1,253	1,229
पुडुचेरी	179	179
पंजाब	1,711	1,250
राजस्थान	2,230	1,494
सिक्किम	1,293	1,283
तमिलनाडु	3,014	2,125
तेलंगाना	2,100	1,661
उत्तर प्रदेश	9,921	8,402
उत्तराखण्ड	464	461
पश्चिम बंगाल	2,470	2,300
योग	**69,600**	**57,202**

स्वीकृत परियोजनाओं के अन्तर्गत वित्तीय लेखाबंदी की उपलब्धियां

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, प्रत्यक्ष ऋण के तहत 374 निवल स्वीकृत में से 354 परियोजनाएं अर्थात् 95 प्रतिशत ने वित्तीय लेखाबंदी कर ली थी। वित्तीय लेखाबंदी कर चुकी परियोजनाओं का क्षेत्र–वार विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय लेखाबंदी कर चुकी परियोजनाओं का विवरण (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	निवल स्वीकृतियां	संवितरण
सड़क	206	26,806
बिजली	95	19,490
विमानपत्तन	3	1,148
बन्दरगाह	11	1,352
शहरी अवसंरचना	9	419
अन्य	30	543
योग	**354**	**49,758**

वाणिज्यिक संचालन ऋण (सीओडी) की उपलब्धियां

मार्च 2020 के अंत में, आपकी कंपनी ने प्रत्यक्ष ऋण माध्यम (पीएमडीओ को छोड़कर) से 345 परियोजनाओं में वित्तीय सहायता प्रदान की, 206 परियोजनाओं में वाणिज्यिक संचालन ऋण (सीओडी) की हासिल की गई जिनमें 125 सड़क परियोजनाएं और 70 ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। वाणिज्यिक संचालन ऋण (सीओडी) प्राप्त परियोजनाओं का क्षेत्र–वार विवरण निम्नानुसार है:

वाणिज्यिक संचालन ऋण (सीओडी) प्राप्त परियोजनाएं (31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार) (राशि करोड़ रुपये में)

क्षेत्र	निवल स्वीकृतियां	संवितरण
सड़क	125	14,932
बिजली	70	13,367
विमानपत्तन	2	848
बन्दरगाह	5	598
शहरी अवसंरचना	3	210
अन्य	1	250
योग	**206**	**30,206**

पुनर्वित्त

वर्ष 2019–20 के दौरान आपकी कम्पनी ने 5 वित्तीय संस्थानों को 5,690 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी और इन स्वीकृतियों में इस वित्त वर्ष के भीतर 3,434 करोड़ रुपये संवितरित किये गये।

ऋण संवृद्धि

ऋण संवृद्धि योजना के तहत आईआईएफसीएल "एए' अथवा उससे अधिक की रेटिंग वाली अवसंरचना कंपनियों को अपने मौजूदा ऋणों का पुनर्वित्त करने में कम लागत वाले दीर्घावधि बांड जुटाने में ऋण रेटिंग बढ़ाने के लिए अपनी आंशिक ऋण गारंटी प्रदान करता है। आईआईएफसीएल बांड इश्यू की कुल राशि के अधिकतम 50 प्रतिशत के अधीन कुल परियोजना लागत के 20 प्रतिशत (बैकस्टॉप गारंटीकर्ता के साथ कुल परियोजनागत लागत का 40 प्रतिशत) की सीमा तक की ऋण संवृद्धि कर सकता है। ऋण संवृद्धि बीमा व पेंशन निधि जैसे निवेशकों के ऐसे बांडों से दीर्घावधि की निधियों के वितरण को सुलभ बनाता है। आईआईएफसीएल वर्ष 2015–16 में ऋण संवृद्धि योजना का सफलतापूर्वक प्रचालन करने वाला पहला संगठन बना। 31 मार्च, 2020 तक आईआईएफसीएल ने

8,380 करोड़ रुपये के बॉण्ड निर्गम आकार एवं 2,256 करोड़ रुपये की आईआईएफसीएल की प्रारंभिक गारंटी के साथ 15 परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। आईआईएफसीएल ने अभी तक 1,338 करोड़ रुपये के बॉण्ड निर्गम एवं 346 करोड़ रुपये की आईआईएफसीएल की प्रारंभिक गारंटी के साथ तीन लेन–देन संपन्न किये।

विगत वर्ष की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर को कम करने से धनराशि, बांड एवं ऋण बाजारों में कम ब्याज दर पर सुलभ हो रहा है। तदनुसार, कंपनियां ऋण पूंजी बाजार से ऋण जुटाने के लिए अभिमुख हो रही हैं और कई परियोजना विकासक अपने बैंक एक्सपोजरों को कम करने के लिए अपने बैंक ऋणों को बांडों के साथ बदलना चाह रहे हैं। इससे आईआईएफसीएल को ऐसी परियोजनाओं के लिए ऋण संवृद्धि के अवसर खुलने की उम्मीद है। यह न केवल ऐसी कंपनियों को बॉन्ड बाज़ारों की ओर आकर्षित करने में सक्षम करेगा अपितु नई परियोजनाओं में निवेश के लिए बैंकों की पूंजी प्रदान करने के द्वार भी खोलेगा।

कोविड–19 का प्रभाव

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 11 मार्च, 2020 को नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) की महामारी घोषित की। इस महामारी के प्रकोप का मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव के अतिरिक्त इसने पूरी विश्व की सामाजिक, आर्थिक और वित्तीय ढांचे को बुरी तरह प्रभावित किया है। केन्द्र सरकार ने भारत में कोविड–19 को फैलने से रोकने के निवारक उपाय के तौर पर देश में पूरी आबादी की आवाजाही पर रोक लगाते हुए 25 मार्च, 2020 से 31 मई, 2020 तक राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन की घोषणा की।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भी प्रणाली में नकदी बढ़ाते हुए, ब्याज दर कम करते हुए, उधारकर्ताओं को ऋण के पुनर्भुगतान पर मोहलत देकर, अतिदेय खातों में आस्ति वर्गीकरण में लाभ में रहने जहां मोहलत (ऋण स्थगन) प्रदान की गई है एवं अन्य बातों के साथ–साथ चलनिधि कवरेज अपेक्षा में रियायत सहित वित्तीय व्यवस्था को दबाव से मुक्त करने के लिए अनेक उपायों की घोषणा की। कोविड–19 विनियामक पैकेज दिनांक 27 मार्च, 2020 एवं 17 अप्रैल, 2020 से संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं एनबीएफसी को उन सभी सावधि ऋणों की किश्तों के भुगतान पर 3 माह की मोहलत देने की अनुमति दी जो 29 फरवरी, 2020 को मानक आस्ति थे। इसका मुख्य उद्देश्य उधारकर्ताओं की राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण उत्पन्न कठिनाई को कम करने में सहायता करना था। प्रारंभ में मोहलत की अवधि 1 मार्च, 2020 एवं 31 मई, 2020 के बीच पड़ने वाले भुगतान के लिए थी। दिनांक 22 मई, 2020 को भारतीय रिजर्व बैंक ने मोहलत की यह अवधि तीन माह तक यानि 31 अगस्त, 2020 तक बढ़ाने की अनुमति प्रदान की। मोहलत की इस अवधि के दौरान ऋण के बकाये हिस्से पर ब्याज लगना जारी रहेगा। उन खातों में जहां मोहलत प्रदान की गई है, मोहलत की अवधि के दौरान खातों की अवधि अधिस्थगन अवधि के दौरान खातों की अवधि बढ़ जाएगी। ऋणदाताओं को अपने ग्राहकों को मोहलत की पेशकश करने से पूर्व मंडल अनुमोदित नीति पटल पर रखनी आवश्यक थी। ऋणदाताओं ने मोहलत की पेशकश में या तो 'विकल्प चुनें' या 'विकल्प न चुनें' में अलग–अलग विधियां अपनाई।

आईएसडब्ल्यू पारादीप टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड

बंसल पाथवेज हबीबगंज प्राइवेट लिमिटेड

कोविड–19 के प्रकोप के विरुद्ध लड़ाई में राष्ट्र की सहायता प्रदान करने के अपने प्रयास में आईआईएफसीएल ने पीएम केयर्स फंड में 25 करोड़ का योगदान दिया।

आईआईएफसीएल की ऋण गुणवत्ता एवं प्रावधान सहित उसके परिणामों पर कोविड–19 का प्रभाव अनिश्चित है एवं कोविड–19 के फैलने आगे सरकार एवं केन्द्रीय बैंक द्वारा आर्थिक प्रभाव करम करने के लिए उठाये गये कदमों, आईआईएफसीएल द्वारा उठाये गये कदमों एवं उस समय पर निर्भर है जो इस अनिश्चिता के माहौल में आर्थिक गतिविधियों को पुनः शुरू करने के लिए उठाये जाते हैं।

इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी की पहल

इस कंपनी ने 15 फरवरी 2007 को आईडीएफसी और सिटीग्रुप के साथ समझौता ज्ञापन किया था ताकि भारत समर्पित अवसंरचना फंड स्थापित किया जा सके, जिसमें आईआईएफसीएल ने 26 मिलियन अमेरिकी डॉलर (अधिकतम 100 करोड़ रुपए के अधीन) का योगदान करने के लिए सहमति व्यक्त की थी, जबकि आईडीएफसी और सिटीग्रुप, प्रत्येक ने, प्रवर्तक प्रायोजक के रूप में 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान करने की वचनबद्धता जाहिर की थी।

31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार, आईआईएफ को 100 करोड़ रुपये की कुल पूंजी प्रतिबद्धता में से, आईएफसीएल ने 31 मार्च 2020 तक 92.47 करोड़ रुपये का अंशदान दिया। आईआईएफ ने 75.73 करोड़ रुपये की राशि की पूंजी का मोचन किया। 31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार, आईआईएफ में आईआईएफसीएल के निवेश की बकाया धनराशि 16.74 करोड़ रुपए थी।

संसाधन संग्रहण

घरेलू संसाधन

कंपनी ने अब तक घरेलू कर योग्य बांड, कर मुक्त बांड, कर बचत अवसंरचना बांड एलईसी और एनएसएसएफ से दीर्घावधि ऋण के लिखतों के माध्यम से घरेलू बाजार से 32,573 करोड़ रुपये (बैंक जमा पर ओवरड्रफ्ट को छोड़कर) जुटाए हैं, (जिसमें से बांड के जरिए जुटाए गए 18,543.88 करोड़ रुपये 31 मार्च 2020 को बकाया है)।

बाह्य संसाधन

आईआईएफसीएल ने एशियाई विकास बैंक, विश्व बैंक, के एफ डब्ल्यू और यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी) जैसे बहुपक्षीय संस्थानों के साथ मजबूत संबंध स्थापित किए हैं और आईआईएफसीएल को क्रमशः 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर, 195 मिलियन अमेरिकी डॉलर, 50 मिलियन यूरो, 200 मिलियन यूरो एवं 50 बिलियन जेपीवाई (जापानी येन) तक के ऋण व्यवस्था का वचन दिया गया है।

31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार आईआईएफसीएल ने एडीबी से 1.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर में से 1.715 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त कर लिये हैं।

आईआईएफसीएल ने विश्व बैंक के 195 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण व्यवस्था में से 195 अमरीकी डॉलर पूर्णतया प्राप्त कर लिए हैं।

केएफडब्ल्यू द्वारा अनुमोदित दो पनबिजली परियोजनाओं और चार सौर ऊर्जा परियोजनाओं को संवितरण करके, आपकी कम्पनी द्वारा केएफडब्ल्यू के 50 मिलियन यूरो की ऋण व्यस्था का पूरी तरह से लाभ उठाया गया है।

31 मार्च, 2014 को, आईआईएफसीएल द्वारा ईआईबी के साथ 200 मिलियन यूरो का एक वित्तीय करार भी किया गया है, जिसमें से मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार 200 मिलियन यूरो निकाल कर इसका भी पूर्ण उपयोग कर लिया गया है।

उपर्युक्त के अतिरिक्त, जापान इंटरनेशनल कार्पोरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के साथ 50 बिलियन जापानी येन की ऋण व्यवस्था पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें से 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार 15 बिलियन जापानी येन प्राप्त किये जा चुके हैं।

बहुपक्षीय संस्थानों के साथ इन रिश्तों ने आईआईएफसीएल के दीर्घकालिक संसाधनों को जुटाने में व्यापक सहायता की है।

स्प्रिंग अल्ट इनर्जी प्राइवेट लिमिटेड

पारादीप इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड

सूचना–प्रौद्योगिकी पहलें

आईआईएफसीएल अपने विभिन्न पणधारकों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में विश्वास करता है। विभिन्न कारोबारी प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता किसी भी कारोबारी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होती है, तदनुसार आईआईएफसीएल की सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना को क्षमताएं निर्मित करने और इसके पणधारकों की अपेक्षा की पूर्ति करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। पणधारकों को मूल्यवान परिणाम देने के लिए आईआईएफसीएल द्वारा की गई प्रौद्योगिकी सक्षम पहलों में शामिल हैं:

- अपने विभिन्न कारोबारी कार्यकलाप की आवश्यकता की पूर्ति के लिए एसएपी–ईआरपी का कार्यान्वयन और विभिन्न कारोबारी प्रक्रियाओं में एंड–टू–एंड स्वचालन भी लाना।
- आईआईएफसीएल ने निदेशक मंडल की बैठक और बोर्ड स्तर की अन्य बैठकों को पेपरलेस आयोजित करने के लिए आईटी अनुप्रयोग की शुरूआत की है।
- आईआईएफसीएल ने अत्याधुनिक 4–स्तरीय डेटा केन्द्र और आपदा बहाली केन्द्र की शुरूआत की है।
- आईआईएफसीएल में सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं की आउटसोर्सिंग के लिए अनुमोदित नीति ढांचा स्थापित किया है।
- आईआईएफसीएल ने सूचना और साइबर सुरक्षा के लिए अनुमोदित नीति ढांचा स्थापित किया है।
- आईआईएफसीएल ने अनुमोदित सूचना (आईएस) लेखापरीक्षा ढांचा स्थापित किया है।

डिजीटल रुपांतरण

एनबीएफसी में पारम्परिक कारोबार प्रक्रियाएं तेजी से बदल रही हैं। तदनुसार, आईआईएफसीएल निरंतर डिजीटलाइजेशन की विभिन्न नई–नई पहलों का उपयोग करके विभिन्न कारोबार प्रक्रियाओं का स्वचालन कर रही है। आईआईएफसीएल ने बड़ी संख्या में नई आईटी पहला शुरू किये है जिनमें से निम्नलिखित अब लाइव/चालू हैं :

- आईआईएफसीएल अपनी ब्राण्ड इमेज के संवर्धन के लिए नई वेबसाइट का शुभारंभ किया है जिसमें ग्राहकों तक पहुँच में वृद्धि होगी।
- आईआईएफसीएल ने पेपरलेस ऑफिस का लक्ष्य हासिल करने के लिए नई पीढ़ी की दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) लागू की है जिसमें विभिन्न कारोबारी प्रक्रियाएं स्वचालित होती हैं।

विवेकसम्मत मानदंड अपनाना

भारतीय रिजर्व बैंक ने, कंपनी को गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी–गैर जमा–इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी–एनडी–आरइएफसी) के कारोबार को जारी रखने की अनुमति देते हुए दिनांक 9 सितंबर, 2013 को आईआईएफसीएल को पंजीकरण प्रमाणपत्र (सीओआर) सं एन–14.03288 जारी किया है।

कंपनी ने दिनांक 21 नवंबर 2014 के अपने पत्र के माध्यम से एनबीएफसी–आरइएफसी के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के समय सीमा से सम्बन्धित नियमों के विभिन्न घटकों का अनुपालन करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक को कार्ययोजना प्रस्तुत की है। तदनुसार, वर्ष 2019–20 के दौरान, आईआईएफसीएल ने कंपनी पर लागू होने वाले भारतीय रिजर्व बैंक विनियमों का अनुपालन किया है।

भारतीय लेखांकन मानकों (आईएनडी एएस) के अनुसार वित्तीय विवरण की तैयारी

कार्पोट कार्य मंत्रालय की दिनांक 18 जनवरी 2016 की अधिसूचना के अनुसार, आईआईएफसीएल द्वारा दिनांक 1 अप्रैल 2018 से आगे की प्रतिवेदन अवधि (अवधियों) के लिए भारतीय लेखांकन मानकों (आईएनडी एएस) के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करना आवश्यक है। तदनुसार, आईआईएफसीएल ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरण भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार तैयार किये हैं।

पुनर्रचित ऋण, एनपीएएस और वसूली

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, सकल एनएपीए 6623 करोड़ रुपये और निवल एनपीए 3279 करोड़ रुपए रहा। इसके अतिरिक्त, 1222.97 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डाल दिया गया साथ ही 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार 623 करोड़ रुपए के बकाया मूलधन वाले चार (4) खाते परिसम्पत्ति पुनर्रचना कम्पनियों को बेचे जा चुके हैं।

वित वर्ष 2019–20 के दौरान, 457 करोड़ रुपए की वसूली की गई है, जिसमें, अन्य बातों के साथ–साथ बट्टे खाते डाले गए/एआरसी खातों से वसूली की गई 163 करोड़ रुपए भी शामिल हैं। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार सकल एनपीए 19.70 प्रतिशत और निवल एनपीए 9.75 प्रतिशत के स्तर पर था। प्रावधान कवरेज अनुपात लगभग 50 प्रतिशत रहा।

पारादीप इंटरनेशनल कार्गो टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड

आंध्र प्रदेश के बाहर स्थित आरोही सोलर प्लांट (50 मेगावाट)

शीघ्रातिशीघ्र समाधान/वसूली के लिए अग्रणी/सहायता संघ के परामर्श से अपेक्षित उपाय किए जा रहे है। आईआईएफसीएल अनेक मामलों में रियायत प्राधिकरणों, अन्य पणधारकों के साथ संपर्क करके पहल कर रही है ताकि अंतिम भुगतान, पूर्ण–कार्य आधार पर समाधान, रिकवरी कार्रवाई आरंभ करने आदि जैसे समाधान ढूंढे जा सकें। उच्च मूल्य वाली राशियों पर गहन निगरानी रखी जाती है और सकेंद्रित ध्यान दिया जाता है। जिन मामलों में मध्यस्थता कार्रवाई चल रही है उन पर निकट निगरानी की जा रही है। आईआईएफसीएल सीआईआरपी/एनसीएलटी के अतर्गत मामलों पर सक्रिय रूप से ध्यान दे रही है ताकि समयोचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

जोखिम प्रबंधन

आपकी कंपनी क्रेडिट जोखिम, ब्याज दर जोखिम, चलनिधि जोखिम, बाजार जोखिम तथा सचालन–जोखिम आदि जैसे विभिन्न जोखिमों से निरावृत है। आपकी कंपनी ने नियामक आवश्यकताओं और उद्योग के सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ अधिक प्रभावी और सुसंगत तरीके से जोखिम के प्रबंधन के लिए एक व्यापक जोखिम नीति ढांचे को लागू किया है। इसके अतिरिक्त कंपनी में नवीनतम अनुप्रयोज्य नीति व सुसंगत विनियम बनाने के क्रम में आपकी कंपनी ने मौजूदा जोखिम प्रबंधन नीति में अंतरों की समीक्षा करने एवं एकीकृत तरीके में उनका अद्यतन करने के लिए एक बाहरी परामर्शदात्री कंपनी को नियुक्त किया है। एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसी) के अनुमोदन की प्रक्रियाधीन है। बोर्ड नियमित अंतराल पर आरएमसी एवं आल्को समिति के माध्यम से जोखिम प्रबंधन कार्यनीति की समीक्षा करता है एवं अनुमोदित जोखिम प्रवृत्ति ढांचे के भीतर कंपनी के प्रदर्शन पर नजर रखता है।

आपकी कंपनी औद्योगिक जोखिम, कारोबारी जोखिम, वित्तीय जोखिम, निर्माण एवं परियोजना विशेष जोखिम, पर्यावरण संबंधी जोखिम जैसे विभिन्न जोखिम मानकों को ध्यान में रखते हुए ऋण जोखिम मूल्यांकन और बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की आन्तरिक रेटिंग

के लिए क्रेडिट जोखिम आकलन मॉडल सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रही है। परियोजनाओं की आंतरिक जोखिम मूल्यांकन रेटिंग प्रबंधन के वरिष्ठ सदस्यों की समिति द्वारा अनुमोदित है। इसके अतिरिक्त कपंनी कंपनी ने अवसंरचना क्षेत्र में मामला दर मामला आधार पर संभावित उधारकर्ताओं पर अतिरिक्त विशेषा ऋण रेटिंग अभिमत रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए बाहरी रेटिंग एजेंसी नियुक्त की है। आपकी कम्पनी, अवसंरचना क्षेत्र की समन्वित सूची के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न अवसंरचना क्षेत्रों के लिए ऋण जोखिम से सम्बन्धित नए मॉडल खरीदने की प्रक्रिया में है। यह क्रियान्वयन के चरण में है।

आपकी कंपनी ने आंतरिक रूप से परियोजनाओं के लिए एक जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण नीति तैयार की है, जिसमें यह मुख्य ऋणदाता की भूमिका निभाएगी। बोर्ड की प्रबंधन एवं निवेश समिति (एमआईसी) अन्य बातों कें साथ–साथ ऋण प्रस्ताव पर विचार करते समय आंतरिक जोखिम रेटिंग अभिमत पर विचार–विमर्श भी करती है।

ऋण जोखिम का मूल्यांकन परिसंपत्ति पोर्टफोलियों विश्लेषण, पोर्टफोलियों कीमत लागत अंतर विश्लेषण, आरएएफ विवरणों का पालन, एक पक्षकार एवं सामूहिक एक्सपोजर के लिए विवेकसम्मत विनियामक मापदंड एवं विभिन्न संवेदी सूचकों एवं परिदृश्यों के अंतर्गत दबावग्रस्त परीक्षण के माध्यम से तिमाही आधार पर किया जाता है। पोर्टफोलियो जोखिम आकलन रिपोर्ट बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति (बीएल–आरएमसी) के समक्ष तिमाही आधार पर प्रस्तुत की जाती है।

ऐसे समय पर जब दबावग्रस्त आस्तियों की बड़ी राशि के कारण वाणिज्यिक बैंक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, आपकी कम्पनी ने देश में अवसंरचना के विकास हेतु निधियों के प्रवाह को बढ़ाने के लिए, बैंकों/वित्तीय संस्थानों को पुनर्वित्त उपलब्ध करवाने के लिए बाज़ार निर्धारित बाह्य मानकों से सम्बन्धित एक अलग मानक दर आरम्भ की है ताकि ऐसे संस्थान अवसंरचना क्षेत्र में खुलकर आगे ऋण दे सकें। इस पहल ने बैंकों/वित्तीय संस्थानों को कम लागत पर निधियां उपलब्ध कराते हुए आपकी कंपनी की पुनर्वित्त योजना में नया आयाम जोड़ दिया है। इस संबंध में आपकी कंपनी ने संभावित एनबीएफसी उधारकर्ताओं के लिए पुनर्वित्त उत्पाद क आंतरिक रूप से रेटिंग मॉडल तैयार किया है एवं विशेषज्ञों ने इसे मान्यता दी व बाल्को के अनुमोदन प्राप्त के उपरांत इसे आरंभ किया गया।

आपकी कंपनी ने बोर्ड स्तरीय आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) का गठन किया है, जो चलनिधि और ब्याज दर से संबंधित जोखिमों की निगरानी करती है। आस्ति देयता प्रबंधन ढांचे में आस्ति की प्राप्तियों और ऋणशोधन दायित्वों के अल्पकालिक व दीर्घकालिक चलनिधि प्रोफाइल का आवधिक विश्लेषण शामिल है। भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार चलनिधि अंतर विश्लेषण, चलनिधि कवरेज अनुपात की मदद से निगरानी की जा रही हैं। ब्याज दर जोखिम की आय एवं आर्थिक मूल्य के दृष्टिकोण से समीक्षा की जाती है। इसे पारंपरिक अंतर विश्लेषण (टीजीए) व अंतराल अंतर विश्लेषण (टीजीए) दोनों द्वारा प्रबंधित किया जाता है।

बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन प्रबंधन समिति ने बोर्ड द्वारा 9 सितंबर, 2020 को आयोजित बैठक में प्रदान किये गये अनुमोदन के अनुसार बोर्ड स्तरीय आल्को की भूमिका एवं उत्तरदायित्व निर्धारित किये। कार्यपालक स्तर की आल्को समिति द्वारा लिये गये निर्णय की सूचना इसके उपरांत सूचनार्थ एवं कार्यनीतिक दिशानिर्देशन के लिए बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति को दी जाएगी।

आपकी कम्पनी ने सामान्य और कम्पनी की विशिष्ट गतिविधियों के जोखिमों को कम करने की आवश्यकता को पहचानते हुए, परिचालन जोखिम प्रबंधन ढांचा तैयार किया है। प्रचालन जोखिम संगठन के ऐसे सभी क्रियाकलापों को प्रभावित करते हैं जो लोगों, प्रक्रिया, प्रणाली एवं बाहरी कारकों से संबंधित जोखिम होते हैं। प्रचालन जोखिम ढांचे में जोखिम नियंत्रण एंव स्व–आकलन (आरसीएसए), प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआई) एवं क्षतिग्रस्त डेटा घटक शामिल होते हैं। संबंधित कार्यशील विभाग प्रचालन जोखिमों का आकलन करते हैं एवं इन जोखिमों को कम करने के लिए समुचित नियंत्रण उपाय विद्यमान हैं। कारोबारी निरंतरता योजना एवं साइबर सुरक्षा जो प्रचालन जोखिम शमन उपायों का हिस्सा हैं, कारेबार में व्यवधान आने पर प्रभावित होने वाले कारोबार की गतिशीलता बनाये रखने के उद्देश्य से किये गये हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन के अनुसार, आपकी कंपनी को 15 प्रतिशत के पूंजी–जोखिम–समायोजन अनुपात (सीआरएआर) को बनाए रखना होगा। एनबीएफसी–आईएफसी को भारतीय रिजर्व बैंक से विशेष अनुदान के मामले के रूप में, आरइआरइएफसीएल को सीआरएआर 12 प्रतिशत बनाए रखना होगा। इसके बाद, आरबीआई द्वारा अपेक्षित किया गया है कि सरकारी स्वमित्व वाली एनबीएफसी धीरे–धीरे 31 मार्च 2021 तक 13 प्रतिशत और 31 मार्च 2022 तक 15 प्रतिशत सीआरएआर प्राप्त करें। हालांकि, 31 मार्च 2020 को आईआईएफसीएल ने सीआरएआर को 30.85 प्रतिशत के स्तर पर बनाए रखा है।

पर्यावरण और सामाजिक सुरक्षा उपाय

दीर्घकालिक संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से आईआईएफसीएल ने बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों के साथ समझौते किए हैं। विभिन्न अवसंरचनात्मक परियोजनाओं में साख पैदा करने के लिए, आईआईएफसीएल को डीएफआई की सुरक्षोपायों नीतियों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। सुरक्षोपायों को सुनिचित करने और उनकी निगरानी करने के लिए आईआईएफसीएल द्वारा महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में एक आंतरिक पर्यावरण एवं सामाजिक सुरक्षोपाय (ईएसएमयू) यूनिट की स्थापना की गई है, जिसनें ईएसएमय के प्रमुख सहित पर्यावरणीय और सामाजिक सुरक्षोपायो के योग्य व अनुभवी विशेषज्ञ शामिल हैं।

आईआईएफसीएल ने पर्यावरण और सामाजिक नीति अपनायी है और पर्यावरण एवं सामाजिक सुरक्षा ढांचे (ईएसएसएफ) को विकसित किया है। ईएसएसएफ के अनुसार भारत सरकार के विनियमन/दिशा–निर्देश आईआईएफसीएल द्वारा वित्त–पोषित सभी परियोजनाओं पर लागू होते हैं और जहां भी डी एफ आई की वित्तपोषण सहायता शामिल होती है वहां डी एफ आई के सुरक्षोपाय लागू होते हैं।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान ईएसएमयू दल को, आहरण अवधि के दौरान ऋण व्यवस्था की विभिन्न अपेक्षाओं से सम्बन्धित पर्यावरणीय एवं सामाजिक सुरक्षोपाय अनुपालन का कार्य सौंपा गया था जिससे आईआईएफसीएल को दीर्घकालिक वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने में मदद मिली। इस अवधि के दौरान एडीबी के ऋण व्यवस्था के तहत कुल 10 परियोजनाओं एवं जैपनीज इंटरनेशनल

को–ऑपरशन एजेंसी (जेआईसीए) की ऋण व्यवस्था के तहत दो परियोजनाओं को मंजूरी मिली। इस अवधि के दौरान ईएसएमयू दल को से 12 स्वीकृत परियोजनाओं के लिए बहुद्देशीय संसाधनों यानि जेआईसीए के तहत लगभग 493.64 रुपये एवं एडीबी से 349.63 करोड़ की के ऋण व्यवस्था की सुविधा प्राप्त हुई।

मानव संसाधन प्रबंधन

किसी भी संगठन के विकास में मानव संसाधन महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आईआईएफसीएल 81 कर्मचारियों की क्षमता के साथ एक चुस्त–दुरस्त संगठन है। कंपनी के मानव संसाधन को विकसित करने के लिए साल भर विभिन्न पहल की गई थी, जिसमें विभिन्न प्रसिद्ध भारतीय और विदेशी संस्थाओं में ऋण मूल्यांकन, जोखिम प्रबंधन, संसाधन और कोषागार प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, कानूनी पहलू और आईटी आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल था। कार्यबल को प्रेरित करने और उसे व्यस्त रखने के लिए, स्टाफ कल्याण पहल सहित अनेक पहलें की गईं। एचआर गतिविधियों को स्वचालित करने के लिए, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) को लागू किया गया है और यह प्रणाली पूरी तरह काम कर रही है। वर्ष भर के दौरान कर्मचारियों के बीच का संबंध शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बने रहे हैं। कंपनी में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ विद्यमान है। इस प्रकोष्ठ की समय–समय पर बैठक आयोजित की जाती है। वर्ष के दौरान कंपनी को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। आरक्षित श्रेणियों के उम्मीदवारों के संबंध में आरक्षण/छूट/रियायत पर सभी सरकारी नीतियों का अनुपालन किया जा रहा है।

कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल

आईआईएफसीएल सामाजिक रूप से उत्तरदायी संगठन है और स्वच्छ भारत, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय विरासतों का संरक्षण, खेलों को बढ़ावा देने और ग्रीन एनर्जी जैसे मुख्य क्षेत्रों में इसकी अपनी एक कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) नीति है। आईआईएफसीएल की सीएसआर पहल के अन्तर्गत कार्यान्वित की जानेवाली परियोजनाएं देश के 24 राज्यों में लागू हैं और इसमें सामाजिक हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले विभिन्न क्षेत्र/लाभार्थी शामिल हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 198 के प्रावधानों के अनुसार शून्य सीएसआर बजट होने के बावजूद, आईआईएफसीएल ने अपनी सीएसआर पहल तहत कोविड–19 वैश्विक महामारी के विरुद्ध भारत की लड़ाई को मजबूती देने की दिशा में अपने समर्थन के तौर पर आपातकालीन परिस्थितियों में प्रधानमंत्री नागरिक सहायता एवं राहत (पीएम केयर्स) कोष में 25 करोड़ रुपये (पच्चीस करोड़ रुपये मात्र) का योगदान दिया।

आईआईएफएसीएल, सार्वजनिक क्षेत्र के उन कुछेक उपक्रमों में से एक है, जिन्होंने अपने आबंटित सीएसआर बजट का पिछले छः वर्षों से निरन्तर पूर्णतः उपयोग किया है।

आंतरिक नियंत्रण

आपकी कंपनी में सांविधिक कानूनों, विनियमों एवं कंपनी की नीतियों का प्रचालन व अनुपालन सुचारूरूप रूप से सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने आकार और संरचना के अनुरूप प्रणाली पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण विद्यमान है। आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग द्वारा प्रमुख क्षेत्रों की नियमित आधार पर लेखापरीक्षा की जाती है एवं नीतियों एवं प्रक्रियाओं के अंतर की उन्नयन के चिन्हित किये जाते हैं।

लेखापरीक्षा के परिणाम नियमित अंतराल पर बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के समक्ष उनकी समीक्षा एवं सुधारात्मक उपायों पर संस्तुति/सुझावों के लिए रखे जाते हैं। नियमित रूप से वास्तविक समय आधार यानि लेनदेन करने के 5 (पांच) दिन की अवधि के भीतर सभी वित्तीय लेनदेन की सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध जांच/लेखापरीक्षा के लिए आपकी कंपनी ने समवर्ती लेखापरीक्षा प्रक्रिया अपनाई है एवं वित्त वर्ष 2019–20 एवं 2020–2021 के लिए आईआईएफसीएल की समवर्ती लेखापरीक्षकों के तौर पर सनदी लेखाकार फर्म की नियुक्ति की है।

पणधारकों को आश्वस्त करने के उद्देश्य से कि आपकी कंपनी ने अपने क्रियाकलापों, उत्पादों एवं सेवाओं के प्रासंगिक पहलुओं के प्रबंधन में, संगठन की नीति के अनुरूप एवं आरबीआई मास्टर निदेश सं. डीएनबीएस.पीपीडी.सं.04/66.15.001/2016–17 दिनांक 8 जून, 2017 की अपेक्षानुसार आईएस लागू किया है, आपकी कंपनी ने आईएस लेखापरीक्षक की नियुक्ति की है।

लेखापरीक्षा क्रियाकलापों को मजबूती प्रदान करने एवं कारगर बनाने एवं विनयामक दिशानिर्देशों एवं प्रचालनों बदलाव लाने के उद्देश्य से आपकी कंपनी का आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा (आरबीआईए) दृष्टिकोण अपनाने की प्रक्रिया में है। कंपनी के आंतरिक लेखापरीक्षा नियमावली का अद्यतन करने के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति कर ली गई है।

इन मजबूत आंतरिक नियंत्रण प्रक्रियाओं से चूक की संभावना में कमी आएगी एवं अंततः सभी पणधारकों का विश्वास हासिल करने में भी सहायता मिलेगी।

कंपनी की रेटिंग

वर्ष के दौरान, कंपनी को दिया गया रेटिंग मानक स्टैण्डर्ड एण्ड पुअर्स द्वारा बीबीबी/स्टेबल/ए –3 के रूप में पुष्टि की गई थी,जो संप्रभु रेटिंग के बराबर हैं। आईआईएफसीएल के विभिन्न घरेलू दीर्घकालिक उधार (बांड) को विभिन्न रेटिंग एजेंसियों द्वारा 'एएए/एएए (एसओ)'का दर्जा दिया गया है। चालू वर्ष 2019–20 में रेटिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

आईएसओ 9001:2005 प्रमाणन

आपकी कंपनी ने, स्थापित, प्रलेखित क्वालिटी पॉलिसी और गुणवत्ता नियमों को लागू करते हुए और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) का रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए एक साधन के रूप में आईआईएफसीएल की सेवाएं निर्दिष्ट आवश्यकताओं की पुष्टि और अपनी गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को सफलतापूर्वक उन्नत और कार्यान्वित करते हुए आईएसओ मानक 9001:2015 धारक बनी रही है।

वर्ष 2019–20 के दौरान आईएसओ प्रमाणन की अपेक्षा के अनुसार, आवधिक आंतरिक और बाह्य लेखापरीक्षा आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके उपरान्त उनकी समुचितता, पर्याप्तता और प्रभावकारिता तथा सुधार की गुंजाईश का पता लगाने के लिए के प्रबन्धन द्वारा पुनरीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाता है। आईआईएफसीएल प्रबंधन द्वारा गुणत्ता आश्वासन पर काफी बल दिया जाता है और आवधिक पुनरीक्षा बैठकों में इसके सम्बन्ध में चर्चा की जाती है। आईआईएफसीएल द्वारा आईएसओ प्रमाणन के नवीनीकरण ने के लिए जनवरी, 2020 में अपेक्षित पुनर्प्रमाणन लेखापरीक्षा का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

व्यापार विकास

कम्पनी नियमित आधार पर विभिन्न हितधारकों अर्थात वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, विकासकर्ता समूहों, रेटिंग एजेंसियों, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय एजेंसियों, सरकारी अधिकारियों आदि से प्रमुख मुद्दों और समस्त अवसंरचना क्षेत्र में क्षेत्रगत विषयों पर चर्चा करती है जिसका उद्देष्य अवसंरचना क्षेत्र में आईआईएफसीएल की भागीदारी ओर समर्थन में वृद्धि करना है।

सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम एवं सहयोगी कंपनियां

31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार कंपनी की आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड, आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) एवं आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमैंट कंपनी लिमिटेड (आईएएमसीएल) नामक तीन सहायक कंपनियां हैं।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निदेशक मंडल ने सहायक कंपनियों के कार्यों की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त सहायक कंपनियों के कार्य–निष्पादन एवं वित्तीय स्थिति की रिपोर्ट तथा निर्धारित प्रपत्र एओसी1 में वित्तीय विवरण की मुख्य विशेषताएं पहले ही वित्तीय विवरणों के साथ संलग्न कर दी गई हैं। इस वर्ष के दौरान कोई सहायक कंपनी/संयुक्त उद्यम/सहयोगी कंपनी गठित अथवा बंद नहीं की गई।

आईआईएफसीएल की तीन सहायक कंपनियों का विवरण इस प्रकार है:

आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड

अप्रैल, 2008 में आईआईएफसीएल ने लंदन में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी स्थापित की थी, जो कि भारतीय कंपनियों को विदेशी मुद्रा में उधार देने के उद्देश्य से पूंजी उपकरणों के आयात के लिए विशेष रूप से देश में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लागू करती है। भारतीय रिजर्व बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक) ने इसके लिए विदेशी मुद्रा भंडार से 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण व्यवस्था प्रदान की है।

आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड लिमिटेड ने 31 मार्च, 2020 तक 3.99 बिलियन अमरीकी डॉलर का संचयी ऋण स्वीकृति (निरसनों का निवल) एवं 2.06 बिलियन अमेरिकी डॉलर का संचयी संवितरण किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 5 बिलियन अमरीकी डॉलर क अपनी ऋण व्यवस्था की वैधता मार्च, 2023 तक आगे तीन वर्ष तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण व्यवस्था के अलावा आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड भारत में अवसरंचना विकास के लिए आगे पूरक वित्तीय संसाधन प्रदान करने की दृष्टि से निरंतर निधि के नये स्रोतों की संभानायें तलाश रहा है।

आईआईएफसीएल ने वर्ष 2019–20 के दौरान आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में 25 मिलियन अमरीकी डॉलर की इक्विटी पूंजी लगाई है। आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड ने अत्यधिक प्रावधानीकरण के फलस्वरूप अपनी पूंजी घटा दी है एवं चालू कंपनी होने के कारण आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड समय के साथ सकारात्मक निवल मूल्य के प्रति आश्वस्त है।

आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड

विश्वसनीय अवसंरचना परियोजनाओं को चिह्नित करने और इनकी संकल्पना करने तथा निजी पूंजी को आकर्षित करने के महत्व को महसूस करते हुए, आईआईएफसीएल ने फरवरी 2012 में, एक पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कम्पनी आईआईएफसीएल प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (आईपीएल) की स्थापना की, जिसका उद्देश्य परियोजना संरचना, मूल्यांकन और समूहन सेवा सहित परियोजना सलाहकर सेवाएं मुहैया कराने के लिए अपनी क्षेत्रगत विशेषज्ञता का लाभ उठाना था।

एक प्रतिबद्ध वित्तीय और अवसंरचना सलाहकार कम्पनी के रूप में काम करते हुए, आईपीएल केंद्र/राज्य/स्थानीय सरकारों और इनके निकायों, परियोजना विकासकर्ताओं और निवेशकों को अवसंरचना, अवरोधों, नीति और वित्त संबंधी मुद्दों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं पर सलाहकार समर्थन प्रदान करती है।

इस वित्तीय वर्ष में, आईपीएल ने अपने ज्ञान नेतृत्व की पुनः पुष्टि करते हुए 'ग्रीन फाइनेंस' में कार्यादेष प्राप्त किए जिसमें आईपीएल ने व्यापार के अपेक्षाकृत नए क्षेत्रों जैसे शहरी विकास, ठोस कचरा प्रबंधन, जलवायु धारणीयता और अवसंरचना में तन्यकता आदि में कार्यादेश क्रियान्वित किए। हमारी चुनिंदा विशिष्ट सुपुर्द कार्य दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर डेवलपमेंट कॉरपोरशन (डीएमआईडीसी) जैसे ग्राहकों के साथ थे जिनमें हमने राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरीडोर विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के लिए एक वित्तीय संरचनागत रूपरेखा तैयार करने में ग्राहकों की सहायता की। हमारे लिए एक अन्य उपलब्धि, केरल राज्य में केरल अवसंरचना निवेश निधि बोर्ड (केआईआईएफबी) के अंतर्गत अवसंरचना परियोजनाओं में निवेश के लिए अवसंरचना वित्तपोषण निकायों – एआईएफ की स्थापना थी। इसके अतिरिक्त, आईपीएल ने मेघालय में विकास षहरी अवसंरचना और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं के विकास के

लिए परियोजना विकास सहायतय (पीडीए) मुहैया कराने के लिए मेघालय अवसंरचना विकास वित्त निगम, मेघालय (एमआईडीएफसी) के साथ एक कार्यादेश हस्ताक्षरित किया। अगले वित्तीय वर्ष के लिए भी एक बड़ी डील होने जा रही है।

आईपीएल ने यूएन ईएससीएपी और एडीबी के साथ 'शहरी अवसंरचना: जन निजी भागीदारी और निगम वित्त नवप्रयोगों पर नया दृष्टिकोण' विषय पर दो दिवसीय दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित करने के लिए नीति आयोग के साथ 'ज्ञान और समर्थन भागीदार' के रूप में सहभागिता की।

आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएएमसीएल)

आईआईएफसीएल, जो कि आईआईएफसीएल की पूर्ण स्वामित्वाधीन सहायक कम्पनी है, आईआईएफसीएल की एक आस्ति प्रबन्धन कम्पनी है। आईआईएफसीएल म्युचुअल फंड ने अपनी पहली आईडीएफ योजना "आईआईएफसीएल म्युचुअल फंड इंफ्रास्ट्रक्चर ऋण फंड सीरीज I के नाम से 14 फरवरी 2014 को 5 निवेशकों से 300 करोड़ रुपए की राशि जुटाते हुए की थी। आईडीएफ सीरिज़–I को दो घरेलू रेटिंग एजेन्सियों द्वारा एएए आईडीएफ–एमएफ की रेटिंग दी गई है और यह बीएसई में लिस्टेड है। यह स्कीम मुख्यत: पूर्ण और राजस्व अर्जन करने वाली अवसंरचना आस्तियों में निवेश करती है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, सीरीज़–I के प्रबन्धन के तहत आस्तियां 397.08 करोड रुपये हो गई हैं। अप्रैल, 2017 में आईएएमसीएल ने अपनी छह संस्थागत निवेशकों सहित 200.00 करोड़ रुपये की निधि से आईडीएफ सिरीज़ II को आरम्भ और सफलतापूर्वक संपन्न किया जो कि एएए आईडीएफ–एमएफ की रेटिंग प्राप्त है। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, आईडीएफ सिरीज़–II के प्रबन्धन के तहत आस्तियां 165.57 करोड रुपये हो गई हैं। सीएआरई ने आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएएमसीएल) की योजनाओं (सीरीज I और II) की रेटिंग 176.26 करोड़ रुपये हो गई है।

शेयर पूंजी

31 मार्च 2020 को आपकी कंपनी की अधिकृत शेयर पूंजी 6000 करोड़ रुपये थी और चुकता शेयर पूंजी 4202.32 करोड़ रुपये थी, जिसमें से 10 रुपये प्रत्येक के 420.23 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल थे, जिनमें से सम्पूर्ण भाग भारत सरकार का था।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल के अनुमोदन के अनुसरण में आईआईएफसीएल के शेयरधारकों ने 17 जनवरी, 2020 को आयोजित असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में आईआईएफसीएल की अपनी प्राधिकृत शेयर पूंजी को 6,000 रुपये से 10,000 रुपये तक बढ़ाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया ताकि कंपनी की इक्विटी शेयर के राइट इश्यू के माध्यम से भविष्य में निधि जुटाई जा सके।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान भारत सरकार ने वित्तीय सेवाएं विभाग के दिनांक 9 मई, 2019 के पत्र एफ. सं. 6/13/2011–आईएफ-I के माध्यम से वर्ष 2018–19 में आईआईएफसील को इक्विटी अंशदान के तौर पर 500 करोड़ रुपये (पांच सौ करोड़ रुपये मात्र) की राशि जारी करने की माननीय राष्ट्रपति की मंजूरी की सूचना दी। तदनुसार भारत सरकार ने 14 मई, 2019 को आईआईएफसीएल को इक्विटी अंशदान के रूप में 500 करोड़ रुपये जारी किये। भारत सरकार द्वारा जारी राशि से आईआईएफसीएल का इक्विटी शेयर के आबंटन के उपरांत आईआईएफसीएल की चुकता शेयर पूंजी 4202.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 4702.32 करोड़ रुपये हो गई है।

इसके उपरांत भारत सरकार ने दिनांक 26 मई, 2019 के पत्र एफ. सं. 6/13/2011–आईएफ-I के माध्यम से आईआईएफसील को पुर्नपूंजीकरण बांड के माध्यम से इक्विटी अंशदान के तौर पर 5,297.60 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की माननीय राष्ट्रपति की मंजूरी की सूचना दी। तदनुसार भारत सरकार ने 30 मार्च, 2020 को आईआईएफसीएल को इक्विटी अंशदान के रूप में 5,297.60 करोड़ रुपये जारी किये। भारत सरकार द्वारा जारी राशि से आईआईएफसीएल के इक्विटी शेयर के आबंटन के उपरांत आईआईएफसीएल की चुकता शेयर पूंजी 4202.32 करोड़ रुपये से बढ़कर 9999.92 करोड़ रुपये हो गई है।

तदनुसार, 31 मार्च, 2020 को आपकी कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी 10,000 करोड़ रुपये रही एवं चुकता शेयर पूंजी 9999,91,62,300 करोड़ रुपये थी, जिसमें से 10 रुपये प्रत्येक के 999,9916,230 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल थे, जिनमें से सम्पूर्ण भाग भारत सरकार का है।

लाभांश

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आपके निदेशकों ने किसी भी लाभांश की सिफारिश नहीं की थी। निवेश और सार्वजनिक आस्ति प्रबंधन (डीआईपीएएम), वित्त मंत्रालय ने सीपीएसई के पूंजी पुनर्रचना पर दिशानिर्देश जारी किये देखें कार्यालय ज्ञापन (ओएम) एफ 5/2/2016–नीति दिनांक 27 मई 2016। इन दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक सीपीएसई करोपरांत लाभ के 3 प्रतिशत या निवल संपत्ति के 5 प्रतिशत के न्यूनतम वार्षिक लाभांश का भुगतान करेगी जो मौजूदा कानूनों के तहत स्वीकार्य अधिकतम लाभांश के अधीन उच्चतम हो। आईआईएफसीएल ने 14 जनवरी 2019 के पत्र सं. आईआईएफसीएल/सीपीडी/एमओएफ/2018–19/2390 के जरिए वित्तीय सेवाएं विभाग से कम से कम वित्त वर्ष 2021–22 तक लाभांश के भुगतान एवं अपने शेयरों के बाई बैक में छूट देने के लिए संपर्क किया था।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के तहत ऋण, गारंटी या निवेश का विवरण

आपकी कंपनी को आधारभूत संरचना सुविधाओं के लिए वित्तपोषण के कारोबार से जुड़ा गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी होने के कारण कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के प्रासंगिक प्रावधान से छूट प्राप्त है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) से वस्तुओं व सेवाओं की खरीद

आईआईएफसीएल ने वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कुल 405.60 लाख रुपये के वस्तुओं व सेवाओं की खरीद की जिसमें से कुल 363.53 लाख रुपये यानि 89.62 प्रतिशत वस्तुओं व सेवाओं की खरीद सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमो से की गई।

निदेशक मंडल

आज की तारीख के अनुसार, आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की संरचना निम्नानुसार है:

नाम एवं पद	डीआईएन	श्रेणी	नियुक्ति की तिथि
श्री पी. आर. जयशंकर (नोट 1 देखें)	06711526	प्रबंध निदेशक	29 मई, 2020
श्री पवन के. कुमार (नोट 2 देखें)	08901398	उप प्रबंध निदेशक	1 अक्तूबर, 2020
श्री बलदेव पुरूषार्थ (नोट 3 देखें) संयुक्त सचिव (अवसंरचना नीति एवं वित्त) आर्थिक मामले विभाग वित्त मंत्रालय, भारत सरकार	07570116	सरकार द्वारा नामित निदेशक	16 अप्रैल, 2020
श्री संजोय कुमार साहा (नोट 4 देखें) सलाहकार (पीपीपीएयू), नीति आयोग, भारत सरकार	08223373	सरकार द्वारा नामित निदेशक	12 सितंबर, 2018
श्री आनंद मधुकर (नोट 5 देखें) संयुक्त सचिव, विशेष कार्याधिकारी वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार	08563286	सरकार द्वारा नामित निदेशक	16 सितंबर, 2019
सुश्री ए. मणिमेखालाई (नोट 6 देखें) कार्यपालक निदेशक, केनरा बैंक	08411575	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक	28 अप्रैल, 2020

टिप्पणियां :

1. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27 मई, 2020 के पत्र एफ सं. 9/3(i) /2/2019/आईएफ–। के माध्यम से श्री पदमनाभान राजा जययशंकर, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक को पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक के तौर नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई।

2. इसके अतिरिक्त यह भी प्रस्तुत किया जाता है कि वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 23 सितंबर, 2020 के पत्र एफ सं. 9/3/2019/आईएफ–। के माध्यम से श्री पवन के कुमार, आईआरएस (आईटी), बैच 1990 के अधिकारी को पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए अथवा अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के उप प्रबंध निदेशक के तौर नियुक्त किये जाने के समक्ष प्राधिकारी के अनुमोदन की सूचना दी गई। आईआईएफसीएल के उप प्रबंध निदेशक के तौर नियुक्त किये जाने से पूर्व श्री पवन के कुमार, कार्यपालक निदेशक, भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (आईबीबीआई) के तौर पर कार्यरत थे। श्री पवन के कुमार की नियुक्ति 1 अक्तूबर, 2020 यानि निदेशक पहचान संख्या (डीआईएन) के आबंटन की तिथि से प्रभावी है। श्री पवन के कुमार ने 1 अक्तूबर, 2020 से उप प्रबंध निदेशक के तौर पदभार ग्रहण किया।

3. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या 3/2/2010/आईएफ–1 दिनांक 14 दिसम्बर, 2017 के द्वारा श्री बलदेव पुरुषार्थ, संयुक्त सचिव (अवसंरचना नीति एवं वित्त), आर्थिक कार्य विभाग को इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में डॉ कुमार विनय प्रताप के स्थान पर तत्काल प्रभाव से एवं आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 115 (1) (ख) (i) तथा 120 के प्रावधान के अनुसार आगामी आदेश तक सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई।

4. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या 3/1/(ii)/2010/आईएफ–I दिनांक 16 अगस्त, 2018 द्वारा संजोय कुमार साहा, सलाहकार, नीति आयोग को इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में श्री प्रवीन महतो के स्थान पर तत्काल प्रभाव से एवं आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 115(1)(ख)(i) के प्रावधानों के अनुसार आगामी आदेश तक सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई। श्री संजोय कुमार साहा की नियुक्ति डी.आई.एन. के आबंटन की तिथि अर्थात् 12 सितम्बर, 2018 से प्रभावी है।

5. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 9 सितम्बर 2019 के पत्र एफ स. 3/2/2011/आईएफ–। द्वारा, श्री आनंद मधुकर, विषेष कार्याधिकारी, (संयुक्त संचिव स्तर), डीएफएस को आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 115 (1) (ख) (i) तथा 120 के प्रावधान के अनुसार तत्काल प्रभाव से और अगले आदेश तक श्री पंकज जैन, अपर सचिव, डीएफएस के स्थान पर इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई।

6. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र एफ स. 3/12011/आईएफ–। दिनांक 28 अप्रैल, 2020 द्वारा सुश्री मणिमेखालाई, कार्यपालक निदेशक, केनरा बैंक को इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद अनुच्छेद 115 (1) (ख) (पप) के प्रावधानों के अनुसार तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई।

वे व्यक्ति जिनकी आईआईएफसीएल के मंडल से 1 अप्रैल, 2019 से आज की तिथि तक निदेशक के तौर पर सेवाएँ समाप्त हो गई है, निम्नानुसार है:–

नाम एवं पदनाम	डीआईएन	श्रेणी	कार्यकाल
श्री पकंज जैन *(नोट 1 देखें)*	00675922	प्रबंध निदेशक	1 जनवरी, 2016 – 29 मई, 2020
डॉ कुमार वी. प्रताप *(नोट 2 देखें)*	07606296	सरकार द्वारा नामित निदेशक	14 दिसंबर, 2017 – 16 अप्रैल, 2020
सुश्री पी. वी. भारती *(नोट 3 देखें)*	06519925	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक	4 जुलाई, 2018 – 31 मार्च, 2020
श्री चैतन्य जी. चिंतापल्ली *(नोट 4 देखें)*	07986772	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक	16 अगस्त, 2018 – 1 सितंबर, 2020

कंपनी मंडल में उनके अमूल्य योगदान के लिए अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता है।

टिप्पणियां :

1. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र एफ संख्या 3/2/2011/आईएफ–1 दिनांक 1 जनवरी, 2016 द्वारा श्री पंकज जैन, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय को इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में सुश्री अन्ना रॉय, संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग के स्थान पर आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 115(1)(ख)(i) तथा 120 के प्रावधानों के अनुसार के संदर्भ में आगामी आदेश तक सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई। तदोपरांत, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र एफ संख्या 3/2/2011/आईएफ–1 (खंड– II) दिनांक 28 दिसम्बर, 2017 द्वारा सूचित किया गया कि श्री पंकज जैन, आई.ए.एस. (एएम:90), संयुक्त सचिव, वित्तीय सेवाएं विभाग को नियमित व्यक्ति की नियुक्ति होने तक तत्काल प्रभाव से इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। श्री पी आर जयशंकर ने दिनांक 29.05.2020 से आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक के तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है। तदनुसार श्री पी आर जयशंकर, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आईआईएफसीएल में प्रबंध निदेशक के तौर पर कार्य ग्रहण करने के उपरांत दिनांक 29.05.2020 से श्री पंकज जैन का प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार समाप्त हो गया है।

2. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या 3/2/2010/आईएफ–1 दिनांक 16 अप्रैल, 2020 द्वारा श्री बलदेव पुरुषार्थ, संयुक्त सचिव (अवसंरचना नीति एवं वित्त), आर्थिक कार्य विभाग को इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) के निदेशक मंडल में डॉ कुमार विनय प्रताप के स्थान पर तत्काल प्रभाव से एवं आईआईएफसीएल के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 115 (1) (ख) (i) तथा 120 के प्रावधान के अनुसार आगामी आदेश तक सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किये जाने की सूचना दी गई।

3. भारत सरकार द्वारा पत्र एफ. सं. 3/1/2010/आईएफ–1 (खंड–IV) दिनांक 4 जुलाई, 2018 द्वारा आईआईएफसीएल के मंडल में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक के तौर पर 4 जुलाई, 2018 को नियुक्त सुश्री पी.वी भारती, कार्पोरेशन बैंक का कार्यकाल उनकी अधिवर्षिता पर 31 मार्च, 2020 को समाप्त हो गया है।

4. भारत सरकार द्वारा पत्र एफ. सं. 3/1/(i)2010/आईएफ–1 दिनांक 16 अगस्त, 2018 द्वारा आईआईएफसीएल के मंडल में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक के तौर पर 16 अगस्त, 2018 को नियुक्त श्री चैतन्य जी. चिंतापल्ली, का कार्यकाल उनकी अधिवर्षिता पर 1 सितंबर, 2020 को समाप्त हो गया है।

निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) की अपेक्षानुसार, एतत् द्वारा पुष्टि की जाती है:

क. कि 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खातों की तैयारी में लागू लेखा मानकों का पालन किया गया था और इससे किसी भी तरह का महत्वपूर्ण विचलन नहीं हुआ।

ख. कि निदेशकों ने ऐसी लेखांकन नीतियों का चयन किया और उन्हें निरंतर लागू किया और निर्णय और अनुमान लगाए जो उचित और विवेकपूर्ण थे ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के मामलों के बारे में और अंत में समीक्षा वर्ष के लिए कंपनी के लाभ का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण दिया जा सके।

ग. कि निदेशकों ने कंपनी की परिसम्पत्तियो की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने और पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार समुचित लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की।

घ. कि निदेशकों ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के खातों को एक नियमित संबंधित विषयों के आधार पर तैयार किया।

ङ कि निदेशकों ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किये थे और जिनका पालन कंपनी द्वारा किया जाएगा और इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं।

च. कि निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार की थी और बताया गया कि ऐसी व्यवस्था पर्याप्त थी और प्रभावी रूप से कार्य कर रही थी।

कॉर्पोरेट अभिशासन

कॉरपोरेट अभिशासन शेयरधारकों के अविच्छेद्य अधिकारों के प्रबंधन द्वारा स्वीकृत सिद्धांतों का एक समूह है, जो निगम के सच्चे मालिक और शेयरधारकों की तरफ से स्वयं की भूमिका निभाता है। कॉरपोरेट प्रशासन पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करता है, जो कंपनी और समाज के मजबूत और संतुलित आर्थिक विकास को सुनिश्चित करता है। तदनुसार, कॉरपोरेट प्रशासन चलन को अपनाने और उन्हें मजबूत करने को कॉरपोरेट जगत में मजबूती से अहसास किया गया है।

आपकी कंपनी कॉरपोरेट संरचना विकसित करने, व्यवसाय के संचालन और ऐसे कॉरपोरेट प्रशासन से सम्बन्धित दर्शन के साथ जुड़े स्पष्ट चलन पर ध्यान केंद्रित करती रही है। आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल की रचना, वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा भेजे गये पत्र एफ नं– 18/6/2014–आईएफ–आई, दिनांक 22 जनवरी 2015 के अनुसार, स्थिति इस तरह है: – दो (2) पूर्णकालिक निदेशकों अर्थात, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक और उप प्रबंध निदेशक, तीन (3) सरकार के नामिती निदेशकों, दो (2) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और ऐसे स्वतंत्र निदेशकों की संख्या जैसे कि कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत आवश्यक हो सकता है। इस समय, एक पूर्णकालिक निदेशक का पद रिक्त है। इसके अलावा, इसके बोर्ड में चार स्वतंत्र निदेशकों को नियुक्त करने की आवश्यकता है और उन्होंने अपने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति पर विचार करने के लिए वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध किया है।

वित्तीय विवरणों के समेकन के संबंध में आपकी कंपनी ने लागू लेखा मानक के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार किए। प्रबंधन सभी भौतिक वित्तीय और वाणिज्यिक लेनदेन से संबंधित बोर्ड के सामने खुलासा करता है, जहां उनके निजी हित हैं और जिनका कंपनी के हित के साथ संभावित टकराव संभव हैं। अर्थव्यवस्था पर रिपोर्ट, कंपनी के प्रदर्शन और अन्य संचालन संबंधी मामलों को नियमित रूप से निदेशक मंडल द्वारा समीक्षा की जाती है।

वर्ष भर के दौरान बोर्ड की बैठकें

कंपनी के निदेशक मंडल, नेतृत्व और रणनीतिक दिशा प्रदान करता है और इसके उद्देश्य से सम्बन्धित फैसले को आगे बढ़ाता है, ताकि कंपनी के कामकाज पर नियंत्रण रखना, एक कुशल प्रबंधन के माध्यम से हितधारकों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल ने 11 मई 2019 (स्थगित एवं बाद में 15 मई, 2019 को आयोजित), 10 अगस्त, 2019, 19 अक्तूबर, 2019, 15 नवंबर, 2019, 21 दिसंबर, 2019, 29 फरवरी, 2020 और 21 मार्च, 2020 को नौ बार बैठकें की।

निदेशक मंडल की समिति

बोर्ड विशिष्ट संचालन क्षेत्रों की निगरानी के लिए गठित पूर्ण बोर्ड या विभिन्न समितियों के माध्यम से कार्य करता है। बोर्ड की प्रत्येक समिति संदर्भ की शर्तों द्वारा निर्देशित होती है, जो समिति की संरचना, दायरे और शक्तियों को परिभाषित करती है। समितियां नियमित अंतराल पर बैठकें करती हैं और विशिष्ट क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं और उन्हें दिए गए अधिकार के भीतर निर्णय से अवगत कराती हैं।

31 मार्च, 2020 तक, बोर्ड की निम्न समितियां थीं:

1. लेखा परीक्षा समिति
2. प्रबंधन और निवेश समिति
3. जोखिम प्रबंधन समिति

4. आस्ति देयता प्रबंधन समिति*
5. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति
6. पारिश्रमिक और नामांकन समिति
7. पणधारक सम्बन्ध समिति
8. आईटी रणनीति समिति

* मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति ने 9 सितंबर, 2020 को आयोजित बैठक में मंडल के अनुमोदनानुसार मंडल स्तरीय आल्को की भूमिका एवं उत्तरदायिव निर्धारित किये। कार्यपालक स्तरीय आल्को समिति द्वारा लिये गये निर्णय से इसके उपरांत सूचनार्थ एवं कार्यनीतिक दिशा में आगे बढ़ने के लिए मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति को अवगत कराया जाएगा।

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

29 मई, 2006 को आयोजित तीसरी बोर्ड बैठक में लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया था, जिसे पुनः दिनांक 8 मई, 2020 के परिपत्र संकल्प संख्या 98/2020–21 के माध्यम से पुनर्गठित किया गया।

आज की तिथि के अनुसार लेखा परीक्षा समिति का गठन इस प्रकार है:

नाम	पदनाम
श्री पकंज जैन %	प्रबंध निदेशक
सुश्री ए मणिमेखालाई	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक **समिति की अध्यक्षा**
श्री आनंद मधुकर	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
सुश्री पी.वी. भारती*	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
श्री चैतन्य जी. चिंतापल्ली #	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक

%29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

*31 मार्च, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

#1 सितंबर, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की 11 मई, 2019 (स्थगित एवं बाद में 15 मई, 2019 को आयोजित), 10 अगस्त, 2019, 29 अगस्त, 2019, 19 अक्तूबरख् 2019, 15 नवंबर, 2019, 29 फरवरी, 2020 और 31 मार्च 2020 को सात बार बैठकें आयोजित हुईं।

प्रबंधन और निवेश समिति (एमआईसी)

20 फरवरी 2013 को बोर्ड की हुई 60 वीं बैठक में एमआईसी का गठन किया गया था, जिसे पुनः दिनांक 5 जून, 2020 के परिपत्र संकल्प संख्या 99/2020–21 के माध्यम से पुनर्गठित किया गया। आज की तिथि के अनुसार, प्रबंधन और निवेश समिति का गठन इस प्रकार है:

नाम	पदनाम
श्री पी आर जयशंकर	प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल **समिति के अध्यक्ष**
श्री पंकज जैन*	प्रबंध निदेशक
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
डॉ. कुमार वी. प्रताप$	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री बलदेव पुरुषार्थ	सरकार द्वारा नामित निदेशक
सुश्री पी. वी. भारती #	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
श्री चैतन्य गायत्री चिंतापल्ली %	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
सुश्री ए मणिमेखालाई	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक

*29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

+16 अप्रैल, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

#31 मार्च, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

%1 सितंबर, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड की प्रबंधन और निवेश समिति ने क्रमशः 11 मई 2019, 13 जून, 2019, 10 अगस्त 2019, 29 अगस्त, 19 अक्तूबर, 2019, 15 नवम्बर, 2019, 21 दिसम्बर, 2019, 29 फरवरी, 2020 और 21 मार्च 2020 को नौ बार बैठकें की।

जोखिम प्रबंधन समिति

आईआईएफसीएल निदेशकमंडल की 14 नवंबर, 2008 को आयोजित 21वीं बैठक में बोर्ड की जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन समिती का गठन किया गया। आईआईएफसीएल के सिलसिले में भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एनबीएफसी–आईएफसी के रूप में पंजीकृत किये जा रहे और आईआईएफसीएल में एकीकृत जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन बोर्ड स्तर–जोखिम निवारण और प्रबंधन समिति का पुनर्गठन बोर्ड स्तर–जोखिम प्रबंधन और एएलसीओ समिति के रूप में किया गया था जिसमें 03 फरवरी 2014 को आयोजित आईआईएफसीएल जोखिम प्रबंधन और आस्तियों और देनदारियों के प्रबंधन के लिए समग्र मार्गदर्शन देने के लिए 68 वीं बोर्ड की बैठक में एएलसीओ समिति का पुनर्गठन किया गया था।। इसके बाद, आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल ने 26 नवंबर 2014 को आयोजित 73 वें बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी कि आईआईएफसीएल की मौजूदा जोखिम प्रबंधन और एएलसीओ (एलको) समिति को दो समितियों में विभाजित किया जाना चाहिए, अर्थात् जोखिम प्रबंधन समिति और एएलसीओ (एलकों) समिति मुख्य परिपत्र–भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कॉरपोरेट गवर्नेंस डीएनबीएस (पीडी) सीसी सं 390/03.10.001/2014–15 दिनांकित 1 जुलाई, 2014 में संदर्भित करता है कि प्रत्येक एनबीएफसी को 20 करोड़ या उससे अधिक के सार्वजनिक जमा के साथ या 100 करोड़ आस्ति या उससे अधिक का आकार आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) के अतिरिक्त एकीकृत जोखिम का प्रबंधन करने के लिए जोखिम प्रबंधन समिति का गठन करेगा। दोनों समितियों में सदस्य एक समान होंगे।

दिनांक 29 जून, 2020 को आयोजित मंडल की 160वीं बैठक में जोखिम प्रबंधन समिति और आस्ति देयता प्रबंधन समिति (आल्को) का पुनर्गठन किया गया।

जोखिम प्रबंधन समिति का गठन दिनांक निम्नवत है:

नाम	पदनाम
सुश्री ए. मणिमेखालाई	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक **समिति की अध्यक्षा**
श्री पंकज जैन %	प्रबंध निदेशक
श्री पी आर जयशंकर	प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल
श्री आनंद मधुकर	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
सुश्री पी. वी. भारती *	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
श्री चैतन्य गायत्री चिंतापल्ली #	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक

% 29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

*31 मार्च, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

#1 सितंबर, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति ने 13 जून, 2019, 10 अगस्त 2019, 19 अक्तूबर 2019, 29 फरवरी 2020 और 21 मार्च, 2020 को पांच बार बैठकें की।

वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड की आस्ति देयता प्रबंधन समिति ने 13 जून, 2019, 10 अगस्त 2019, 19 अक्तूबर 2019 और 29 फरवरी 2020 को चार बार बैठकें की।

मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति ने 9 सितंबर, 2020 को आयोजित बैठक में मंडल के अनुमोदनानुसार मंडल स्तरीय आल्को की भूमिका एवं उत्तरदायिव निर्धारित किये। कार्यपालक स्तरीय आल्को समिति द्वारा लिये गये निर्णय से इसके उपरांत सूचनार्थ एवं कार्यनीतिक दिशा में आगे बढने के लिए मंडल स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति को अवगत कराया जाएगा।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति

सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा निर्देशों के अनुसार 23 अप्रैल, 2012 को आयोजित बोर्ड की 51वीं बैठक में सीएसआर समिति का गठन किया गया था, जिसे पुनः दिनांक 5 जून, 2020 के परिपत्र संकल्प संख्या 99/2019–20 के माध्यम से पुनर्गठित किया गया।

आज की तिथि के अनुसार कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति का गठन निम्नानुसार है :

नाम	पदनाम
श्री आनंद मधुकर	सरकार द्वारा नामित निदेशक **समिति के अध्यक्ष**
श्री पंकज जैन #	प्रबंध निदेशक
श्री पी आर जयशंकर	प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
डॉ. कुमार वी. प्रताप *	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री बलदेव पुरुषार्थ	सरकार द्वारा नामित निदेशक

#29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

*16 अप्रैल, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष के दौरान, बोर्ड की कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

पारिश्रमिक एवं नामांकन समिति

14 जुलाई 2009 को आयोजित बोर्ड की 25वीं बैठक में पारिश्रमिक समिति का गठन किया गया, जिसे बाद में कंपनी अधिनियम 2013 की आवश्यकता के अनुसार 11 अगस्त, 2014 को आयोजित 71वीं बोर्ड बैठक में पारिश्रमिक और नामांकन समिति का नाम दिया गया। जिसे पुन: दिनांक 8 मई, 2020 के परिपत्र संकल्प संख्या 98/2019–20 के माध्यम से पुनर्गठित किया गया।

पारिश्रमिक और नामांकन समिति का गठन आज की तिथि के अनुसार निम्नानुसार है:

नाम	पदनाम
श्री आनंद मधुकर	सरकार द्वारा नामित निदेशक **समिति के अध्यक्ष**
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री बलदेव पुरुषार्थ	सरकार द्वारा नामित निदेशक
डॉ. कुमार वी. प्रताप*	सरकार द्वारा नामित निदेशक
सुश्री पी. वी. भारती #	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
सुश्री ए मणिमेखालाई	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक

*16 अप्रैल, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

#31 मार्च, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष 2019–20 के दौरान बोर्ड की पारिश्रमिक और नामांकन समिति की कोई बैठक नहीं हुई।

20. पणधारक सम्बन्ध समिति

कंपनी अधिनियम 2013 की आवश्यकता के अनुसार 1 अगस्त, 2014 को आयोजित बोर्ड की 71वीं बैठक में पणधारक सम्बन्ध समिति का गठन किया गया था। मंडल की दिनांक 29 जून, 2020 को आयोजित 106वीं बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया।

आज की तिथि के आधार पर पणधारक सम्बन्ध समिति का गठन निम्नानुसार है:–

नाम	पदनाम
सुश्री ए मणिमेखालाई	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक **समिति की अध्यक्षा**
श्री पंकज जैन %	प्रबंध निदेशक
श्री पी आर जयशंकर	प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल
श्री आनंद मधुकर	सरकार द्वारा नामित निदेशक
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक
सुश्री पी. वी. भारती *	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक
श्री चैतन्य गायत्री चिंतापल्ली #	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक नामिति निदेशक

%29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

*31 मार्च, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

#1 सितंबर, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

2019–20 के दौरान, बोर्ड के पणधारक सम्बन्ध समिति ने क्रमश: 11 मई, 2019, 10 अगस्त, 2019, 19 अक्तूबर 2019 और 29 फरवरी, 2020 को चार बार बैठक की। सभी निवेशकों की शिकायतों को नियमित आधार पर सुना जाता है।

आईटी रणनीति समिति

8 जून, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए मास्टर निदेश–सूचना प्रौद्योगिकी ढ़ाचा की अपेक्षा के अनुसार 2 अगस्त, 2017 को आयोजित बोर्ड की 86वीं बैठक में आईटी कार्यनीति समिति का गठन किया गया था। जिसे दिनांक 5 जून, 2020 के परिपत्र संकल्प संख्या 99/2020–21 के माध्यम से पुनर्गठित किया गया।

आज की तिथि के अनुसार आईटी रणनीति समिति की का गठन निम्नानुसार है:–

नाम	पदनाम
श्री संजोय कुमार साहा	सरकार द्वारा नामित निदेशक **समिति के अध्यक्ष**
श्री पंकज जैन '	प्रबंध निदेशक
श्री पी आर जयशंकर	प्रबंध निदेशक, आईआईएफसीएल
श्री प्रशांत कुमार प्रहराज, मुख्य महाप्रबंधक	विभागाध्यक्ष, जोखिम विभाग
श्री सुबोध शर्मा, महाप्रबंधक	विभागाध्यक्ष, आईटी विभाग
श्री गौरव कुमार, महाप्रबंधक	विभागाध्यक्ष, मानव संसाधन विभाग
श्री विशाल राठौर, आईटी	मुख्य सूचना अधिकारी (सीआईओ)/मुख्य प्रौद्योगकी अधिकारी (सीटीओ)
श्री पारितोष गार्गा	मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (सीआईएसओ)

*29 मई, 2020 से निदेशक एवं सदस्य के तौर पर सेवा समाप्त

वर्ष 2019–20 के दौरान, मंडल की आई.टी. कार्यनीति समिति ने बैठक 29 फरवरी, 2020 और 21 मार्च, 2020 को दो बार बैठक की।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 की उप–धारा (3) के तहत दिये गये दिशानिर्देशों और अन्य मामलों की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं, स्वतंत्रता के निर्धारण के लिए निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक पर कंपनी की नीतियां

दिनांक 5 जून, 2015 को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अधिसूचना के संदर्भ में, आपकी कंपनी एक सरकारी कंपनी है, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 178 के उप–धारा (3) के तहत दिये गये निर्देशों और अन्य मामलों की योग्यता, सकारात्मक विशेषताओं, स्वतंत्रता निर्धारण और अन्य मामलों के निर्धारण के लिए मापदंडों सहित निदेशकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक कंपनी की नीतियों से सम्बन्धित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(ङ) के प्रावधानों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 149 की उप–धारा (6) के तहत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा दिए गए घोषणापत्र पर वक्तव्य

आईआईएफसीएल के बोर्ड निदेशकों की पूर्ण स्वामित्व वाली सरकारी कंपनी को वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, भारत अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार नियुक्त स्वतंत्र निदेशकों सहित नामित किया गया है। आईआईएफसीएल ने अपने बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की इस प्रक्रिया की शुरुआत की है।

वक्तव्य उस तौर तरीके को इंगित करता है, जिसमें औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अपने स्वयं के कार्य–निष्पादन और अपनी समितियों एंव अलग–अलग निदेशकों द्वारा किये गये कार्य–निष्पादनों को दर्शाता है।

5 जून 2015 को कॉरपोरेट मामले मंत्रालय (एमसीए) की अधिसूचना की शर्तों के अनुसार, अपने स्वयं के कार्य–निष्पादन बोर्ड और इसके समितियों और अलग–अलग निदेशकों द्वारा औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 134 (3) (पी) के प्रावधान, सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगें यदि निदेशकों का मंत्रालय या केंद्रीय सरकार के विभाग द्वारा मूल्यांकन किया जाता है, जो प्रशासनिक रूप से कंपनी का प्रभारी होता है या, जिस राज्य सरकार मामला हो, अपनी स्वयं की मूल्यांकन पद्धति के अनुसार मूल्यांकन किया गया है। आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल को अपने स्वयं के कार्य–निष्पादन का औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन और एमसीए अधिसूचना को देखते हुए अपनी समिति और अलग–अलग निदेशकों के मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं थी।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 188 (1) के तहत सम्बन्धित पक्षों के साथ संविदा या व्यवस्था का विवरण

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 एवं 188 जहां लागू है, के अनुपालन में संबंधित पक्षकारों के साथ किये गये सभी लेनदेन एवं संबंधित पक्षकारों के लेनदेनों का विवरण लागू भारतीय लेखांकन मानकों की अपेक्षानुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में दर्शाये गये हैं।

कारोबार की प्रकृति में बदलाव

कंपनी के कारोबार की प्रकृति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताओं, यदि कोई हो, जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करती है, और जो कंपनी के वित्तीय वर्ष के अंत के दौरान हुई हो, जिससे वित्तीय विवरण और रिपोर्ट की तिथि से संबद्ध हो।

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष एवं कंपनी की रिपोर्ट की तिथि के बीच ऐसे कोई महत्वपूर्ण बदलाव व प्रतिबद्धतायें नहीं किये गये हैं जिनका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर कोई प्रभावित पड़ता है।

कंपनी की चालू संस्थान की स्थिति और भावी संचालनों को प्रभावित करने वाले नियामकों/न्यायालयों/न्यायाधिकरणों द्वारा पारित महत्वपूर्ण और उल्लेखनीय आदेश

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान नियामकों या न्यायालयों या न्यायाधिकरणों द्वारा कोई महत्वपूर्ण या उल्लेखनीय आदेश पारित नहीं किए गए जो कि चालू संस्थान की स्थिति और भविष्य में कंपनी के संचालन को प्रभावित करते हों।

वित्तीय विवरणों के संदर्भ में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता

आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल ने 11 अगस्त 2014 को हुई मंडल की 71वीं बैठक में आईआईएफसीएल के सांविधिक लेखा परीक्षकों को कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (5) (ई) में वर्णित निदेशकों की जिम्मेदारी वक्तव्य के लिए अपेक्षित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की तैयारी की थी। मैसर्स के.एम. अग्रवाल द्वारा दी गई कंपनी अधिनियम 2013 दिनांकित 29 जनवरी 2015 के अनुसार आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट और आईआईएफसीएल की टिप्पणियों के साथ आईआईएफसीएल की सांविधिक लेखा परीक्षक रिपोर्ट में 9 फरवरी, 2015 को आयोजित बैठक में लेखापरीक्षा समिति और आईआईएफसीएल बोर्ड द्वारा समीक्षा की गई है।

मंडल ने महसूस किया कि कंपनी के आकार के संबंध में मौजूदा आंतरिक लेखापरीक्षा व आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का दायरा पर्याप्त है।

निदेशकों और कर्मचारियों के लिए सतर्कता व्यवस्था की स्थापना का विवरण

आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल ने 11 अगस्त 2014 को आयोजित बोर्ड की 71वीं बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी थी कि आईआईएफसीएल के केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के अनुसार कंपनी के अधिनियम के तहत सतर्कता तंत्र एवं निर्देशकों और कर्मचारियों की सतर्कता प्रणाली जरूरी वास्तविक चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए पर्याप्त होगी। बोर्ड ने आगे यह तय किया कि आईआईएफसीएल की निगरानी प्रणाली व्यक्तियों के उत्पीड़न के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करेगा और सीवीसी दिशानिर्देशों के तहत उपयुक्त या अपवादात्मक मामलों में लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधे पहुंच का प्रावधान करेगा। इसके बाद बोर्ड ने कंपनी अधिनियम की धारा 177 की अपेक्षा के अनुसार कंपनी की वेबसाइट पर और बोर्ड रिपोर्ट में इस तरह के निगरानी प्रणाली की स्थापना के विवरण को स्पष्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। आपकी कंपनी ने कंपनी की वेबसाइट पर निगरानी प्रणाली का आयोजन किया है। आपकी कंपनी के पास भी एक औपचारिक हिवसिल ब्लोअर नीति है, जो कंपनी की वेबसाइट पर भी दर्शाई गयी है।

कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के तहत प्रकटीकरण

कंपनी में यौन उत्पीड़न पर बिल्कुल भी कोताई नहीं बरती जाती है एवं कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 के प्रावधानों एवं उसके अधीन बनये गये नियमों के अनुरूप कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण पर नीति अपनाई है।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए आईआईएफसीएल में एक सुव्यवस्थित स्थापित प्रणाली है। एक आंतरिक समिति है, जो कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामले देखती है। साथ ही, आईआईएफसीएल कर्मचारी सेवा नियामक में यौन उत्पीड़न के मामलों को कदाचार के रूप में उल्लेख किया गया है। आईआईएफसीएल लगातार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत रहा है कि महिलाओं की संख्या से निर्पेक्ष महिलाओं सहित काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए काम का माहौल सुरक्षित हो, इस तथ्य पर जोर डाला जा सकता है कि आज तक आईआईएफसीएल में इस संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

सर्तकता

कंपनी में वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान सतर्कता मामलों की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई एवं कंपनी में सतर्कता से संबंधित कोई मामला लंबित भी नहीं है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आरटीआई अधिनियम की उपयोगिता का अनुसरण करते हुए, आईआईएफसीएल में आर.टी.आई. अधिनियम कार्यान्वित किए गये और आईआईएफसीएल द्वारा आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवेदकों का जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। आईआईएफसीएल ने आर.टी.आई. अधिनियम की धारा 5 (1) के अनुसार केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और अपीलीय प्राधिकारी नामित किए गये हैं। सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4 (1) (ख) के तहत अपेक्षत आईआईएफसीएल के संगठन, क्रियाकलाप एवं कर्तव्यों का विवरण, सीपीआईओ एवं अपीलीय प्राधिकारी का संपर्क विवरण आईआईएफसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत प्राप्त आवेदनों का अधिनियम के अनुसार निर्धारित समय–सीमा के भीतर उत्तर दिया जाता है/अग्रेषित किया जाता है/अस्वीकृत किया जाता है। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की अपेक्षानुसार रिकार्ड अनुरक्षित/प्रसारित किये जाते हैं।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान, आईआईएफसीएल को अधिनियम, 2005 के तहत 56 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 46 आवेदकों के आवेदन स्वीकार किये गये व उनका समय पर उत्तर दिया गया जबकि 10 आवेदकों के आवेदन निरस्त कर दिये गये क्योंकि वे आईआईएफसीएल से संबंधित नहीं थे।

शिकायत निवारण तंत्र

आईआईएफसीएल में अपने पणधारकों को अपनी शिकायतें दर्ज कराने के लिए उचित मंच प्रदान करते हुए शिकायत निवारण प्रणाली विद्यमान है। आईआईएफसीएल विकसित शिकायत निवारण तंत्र (जीआरएम) का विधिवत पालन करता है जो आईआईएफसीएल के सीटिजन चार्टर में शामिल है। जीआरएम पर सिटीजन चार्टर सार्वहजनिक प्रकटीकरण के हिस्से के तौर पर आईआईएफसीएल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। आईआईएफसीएल ने शिकायत निवारण प्रणाली का प्रबंधन करने के लिये शिकायत निवारण अधिकारी (जीआरओ) नामित किया है। किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए आवेदक आईआईएफसीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध समर्पित ईमेल सुविधा grievancefeedback@iifcl.org के माध्यम से सीधे संपर्क कर सकता है। भी प्रभावी एवं समयोचित रूप से एक उचित मंच प्रदान करता है। जीआरओ का संपर्क विवरण के अलावा आईआईएफसीएल के कार्यालय परिसर का पता, ईम मेल व टेलीफोन संख्या आईआईएफसीएल की वेबसाइट पर भी दर्शायी गयी है। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभाग अथवा निवेश पंजीयक को यथोचित उत्तर के लिए भेजा जाता है। पणधारकों के साथ जिम्मेदारी पूर्वक प्रतिक्रिया तथा निवेशकों की शिकायतों पर समयोचित कार्रवाई कंपनी की उच्च प्राथमिकता है।

जमाएं

31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के तहत कम्पनियों (जमाराशियों की स्वीकृति) नियम, 2014 के साथ कोई भी जमाएं स्वीकार नहीं की हैं और न ही कोई जमा बकाया अथवा अदावाकृत है।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन और बहिर्गमन के बारे में विवरण

1. ऊर्जा का संरक्षण/प्रौद्योगिकी समावेश

कंपनी को ऊर्जा के संरक्षण और प्रौद्योगिकी समावेश से संबंधित विवरणों का प्रकटीकरण करना आवश्यक नहीं है क्योंकि आपकी कंपनी विनिर्माण गतिविधियों में शामिल नहीं है। हालांकि, कंपनी ने कार्यालय परिसर में ऊर्जा खपत के संरक्षण के लिए पर्याप्त उपाय किए हैं। कंपनी अवसंरचना परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कार्य करती है जिसमें किसी भी प्रौद्योगिकी समावेश नहीं किया गया है।

2. विदेशी मुद्रा का अर्जन और बहिर्गमन

वर्ष 2019–20 के दौरान प्रयुक्त/अर्जित विदेशी मुद्रा निम्नवत है :– (राशि करोड़ रुपये में)

	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
प्रयुक्त की गई कुल विदेशी मुद्रा#	49.36	14.76
अर्जित की गई कुल विदेशी मुद्र	-	-

राशि में विदेशी मुद्रा ऋणों के पुनर्भुगतान/सर्विसिंग के लिए खरीदी गई विदेशी मुद्रा शामिल नहीं है।

कर्मचारियों का विवरण

चूंकि यह कंपनी सरकारी कंपनी है अतः कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक नियुक्ति और पारिश्रमिक नियम), 2014 के नियम 5 साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 197(12) के प्रावधानों के अनुसार, कर्मचारियों के विवरण देना आवश्यक नहीं है।

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के निदेशकों अथवा कर्मचारियों को कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किया गया था।

सचिवीय मानक

आईआईएफसीएल ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लागू सचिवीय मानकों का पूरी निष्ठा से पालन किया है।

वार्षिक विवरणी

वार्षिक विवरणी का सार वार्षिक रिपोर्ट में निर्धारित प्रारूप में संलग्न है।

लेखापरीक्षकों द्वारा धोखाधड़ी की सूचना

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान न हीं सांविधिक लेखापरीक्षकों ने और न ही सचिवीय लेखापरीक्षा समिति को लेखापरीक्षक ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (12) के तहत कंपनी के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों के विरुद्ध ऐसी किसी धोखाधड़ी की घटना की सूचना नहीं दी जिसे मंडल की रिपोर्ट में उल्लेख करना आवश्यक है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसरण में लागत अभिलेखों का अनुरक्षण

केन्द्र सरकार ने कंपनी द्वारा किये जाने वाले क्रियाकलापों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) के तहत लागत अभिलेखों का अनुरक्षण करना निर्धारित नहीं किया है।

सांविधिक लेखा परीक्षक

मैसर्स ओ पी तुलस्यान एंड कंपनी (डीई 1178), सनदी लेखाकार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कंपनी के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2019–20 के लिए कंपनी की पूरक लेखापरीक्षा का कार्य, निदेशक (प्रशासन), प्रधान निदेशक, लेखापरीक्षा (उद्योग एवं कार्पोरेट मामले) आईपी एस्टेट, नई दिल्ली–110002 को सौंपा गया था।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय ने सरकारी कंपनी में सांविधिक लेखापरीक्षकों के नियुक्ति के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के प्रावधानों के अनुसार वित्त वर्ष 2020–21 के लिए आईआईएफसीएल के सांविधिक लेखापरीक्षक के तौर पर मैसर्स भाटिया एंड भाटिया (डीई 0441), सनदी लेखाकार नियुक्त किया, देखें दिनांक 14 अगस्त, 2020 का पत्र। इसके अतिरिक्त वित्त वर्ष 2020–21 के लिए कंपनी की पूरक लेखापरीक्षा का कार्य निदेशक (प्रशासन), प्रधान निदेशक, लेखापरीक्षा (उद्योग एवं कार्पोरेट मामले) आईपी एस्टेट, नई दिल्ली–110002 को सौंपा गया था।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय द्वारा वित्त वर्ष 2020–21 के लिए नियुक्त सांविधिक लेखापरीक्षक कंपनी की 16वीं वार्षिक आम बैठक की समापन तक कार्यालय में रहेंगे।

सचिवीय लेखा परीक्षक

कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 21 मार्च, 2020 को आयोजित बैठक में मैसर्स पीपी अग्रवाल एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज को वित्त वर्ष 2019–20 की सचिवीय लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 204 और इसके तहत

बनाए गए नियमों के अनुसार, उन्होंने वित्त वर्ष 2019–20 के सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी की जिसे इस रिपोर्ट में जोड़ा गया है।

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए सचिवीय लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां एवं उन पर प्रबंधन के उत्तर लेखापरीक्षा रिपोर्ट की प्रति के साथ इस वार्षिक रिपोर्ट में जोड़े गये हैं।

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर प्रबंधन की टिप्पणियां

कंपनी अधिनियम 2013 के तहत अपेक्षित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट में योग्यता के बारे में जानकारी और विवरण एवं 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक एवं नहालेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधन की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

राजभाषा

वर्ष के दौरान सरकारी कामकाज में हिंदी के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए ताकि राजभाषा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

सांविधिक और अन्य अपेक्षित सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रस्तुत की जाने वाली अपेक्षित सूचना निम्नानुसार इस रिपोर्ट में संलग्न है:

क्र.सं.	विवरण	अनुबंध
1	सचिवीय लेखा	I
2	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (क) के अनुसार फॉर्म संख्या एमजीटी 9 में वार्षिक विवरणी का निष्कर्ष	II
3	सीएसआर गतिविधियों पर वार्षिक रिपोर्ट	III
4	राशि यदि कोई आरक्षित निधि में ले जाई गई है	IV

आभार

निदेशक मंडल केंद्र सरकार विशेष रूप से वित्त मंत्रालय, नीति आयोग, राज्य सरकारों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय सहयोगी कर्मचारियों, ग्राहकों और अन्य सभी पणधारकों के लिए उनके निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए आभारी है। बोर्ड कंपनी के लेखा परीक्षकों, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी, एलआईसी और एमओयू भागीदारों के लिए उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन और सलाह के लिए भी आभारी है।

निदेशक मंडल, कंपनी के कर्मचारियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना करता है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड**

ह/–
आनंद मधुकर
सरकार द्वारा नामित निदेशक
डीआईएन सं. 08563286

ह/–
पी.आर. जयशंकर
प्रबंध निदेशक
डीआईएन सं. 06711526

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21 अक्तूबर, 2020

बोर्ड की रिपोर्ट का परिशिष्ट

क. सचिवीय लेखा–परीक्षकों की टिप्पणियां:

1. *कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (4) में निर्धारित निदेशकों की कुल संख्या में से न्यूनतम एक तिहाई स्वतंत्र निदेशकों की विनिर्दिष्ट संख्या बोर्ड में पूरी नहीं है। ठीक इसी तरह वर्ष 2019–20 में पूरे वर्ष के दौरान बोर्ड समितियों की संरचना – लेखापरीक्षा समिति, मनोनयन एवं पारिश्रमिक समिति एवं कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की संख्या के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, 178, 135 की संबंधित अपेक्षाओं को पूरा नहीं करती हैं। इस प्रकार उपरोक्त विभिन्न समितियों की संरचना अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन नहीं करती है।*

   प्रबंधन की टिप्पणियां: भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग आईआईएफसीएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की प्रक्रिया में है।

2. *वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईआईएफसीएल का भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी होने के कारण अनुपालन संबंधी मामलों का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण से अनुपालन संबंधी मामलों में कुछ कमियों एवं निगरानी में कुछ कमजोरियों का पता चला।*

   प्रबंधन की टिप्पणियां: कंपनी के प्रबंधन ने इस निरीक्षण दल की अधिकांश टिप्पणियों को स्वीकार नहीं किया है एवं इस विषय के बारे में प्राधिकारियों से गहन परिचर्चा की जा रही है।

3. *वीडियो कांफ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित निदेशकों एवं समितियों की बैठकों की कार्यवाहियां नमूना जांच आधार पर देखी गई थी ताकि अधिनियम की धारा 173 (2) एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों में यथापेक्षित अनुपालन सुनिश्चित हो। सत्यापन से पता चला कि रिकार्डिंग में अधिनियम व नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने में सुधार की आवश्यकता है।*

   प्रबंधन की टिप्पणियां: आने वाले समय में आईआईएफसीएल वीडियो कांफ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से निदेशकों एवं समितियों की बैठकों की कार्यवाहियों का आयोजन करने में सुधार लाने का प्रयास करेगा। लेखापरीक्षावधि पूरी होने के उपरांत आईआईएफसीएल ने इस संबंध में कदम उठाये व सुधार भी दिखाई दिये।

4. *कुल 5,297.60 करोड़ रुपये की राशि पर जारी 10 रुपये के 529,76,00,000 इक्विटी शेयरों के आबंटन से संबंधित शेयर सर्टिफिकेट सं. 24 अभी तक आबंटिती, भारत के राष्ट्रपति को नहीं सौंपा गया है, चूंकि कलेक्टर, स्टॉम्प, दिल्ली सरकार को जारी पूंजी पर देय स्टॉम्प ड्यूटी की अदायगी नहीं की जा सकी है। कंपनी अधिनियम की धारा 56 (4) के अनुसार शेयर सर्टिफिकेट आबंटन के दो माह के भीतर सुपुर्द किया जाना चाहिए।*

   प्रबंधन की टिप्पणियां: शेयरों के निर्गम एवं आबंटन पर 30 मार्च, 2020 को भारत के राष्ट्रपति को 10 रुपये के 529.76 करोड़ इक्विटी शेयरों पर स्टॉम्प ड्यूटी के अधिनिर्णय एवं भुगतान के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था जिसकी लेनदेन संदर्भ संख्या डीएल280204582021712643 दिनांक 28, अप्रैल, 2020 है। इस विषय में वर्तमान स्थिति 'अनुरोध पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है' दिखा रहा है।

   इसके अतिरिक्त आईआईएफसीएल ने कलेक्टर स्टॉम्प कार्यालय को दिनांक 29 जून, 2020 के पत्र के माध्यम से अनुस्मारक भेजा है जिसमें उक्त कार्यालय से स्टॉम्प ड्यूटी के भुगतान पर निर्णय लेने के उपरांत चालान बनाने का अनुरोध किया गया है।

ख. सचिवीय लेखा–परीक्षकों की टिप्पणियां:

1. *यूके में सहायक कम्पनी में निवेश: आईआईएफसीएल की सहायक कम्पनी, इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कम्पनी (यूके) लिमिटेड में निवेश का मूल्यांकन कम्पनी द्वारा वहन लागत अर्थात 422.40 करोड़ रुपए पर किया गया है। जैसा कि सहायक कम्पनी के वित्तीय विवरणों से देखा गया है, यूके में सहायक कम्पनी का निवल मूल्य पूरी तरह से ह्रास हो चुका है। जैसा कि हमें स्पष्टीकरण दिया गया है सहायक कम्पनी की वित्तीय विवरणिकाएं भारतीय लेखांकन मानक वित्तीय विवरणिकाओं के अंतर्गत तैयार की गई हैं और संभावित ऋण हानि मॉडल के तहत भारी प्रावधान किए गए हैं। प्रबंधन के मतानुसार, यूके में सहायक कम्पनी की वित्तीय विवरणिकाएं चालू प्रतिष्ठान आधार पर तैयार की गई है और जैसा कि हमें स्पष्टीकरण दिया गया है, यूके में सहायक कम्पनी के निवेश के उचित मूल्य का आकलन नहीं किया जा सकता। इसलिए, सहायक कम्पनी यानि आईआईएफसी यूके में निवेश के उचित मूल्यांकन के बिना, हम लाभ हानि विवरण आरक्षित निधि और निवेश (राशि अमूल्यांकित) पर क्षति, यदि कोई हो, के प्रभाव पर कोई भी टिप्पणी देने में असमर्थ हैं।*

   हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखांकन मानकों के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। उन मानकों अंतर्गत हमारा मुख्य उत्तरदायित्व अपनी रिपोर्ट में वित्तीय विवरण खंड में लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षा के उत्तरदायित्व में वर्णन करना है। हम भारतीय सनदी लेखाकार द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता के साथ–साथ अधिनियम के प्रावधानों एवं उसे तहत बनाये गये नियमों के तहत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संगत नैतिक अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं एवं हमने इन अपेक्षाओं एवं नैतिक आचार संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक दायित्वों का निर्वहन किया

है। हमारा मानना है कि लेखापरीक्षा साक्ष्य जो हमें प्राप्त हुए हमारे सशर्त अभिमत का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त एवं उपयुक्त हैं।

प्रबंधन की टिप्पणियां: निवेदन किया जाता है कि इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कम्पनी (यूके) लिमिटेड (आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड) की एक विनिर्दिष्ट स्तर पर पूंजी अनुरक्षित करने की कोई विनियामक अपेक्षा नहीं है। तथापि, आईआईएफसीएल ने वित्तीय वर्ष2008 से 2010 तक आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में 50 मिलियन अमरीकी डॉलर का इक्विटी निवेश किया। आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2012–13 में 30 मिलियन अमरीकी डॉलर का और वित्तीय वर्ष 2015–16 में 20 मिलियन अमरीकी डॉलर लाभांश घोषित किया जिसका योग 50 मिलियन डॉलर बनता है। इसके अतिरिक्त आईआईएफसीएल ने 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में 25 मिलियन अमरीकी डॉलर की इक्विटी शेयर पूंजी लगाई है।

इसके अतिरिक्त, आईआईएफसीएल ने निम्न के परिणामस्वरूप अपनी ऋण बहियों में गहन प्रावधानीकरण और शोधन किया।

- आरबीआई परिपत्र 12 फरवरी 2018 (दबावग्रस्त अस्तियों का समाधन – संशोधित रूपरेखा) का निर्गमन जिसके परिणामस्वरूप सभी योजनाओं को वापस लिया गया जैसे दबावग्रस्त अस्तियों का पुनरुद्धार, सीडीआर, मौजूदा दीर्घावधि परियोजना ऋणों की लचीली संरचना, एसडीआर, एसडीआर से बाहर स्वामित्व, एवं एस4ए में परिवर्तन; और
- दिवाला और दिवालिया संहिता का कार्यान्वयन जिसके परिणामस्वरूप एनपीए मामलों को अनिवार्यतः समयबद्ध तरीके से समाधान के लिए एनसीएलटी को भेजा जा रहा है।

आईआईएफसीएल की तर्ज पर ऋण बहियों में गहन प्रावधानीकरण और शोधन आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में भी आरंभ किया गया। इसके परिणामस्वरूप आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड के निवल मूल्य का ह्रास हो गया।

आईआईएफसीएल आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में 10 वर्ष की अवधि तक 250 मिलियन अमरीकी डॉलर तक का इक्विटी निवेश के अभिदान के माध्यम से आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में नई पूंजी उपलब्ध कराने का इरादा रखती है जिसमें से वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान 25 मिलियन अमरीकी डॉलर का अभिदान पहले ही किया जा चुका है जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है।

चूंकि आईआईएफसीएल पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान वित्तीय सेवा गतिविधियों से निवल लाभ अर्जित करने के मापदंड पूरे नहीं कर रही है (जो आरबीआई के फेमा विनियमों के अनुसार एक अपेक्षा है), और इसकी टीयर । पूंजी में सहायक/समूह कम्पनियों में निवेश करने की गुंजाइश नहीं है अतः भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से आरबीआई के फेमा विनियमों के अनुसार अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया। आरबीआई ने 13जनवरी, 2020 के पत्र द्वारा फेमा के दृष्टिकोण एवं 20 मार्च, 2020 के पत्र द्वारा विनियामक दृष्टिकोण से आईआईएफसीएल के अनुरोध को अनुमोदित किया।भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन मिलने के उपरांत आईआईएफसीएल ने 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार आईआईएफसी (यूके) लि. में 1 अमरीकी डॉलर (अंकित मूल्य) प्रति शेयर की दर से 25 मिलियन अमरीकी डॉलर की इक्विटी शेयर पूंजी लगाई।

आईआईएफसीएल ने आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड को चालू प्रतिष्ठान मानते हुए और कम्पनी को हुई हानि को स्थायी न मानते हुए आईआइएफसी (यूके) लिमिटेड में धारित इक्विटी शेयर पूंजी के ह्रास को हानि के रूप में नहीं माना है।

इसके अतिरिक्त यह निवेदन किया जाता है कि:

- वित्त वर्ष 2018–19 आईएफआरएस–9/भारतीय लेखांकन मानक अपनाने का पहला वर्ष था जिसमें ह्रासन को आईआईएफसी (यूके) लि. की इक्विटी पूंजी की निवल हानि एवं ह्रास में हुई संभावित ऋण हानि को देखते हुए बही में लिखे जाने की आवश्यकता है।
- संविधिक लेखापरीक्षकों ने अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया है कि आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड को चालू प्रतिष्ठान माना गया है।
- आईआईएफसीएल का आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में किये गये निवेश को बेचने का कोई इरादा नहीं है अतः आईआईएफसीएल ने आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में लागत मूल्य पर निवेश किया है।
- आईआईएफसीएल की लेखांकन नीति (वित्तीय विवरणों का भाग) में यह उल्लेख किया गया है कि आईआईएफसीएल ने सहायक कंपनी में निवेश का परिमाण लागत मूल्य किया है।
- भारतीय लेखांकन मानक 37 के अनुसार आस्तियों का ह्रासन तब अपेक्षित होता है जब वहनीय लागत उच्च उचित मूल्य अथवा प्रचलित मूल्य की तुलना में कम है। चूंकि सहायक कंपनी सूचीबद्ध नहीं है अतः उचित मूल्य का निर्धारण नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आईआईएफसीएल को आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड से 50 मिलियन अमरीकी डॉलर का लाभांश प्राप्त हो चुका है एवं भविष्य में नकदी प्रवाह प्राप्त होने की उम्मीद है इसलिए प्रचलित मूल्य को वहनीय लागत से कम नहीं माना जा सकता है। तदनुसार आईआईएफसी (यूके) लिमिटेड में निवेश का ह्रासन दर्शाने की आवश्यकता नहीं है।
- मैसर्स रेसुरजेंट इंडिया प्रा. लि. ने मार्च, 2020 में आईआईएफसी (यूके) लि. में इक्विटी निवेश के समय पर आईआईएफसी (यूके) लि. की इक्विटी का प्रीमियम पर मूल्यांकन किया है।

ग.1 इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

क तुलन पत्र

क.1 आस्तियां

क1.1ऋण (टिप्पणी 5) 33637.22 करोड़ रुपये

आईआईएफसीएल ने आईएलएंडएफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क्स लि. (आईटीएनएल) एवं आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि. द्वारा प्रवर्वित विशेष प्रयोजन माध्यम को ऋण प्रदान किया है। चार ऋण खातों एवं उनके लिए किये प्रावधानीकरण का विवरण इस प्रकार है:

ऋणकर्ता का नाम	एनपीए की तिथि	बकाया मूलधन (राशि करोड़ रुपये में)	31.03.2020 को किया गया प्रावधानीकरण (राशि करोड़ रुपये में)
बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि.	30.04.2019	350.37	142.70
खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि.	31.12.2018	152.98	114.74
कीरतपुर नेड़ चौक एक्सप्रेसवेज लि.	31.12.2018	222.70	106.98
आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि.	नवंबर, 2018	4.52	2.26
योग		**730.57**	**366.68**

सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध राष्ट्रीय कंपनी नियम अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाहियों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त नये निदेशक मंडल द्वारा उपरोक्त सभी कंपनियों को लाल श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है ताकि आईएलएंडएफएस समूह की कंपिनयों के कामकाज का प्रबंधन किया जा सके जिसका तात्पर्य है कि ऐसी इकाईयां अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं।

तदनुसार लेखापरीक्षा से यह अभिमत निकलता है कि उपरोक्त कंपनियों में 730.57 करोड़ रुपये के संपूर्ण ऋण का प्रावधान किया गया है।

इसके फलस्वरूप ऋण को 363.89 करोड़ रुपये (730.57 करोड रुपये – 366.68 करोड़ रुपये) को बढ़ा चढ़ा कर दिखा गया है एवं उसी संदर्भ में प्रावधानीकरण पर छुपाया गया है। नतीजन 363.89 करोड़ के लाभ को बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है।

प्रबंधन की टिप्पणियां:

आईआईएफसीएल ने अन्य बातों के साथ–साथ आईएलएंडएफएस समूह के निम्नलिखित विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) को वित्तीय सहायता प्रदान की है। (राशि करोड़ रुपये में)

खाते का नाम	31.03.2020 को बकाया मूलधन (राशि करोड़ रुपये में)	31.03.2020 को किया गया प्रावधानीकरण (राशि करोड़ रुपये में)
बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि.	350.37	142.70 (40%)
खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि.	152.98	114.74 (75%)
कीरतपुर नेड़ चौक एक्सप्रेसवेज लि.	222.70	106.98 (48%)
आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि.	4.52	2.26 (50%)
योग	**730.57**	**366.68**

लेखापरीक्षा में यह विचार था कि चूंकि उपरोक्त सभी कंपनियों को आईएलएंडएफएस समूह की कंपनियों के मामलों के प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त नये निदेशक मंडल द्वारा उपरोक्त सभी कंपनियों को लाल श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है ताकि आईएलएंडएफएस समूह की कंपिनयों के कामकाज का प्रबंधन किया जा सके जिसका तात्पर्य है कि ऐसी इकाईयां अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति भी अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं एवं तदनुसार, यह अभिमत था कि उपरोक्त कंपनियों में पूरे 730.57 करोड़ रुपये के ऋण का प्रावधान किया जाना चाहिए था।

इस संबंध में, यहाँ यह उल्लेखनीय है कि परिभाषा के अनुसार, 'रेड एंटिटीज' वे घरेलू समूह संस्थायें हैं जो अपने भुगतान दायित्वों को अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति भी अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं जब भी ऐसे भुगतान देय हों।

नये मंडल द्वारा नियुक्त समाधान परामर्शदाता ने 'ग्रीन', 'एम्बर' व 'रेड' में संस्थाओं का वर्गीकरण 12–माह के नकदी प्रवाह आधारित ऋण चुकाने की क्षमता जांच के आधार पर किया है।

नकदी प्रवाह की उम्मीद पर आधारित उपरोक्त परिभाषा से यह स्पष्ट होता है कि रेड संस्थाएं उधारदाताओं के देय होने पर भुगतान

दायित्वों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि रेड संस्थाएं में कुल मिलाकर उधारदाताओं के दायित्वों को पूरा करने की क्षमता नहीं है। इसका यह तात्पर्य भी नहीं है कि ऐसी संस्थाओं का अंतर्निहित परिसंपत्ति मूल्य/आंतरिक मूल्य नहीं होता है। यह उल्लेखनीय है कि खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि. एवं बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि. राजस्व पैदा करने वाली परियोजनाएं हैं जिनमें टोल को नियमित आधार पर एकत्र किया जा रहा है और निलंब खाते में जमा किया जा रहा है। हालाँकि, वर्तमान में राष्ट्रीय कंपनी नियम अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) द्वारा दी गई मोहलत के कारण उधारदाताओं के बकाया के शोधन पर इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। दोनों परियोजनाओं में समाधान पर परिचर्चा चल रही है और ऋणदाता समाधान के परिणाम के आधार पर अपना बकाया वसूल करेंगे। इस प्रकार एक इकाई को 'रेड' के रूप में वर्गीकृत करने का तात्पर्य यह नहीं है कि खाते में कोई राजस्व क्षमता या संपत्ति मूल्य नहीं है।

कीरतपुर नेड चौक एक्सप्रेसवेज लि. के संबंध में, इस रिपोर्ट साथ यह उल्लेखनीय है कि परियोजनाएं अन्य बातों के साथ–साथ अधिकृत रास्ते (आरओडब्ल्यू) की अनुपलब्धता या ऋणभार मुक्त अधिकृत रास्ता प्रदान करने में देरी इत्यादि सहित प्राधिकरण की चूक के कारण प्रभावित हुई हैं। तदनुसार, प्राधिकरण अपनी चूक के लिए रियायत करार प्रावधानों के अनुरूप रियायतग्राही की भरपाई के लिए उत्तरदायी है। इसके अलावा, हाल ही में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने उप पड़ी परियोजनाओं के समाधान पर दिनांक 09.03.2019 के अपने कार्यालय पत्रक के माध्यम से दिशानिर्देश जारी किये हैं जिन परियोजनाओं में (क) किये गये कार्य की भुगतान राशि कम है अथवा (ख) ऐसी परियोजनाओं के लिए जिनका 90 प्रतिशत कर्ज बाकी है जिनकी अनंतिम वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (पीसीओडी) हासिल की जानी है। उधारदाताओं ने एनएचएआई से अनुरोध किया है कि वह केएनसीईएल के मामले में इस परिपत्र के अनुसार राशि जारी करे एवं मामला प्रतिफल जारी करने के संबंध में एनएचएआई के विचाराधीन है।

जहां तक आईएलएंडएफएस एनवायरनमेंटल इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (आईईआईएसएल) का संबंध है, आईएलएंड एफएस समूह की कंपनियों को मोहलत प्रदान करने के संबंध में एनसीएलएटी के आदेश के अनुसार कोई प्रवर्तन कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। यह मानना है कि आईएलएंडएफएस समूह को आईएलएंडएफएस समूह के संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन व्यवसाय की खरीद के लिए एक बाध्यकारी प्रस्ताव मिला था और इसके लिए स्विस चैलेंज पद्धति के आधार पर पर बोलियां आमंत्रित की जानी थी।

यह उल्लेखनीय है कि सभी परियोजनाओं में आंतरिक मूल्य होता है और आईआईएफसीएल विभिन्न तंत्रों के माध्यम से बकाये की वसूली की उम्मीद करता है। तदनुसार, उपरोक्त खातों में ब्लैंकेट 100 प्रतिशत प्रावधानीकरण पर जोर नहीं दिया जा सकता है क्योंकि आईआईएफसीएल ऋण खातों पर पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित एवं भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) के अनुसार अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) के आधार पर पर्याप्त प्रावधानीकरण कर रहा है।

क2. वित्तीय देयताएं

अन्य वित्तीय देयताएं (टिप्पणी 14) 786.62 करोड़ रुपये

उपरोक्त में एनबीसीसी द्वारा कंपनी को कार्यालय स्थल के आबंटन के लिए 38.30 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त के विलंबित भुगतान पर 2.22 करोड़ का ब्याज शामिल नहीं है।

इस प्रकार अन्य वित्तीय देयताओं को छुपाया गया है एवं वर्ष में 2.22 करोड़ का लाभ बढ़ा कर दिखाया गया है।

प्रबंधन का उत्तरः कंपनी ने टिप्पणियों को आगे की अवधि में अनुपालन के लिए नोट कर लिया है।

लाभप्रदता पर टिप्पणियां

ख. लाभ हानि विवरण

ख.1 व्यय

मूल्याह्रास, परिशोधन एवं ह्रासन (टिप्पणी 8, 9 एवं 10) 17.67 करोड़ रुपये

आईआईएफसीएल कार्यालय स्थल, आवासीय फ्लैटों (टाईप VI) एवं कार पार्किंग स्थल पर मूल्याह्रास सीधी रेखा पद्धत्ति के अनुसार लगा रहा है। हालांकि टाईप V आवासीय फ्लैटों के संबंध में मूल्याह्रास मूल्य पद्धत्ति के अनुसार लगाया गया है।

इस प्रकार व्यय–मूल्याह्रास, परिशोधन एवं ह्रासन को बढ़ा कर दिखाया गया है एवं वर्ष में 1.02 करोड़ का लाभ छुपाया गया है।

प्रबंधन की टिप्पणियाः आईआईएफसीएल वित्त वर्ष 2020–21 से टाईप V आवासीय फ्लैटों के मूल्याह्रास की उक्त पद्धत्ति को सीधी रेखा पद्धत्ति (एसएलएम) में परिवर्तित कर देगा।

ग.2 इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (4) के साथ पठित धारा 143 (6) (ख) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां

वित्तीय स्थिति पर टिप्पणियां

क. तुलन पत्र

क.1 आस्तियां

क1.1ऋण (टिप्पणी 5) 44776.60 करोड़ रुपये

आईआईएफसीएल ने आईएलएंडएफएस ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क्स लि. (आईटीएनएल) एवं आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि. द्वारा प्रवर्तित विशेष प्रयोजन माध्यम को ऋण प्रदान किया है। चार ऋण खातों एवं उनके लिए किये प्रावधानीकरण का विवरण इस प्रकार है

ऋणकर्ता का नाम	एनपीए की तिथि	बकाया मूलधन (राशि करोड़ रुपये में)	31.03.2020 को किया गया प्रावधानीकरण (राशि करोड़ रुपये में)
बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि.	30.04.2019	350.37	142.70
खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि.	31.12.2018	152.98	114.74
कीरतपुर नेड़ चौक एक्सप्रेसवेज लि.	31.12.2018	222.70	106.98
आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि.	नवंबर, 2018	4.52	2.26
योग		**730.57**	**366.68**

सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध राष्ट्रीय कंपनी नियम अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाहियों के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त नये निदेशक मंडल द्वारा उपरोक्त सभी कंपनियों को लाल श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है ताकि आईएलएंडएफएस समूह की कंपिनयों के कामकाज का प्रबंधन किया जा सके जिसका तात्पर्य है कि ऐसी इकाईयां अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं।

तदनुसार लेखापरीक्षा से यह अभिमत निकलता है कि उपरोक्त कंपनियों में 730.57 करोड़ रुपये के संपूर्ण ऋण का प्रावधान किया गया है।

इसके फलस्वरूप ऋण को 363.89 करोड़ रुपये (730.57 करोड रुपये – 366.68 करोड़ रुपये) को बढ़ा चढ़ा कर दिखा गया है एवं उसी संदर्भ में प्रावधानीकरण पर छुपाया गया है। नतीजन 363.89 करोड़ के लाभ को बढ़ा चढ़ा कर प्रस्तुत किया गया है।

प्रबंधन की टिप्पणियां:

आईआईएफसीएल ने अन्य बातों के साथ–साथ आईएलएंडएफएस समूह के निम्नलिखित विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

(राशि करोड़ रुपये में)

खाते का नाम	31.03.2020 को बकाया मूलधन (राशि करोड़ रुपये में)	31.03.2020 को किया गया प्रावधानीकरण (राशि करोड़ रुपये में)
बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि.	350.37	142.70 (40%)
खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि.	152.98	114.74 (75%)
कीरतपुर नेड़ चौक एक्सप्रेसवेज लि.	222.70	106.98 (48%)
आईएलएंडएफएस इन्वायर्नमैंट इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज लि.	4.52	2.26 (50%)
योग	**730.57**	**366.68**

लेखापरीक्षा में यह विचार था कि चूंकि उपरोक्त सभी कंपनियों को आईएलएंडएफएस समूह की कंपनियों के मामलों के प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त नये निदेशक मंडल द्वारा उपरोक्त सभी कंपनियों को लाल श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है ताकि आईएलएंडएफएस समूह की कंपिनयों के कामकाज का प्रबंधन किया जा सके जिसका तात्पर्य है कि ऐसी इकाईयां अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति भी अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं एवं तदनुसार, यह अभिमत था कि उपरोक्त कंपनियों में पूरे 730.57 करोड़ रुपये के ऋण का प्रावधान किया जाना चाहिए था।

इस संबंध में, यहाँ यह उल्लेखनीय है कि परिभाषा के अनुसार, 'रेड एंटिटीज' वे घरेलू समूह संस्थायें हैं जो अपने भुगतान दायित्वों को अधिमानी प्रतिभूत वित्तीय लेनदारों के प्रति भी अपने भुगतान दायित्वों की पूर्ति नहीं कर सकती हैं जब भी ऐसे भुगतान देय हों।

नये मंडल द्वारा नियुक्त समाधान परामर्शदाता ने 'ग्रीन', 'एम्बर' व 'रेड' में संस्थाओं का वर्गीकरण 12–माह के नकदी प्रवाह आधारित ऋण चुकाने की क्षमता जांच के आधार पर किया है।

नकदी प्रवाह की उम्मीद पर आधारित उपरोक्त परिभाषा से यह स्पष्ट होता है कि रेड संस्थाएं उधारदाताओं के देय होने पर भुगतान दायित्वों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। इसका तात्पर्य यह नहीं है कि रेड संस्थाएं में कुल मिलाकर उधारदाताओं के दायित्वों को पूरा करने की क्षमता नहीं है। इसका यह तात्पर्य भी नहीं है कि ऐसी संस्थाओं का अंतर्निहित परिसंपत्ति मूल्य/आंतरिक मूल्य नहीं होता है। यह उल्लेखनीय है कि खेड सिन्नार एक्सप्रेसवेज लि. एवं बरवा अड्डा एक्सप्रेसवेज लि. राजस्व पैदा करने वाली परियोजनाएं हैं जिनमें टोल को नियमित आधार पर एकत्र किया जा रहा है और निलंब खाते में जमा किया जा रहा है। हालाँकि, वर्तमान में राष्ट्रीय कंपनी नियम अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) द्वारा दी गई मोहलत के कारण उधारदाताओं के बकाया के शोधन पर इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है। दोनों परियोजनाओं में समाधान पर परिचर्चा चल रही है और ऋणदाता समाधान के परिणाम के

आधार पर अपना बकाया वसूल करेंगे। इस प्रकार एक इकाई को 'रेड' के रूप में वर्गीकृत करने का तात्पर्य यह नहीं है कि खाते में कोई राजस्व क्षमता या संपत्ति मूल्य नहीं है।

कीरतपुर नेड़ चौक एक्सप्रेसवेज लि. के संबंध में, इस रिपोर्ट साथ यह उल्लेखनीय है कि परियोजनाएं अन्य बातों के साथ–साथ अधिकृत रास्ते (आरओडब्ल्यू) की अनुपलब्धता या ऋणभार मुक्त अधिकृत रास्ता प्रदान करने में देरी इत्यादि सहित प्राधिकरण की चूक के कारण प्रभावित हुई हैं। तदनुसार, प्राधिकरण अपनी चूक के लिए रियायत करार प्रावधानों के अनुरूप रियायतग्राही की भरपाई के लिए उत्तरदायी है। इसके अलावा, हाल ही में, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ठप पड़ी परियोजनाओं के समाधान पर दिनांक 09.03.2019 के अपने कार्यालय पत्रक के माध्यम से दिशानिर्देश जारी किये हैं जिन परियोजनाओं में (क) किये गये कार्य की भुगतान राशि कम है अथवा (ख) ऐसी परियोजनाओं के लिए जिनका 90 प्रतिशत कर्ज बाकी है जिनकी अनंतिम वाणिज्यिक प्रचालन तिथि (पीसीओडी) हासिल की जानी है। उधारदाताओं ने एनएचएआई से अनुरोध किया है कि वह केएनसीईएल के मामले में इस परिपत्र के अनुसार राशि जारी करे एवं मामला प्रतिफल जारी करने के संबंध में एनएचएआई के विचाराधीन है।

जहां तक आईएलएंडएफएस एनवायरनमेंटल इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (आईईआईएसएल) का संबंध है, आईएलएंड एफएस समूह की कंपनियों को मोहलत प्रदान करने के संबंध में एनसीएलएटी के आदेश के अनुसार कोई प्रवर्तन कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। यह मानना है कि आईएलएंडएफएस समूह को आईएलएंडएफएस समूह के संपूर्ण अपशिष्ट प्रबंधन व्यवसाय की खरीद के लिए एक बाध्यकारी प्रस्ताव मिला था और इसके लिए स्विस चौलेंज पद्धति के आधार पर पर बोलियां आमंत्रित की जानी थी।

यह उल्लेखनीय है कि सभी परियोजनाओं में आंतरिक मूल्य होता है और आईआईएफसीएल विभिन्न तंत्रों के माध्यम से बकाये की वसूली की उम्मीद करता है। तदनुसार, उपरोक्त खातों में ब्लैंकेट 100 प्रतिशत प्रावधानीकरण पर जोर नहीं दिया जा सकता है क्योंकि आईआईएफसीएल ऋण खातों पर पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित एवं भारतीय लेखांकन मानक (इंड एएस) के अनुसार अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) के आधार पर पर्याप्त प्रावधानीकरण कर रहा है।

क2. वित्तीय देयताएं

अन्य वित्तीय देयताएं (टिप्पणी 15) 814.73 करोड़ रुपये

उपरोक्त में एनबीसीसी द्वारा कंपनी को कार्यालय स्थल के आबंटन के लिए 38.30 करोड़ रुपये की तीसरी किस्त के विलंबित भुगतान पर 2.22 करोड़ का ब्याज शामिल नहीं है।

इस प्रकार अन्य वित्तीय देयताओं को छुपाया गया है एवं वर्ष में 2.22 करोड़ का लाभ बढ़ा कर दिखाया गया है।

प्रबंधन का उत्तरः कंपनी ने टिप्पणियों को आगे की अवधि में अनुपालन के लिए नोट कर लिया है।

लाभप्रदता पर टिप्पणियां

ख. लाभ हानि विवरण

ख.1 व्यय

मूल्याह्रास, परिशोधन एवं ह्रासन (टिप्पणी 9, 10 एवं 11) 17.83 करोड़ रुपये

आईआईएफसीएल कार्यालय स्थल, आवासीय फ्लैटों (टाईप VI) एवं कार पार्किंग स्थल पर मूल्याह्रास सीधी रेखा पद्धत्ति के अनुसार लगा रहा है। हालांकि टाईप V आवासीय फ्लैटों के संबंध में मूल्याह्रास मूल्य पद्धत्ति के अनुसार लगाया गया है।

इस प्रकार व्यय–मूल्याह्रास, परिशोधन एवं ह्रासन को बढ़ा कर दिखाया गया है एवं वर्ष में 1.02 करोड़ का लाभ छुपाया गया है।

प्रबंधन की टिप्पणियांः आईआईएफसीएल वित्त वर्ष 2020–21 से टाईप V आवासीय फ्लैटों के मूल्याह्रास की उक्त पद्धत्ति को सीधी रेखा पद्धत्ति (एसएलएम) में परिवर्तित कर देगा।

अनुबंध 1

प्रमोद पी. अग्रवाल
कंपनी सचिव

सी–154, ईस्ट ऑफ कैलाश
नई दिल्ली–110065
टेलीफोन: +91-11-26311155, मोबाइल : 9810008621
ई–मेल: fcs.ppa@gmail.com

फार्म सं. एमआर 3
31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष की
सचिवीय लेखा परीक्षा रिपोर्ट

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) एवं कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसार)

सेवा में,

सदस्यगण,
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

हमने सचिवीय लेखापरीक्षा लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुरूप की है और **इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड** (इसके पश्चात् 'कंपनी' कहा जाए) द्वारा उचित कॉर्पोरेट प्रथाओं का अनुपालन किया गया है। सचिवीय लेखा परीक्षा का संचालन इस रीति से किया गया जो हमे कार्पोरेट आचार–व्यवहार/सांविधिक अनुपालनों का मूल्यांकन करने एवं उस पर अपनी राय व्यक्त करने का आधार प्रदान करे।

इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लमिटेड की बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त संबंधी पुस्तिकाओं, भरे गए प्रपत्रों व विवरणियों तथा कंपनी द्वारा अनुरक्षित अन्य अभिलेखों के अतिरिक्त सचिवीय लेखा परीक्षा के दौरान कंपनी, इसके अधिकारियों, अभिकर्ताओं तथा प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर हम एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि हमारी राय में, कंपनी ने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सूचीबद्ध सांविधिक उपबंधों का पालन किया और कंपनी में इसके उपरांत की गई रिपोर्टिंग की रीति में व उसके अधीन, काफी हद तक उचित बोर्ड प्रक्रियाएं व अनुपालन प्रणाली विद्यमान है:

हमने 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए कंपनी द्वारा अनुरक्षित बहियों, कागजातों, कार्यवृत्त संबंधी पुस्तिकाओं, भरे गए प्रपत्रों व विवरणियों तथा अन्य अभिलेखों की जांच निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और इसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 ('एससीआरए') और इसके तहत बनाए गए नियम;

(iii) निक्षेपागार अधिनियम, 1996 और इसके तहत तैयार किए गए विनियम और उप–नियम;

(iv) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और इसके तहत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश, बाहरी प्रत्यक्ष निवेश और बाहरी वाणिज्यिक उधार की सीमा तक बनाए गए नियम और विनियम'

(v) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (सेबी अधिनियम') के तहत निर्धारित निम्नलिखित विनियम और दिशानिर्देशों के लागू प्रावधान:

  (क) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ऋण प्रतिभूति का निर्गम और सूचीयन) विनियम, 2008;

  (ख) कंपनी अधिनियम एवं ग्राहक के साथ संव्यवहार करने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पंजीयक निर्गम एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता) विनियम, 1993;

  (ग) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015; एवं

  (घ) भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (निक्षेपागार एवं सहभागिता) विनियम, 1996

(vi) **आगे हम यह रिपोर्ट** करते है कि कंपनी में प्रचालित अनुपालन प्रणाली के संबंध में एवं उनके अनुसरण में नमूना जांच के आधार पर प्रासंगिक दस्तावेजों व अभिलेखों की जांच पर कंपनी ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत एलबीएफसी को लागू नियमों, विनियमों एवं कंपनी विनिर्दिष्ट लागू कानून होने के कारण उसके अंतर्गत बनाये गये दिशानिर्देशों की सीमा तक अनुपालन किया है।

हमने निदेशक मंडल की बैठकों (एसएस–1) एवं आम बैठकों (एसएस–2) के संबंध में भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानकों के लागू खंडों के अनुपालन की भी जांच की है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने आम तौर पर निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन उपरोक्त वर्णित अधिनियम, नियम, विनियम, दिशानिर्देश, मानक इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

1. ***कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(4) के अनुसार, मंडल में निदेशकों की कुल संख्या का कम से कम एक तिहाई की नियुक्ति स्वतंत्र निदेशकों के रूप में करने की विनिर्दिष्ट अपेक्षा पूरी नहीं की गई है। इसी तरह पूरे समीक्षाधीन वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी के मंडल में स्वतंत्र निदेशकों के संदर्भ में मंडल समितियों – लेखापरीक्षा समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति तथा कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व समिति की संरचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, 178, 135 की संबंधित अपेक्षाओं को पूरा नहीं करती है। इस प्रकार उपरोक्त विभिन्न समितियों की संरचना में अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया है।***

   प्रबंधन से हमें सूचित किया है कि वे अपने प्रशासनिक मंत्रालय के साथ नियमित आधार पर इस विषय पर विचार–विमर्श कर रहे हैं।

2. ***वर्ष के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने आईआईएफसीएल के भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी होने के कारण अनुपालन विशयों का व्यापक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में अनुपालन संबंधी विशयों पर कुछ कमियों एवं निगरानी प्रणाली में कुछ कमजोरियों का पता चला।***

   कंपनी के प्रबंधन ने उक्त निरीक्षण दल की अधिकांश टिप्पणियों को स्वीकार नहीं किया एवं प्रबंधन इस विषय पर प्राधिकारियों से विचार–विमर्श कर रहा है।

3. ***कंपनी अधिनियम की धारा 173 (2) एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निदेशकों एवं समितियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग अथवा अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित बैठकों की कार्यवाही की नमूना जांच की गई। सत्यापन से यह सामने आया कि अधिनियम व नियमों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रिकॉर्डिंग में सुधार की आवश्यकता है।***

4. ***10 रुपये की दर से कुल 5,297,60 करोड़ रुपये के 529,76000 इक्विटी शेयर के आबंटन के संबंध में आबंटिती, भारत के राष्ट्रपति को शेयर सर्टिफिकेट सं. 24 अभी तक नहीं सौंपी गई है चूंकि कलेक्टर, स्टॉम्प, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार को जारी पूंजी पर देय स्टॉम्प ड्यूटी का भुगतान नहीं किया जा सका है। धारा 56 (4) (ख) के अनुसार शेयर सर्टिफिकेट आबंटन के दो माह की अवधि के भीतर सौंपा दिया जाना चाहिए।***

   कंपनी के प्रबंधन सूचित किया है कि उन्होंने 24/04/2020 को ऑनलाइन एप्लीकेशन भर लिया है एवं स्टॉम्प कलेक्टर, (मुख्यालय), दिल्ली सरकार के साथ इस विषय पर विचार–विमर्श कर रहे हैं।

आगे हम यह रिपोर्ट करते हैं कि उपरोक्त टिप्पणियों के अनुच्छेद 2 में उल्लिखित कारणों के दृष्टिगत कंपनी के निदेशक मंडल का गठन में कार्यकारी निदेशकों, गैर कार्यकारी निदेशकों एवं स्वतंत्र निदेशकों का यथोचित संतुलन नहीं किया गया है। हालांकि लेखापरीक्षावधि के दौरान निदेशक मंडल की संरचना में बदलाव के संबंध में अधिनियम के प्रावधानों का समुचित अनुपालन किया गया था।

आगे हम यह रिपोर्ट करते हैं कि कंपनी में प्रणालियों व प्रक्रियाओं में सुधार लाये जाने की आवश्यकता है ताकि वे लागू कानूनों, नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अनुपालन की निगरानी व सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के आकार व कारोबार के अनुरूप हों।

आमतौर पर मंडल की बैठकों, एजेंडा की समय सारणी पर सभी निदेशकों को पर्याप्त सूचना दी गई है एवं एजेंडा से संबंधित विस्तृत टिप्पण कम से कम सात दिन पहले भेजे गये थे तथा बैठक से पूर्व एजेंडा मदों पर विस्तृत जानकारी एवं स्पष्टीकरण मांगने व प्राप्त करने व बैठक में सार्थक सहभागिता के लिए समुचित प्रणाली विद्यमान है।

विधिवत अभिलिखित एवं अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित बैठकों के कार्यवृत्तों के अनुसार वर्ष के दौरान आयोजित बैठकों में किसी निदेशक ने असहमति के विचार व्यक्त नहीं किये। अतः असहमति के विचार दर्ज नहीं किये गये है।

आगे हम यह रिपोर्ट करते हैं कि लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी ने लागू कानूनों के सम्यक अनुपालन में राइट आधार पर 10 रुपये के प्रति शेयर की दर से 529.76 करोड़ इक्विटी शेयर निर्गमित किये ताकि चुकता पूंजी को 5,289.60 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जा सके।

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त कानूनों, नियमों, विनियमों, दिशानिर्देशों और मानदंडों के अनुसरण में ऐसी कोई घटना घटित नहीं हुई/कार्रवाई नहीं हुई जो कंपनी के कार्यों पर असर डालते हों।

कोविड–19 महामारी के प्रसार के कारण 21 मार्च, 2020 को अचानक राष्ट्रव्यापी पूर्ण लॉकडाउन के परिणामस्वरूप इस लेखापरीक्षा के लिए रिकार्डों का अधिकांश सत्यापन रिकार्डों के ऑनलाइन आदान–प्रदान से किया गया।

कृते **पी.पी अग्रवाल एंड कंपनी**
कंपनी सचिव
यूसी. सं.: एस2012डीई174200

(प्रमोद प्रसाद अग्रवाल)
प्रोपराइटर
सी.पी. सं.: 10566
यूडीआईएन: एफ004955बी000678683

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 सितंबर, 2020

यह रिपोर्ट सम तारीख के हमारे पत्र के साथ ही पढ़ी जाए जो 'अनुबंध–क' में संलग्न है एवं यह इस रिपोर्ट का महत्वपूर्ण हिस्सा भी है।

अनुबंध–क

सेवा में,

सदस्यगण,
इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

यह रिपोर्ट सम तारीख के हमारे पत्र के साथ ही पढ़ी जाए।

1. सचिवीय रिकॉर्ड का रखरखाव कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवीय रिकॉर्डों पर राय व्यक्त करना है।

ऋण आस्तियों पर क्षति/प्रावधान पर आस्थगित कर आस्ति के सृजन के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के लेखांकन मानक मंडल से प्राप्त राय के उपरांत कंपनी ने वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान पहली बार ऋण आस्तियों पर क्षति/प्रावधान पर 29,523.86 लाख रुपये की आस्थगित कर आस्ति सृजित की है। तदनुसार वित्त वर्ष 2019–20 में करोपरांत लाभ में 29,523.86 लाख रुपये की बढ़ोतरी हुई है जबकि 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार आस्थगित कर देयता में 29,523.86 लाख रुपये की गिरावट आई है।

13. कंपनी के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार 31 मार्च, 2020 तक ऐसा कोई आपूर्तिकर्ता/सेवा प्रदाता नहीं है जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अधीन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम के उपक्रम के तौर पर पंजीकृत हो। यद्यपि कंपनी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के प्रति कोई देयता बकाया नहीं है और इस अधिनियम के अधीन निर्धारित होनेवाली अन्य सूचना शून्य हैं।

14. व्युत्पन्नी लेनदेन

क) वर्ष 2007–08 के दौरान कंपनी ने 5,000 लाख रुपये (2,73,23.62 लाख जापानी येन कल्पित मूलधन के समतुल्य) के दो ब्याज दर स्वैप (आइआरएस) लेन देन किए जो 19 दिसंबर, 2022 को परिपक्व होंगे। इन आईआरएस सौदों के अनुसार कंपनी जापानी येन की कल्पित राशि पर 7.46% प्रति वर्ष की दर से ब्याज का भुगतान करेगी (जिसमें एक सौदे में 5 वर्ष के लिए कूपन भुगतान 1 जापानी येन = 0.3658 भारतीय रुपये तथा दूसरे सौदे में 1 जापानी येन = 0.3662 भारतीय रुपये निश्चित किए गए है) तथा कल्पित मूलधन पर 8.82% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्राप्त करेगी। 31 मार्च 2020 को 1,830.89 लाख रुपये (31 मार्च, 2019 तक 1,688.71 लाख रुपये) के उपरोक्त स्वैप लेनदेनों से कंपनी ने काउंटर पार्टी बैंकों द्वारा की गई संगणना एवं अन्य मूल्यांककों द्वारा की गई पुष्टि के अनुसार मार्क–टू–मार्केट हानि का प्रावधान किया है जिसमें 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष को 142.18 लाख रुपये (31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष को 472.91 लाख रुपये) भी शामिल है।

ख) 31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष के दौरान उपरोक्त टिप्पणी 14(क) में संदर्भित दो ब्याज दर अदला–बदली (आईआरएस) के लेनदेनों में से 2,000 लाख रुपये का कल्पित मूल धन खोला गया जिसके परिणामस्वरूप टिप्पणी 14(क) में संदर्भित ब्याज दर अदला–बदली (आईआरएस) लेनदेनों का कुल कल्पित मूलधन घटकर 8,000 लाख रुपये हो गया।

ग) कंपनी ने निम्नलिखित बहुपक्षीय संस्थानों से विदेशी मुद्रा की उधारियों पर अस्थिर ब्याज दर के अलावा विदेशी मुद्रा उतार–चढ़ाव से संबंधित जोखिमों की बचाव व्यवस्था के लिए निम्न पारस्परिक मुद्रा अदला–बदली स्वैप(मूलधन एवं ब्याज) अनुबंध किये:

(राशि लाख रुपये में)

संस्थान	विदेशी मुद्रा (विनिमय) राशि	
	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
एशियाई विकास बैंक (एडीबी):–		
अमरीकी डॉलर	11,066.71	11,135.38
भारतीय रुपया	8,34,274.31	667,154.88
क्रेडिटेंस्टाल्टफर वेडिराफ्बाउ (केएफडब्ल्यू):		
यूरो	100.00	130.95
भारतीय रुपया	8,305.01	8,000.61
आईबीआरडी वर्ल्ड बैंक:		
अमरीकी डॉलर	1,664.41	1,759.57
भारतीय रुपया	1,25,473.29	1,14,719.33

काउंटर पार्टी बैंकों द्वारा की गई संगणना एवं अन्य मूल्यांककों द्वारा की गई पुष्टि के अनुसार मार्क–टू–मार्केट उपरोक्त अनुबधों में 31 मार्च, 2020 को एम2एम लाभ 1,22,778.08 लाख रुपये (1,643.28 लाख रुपये की सकल हानि को घटा कर सकल लाभ 1,24,421.36 लाख रुपये) था और 31 मार्च 2019 को यह लाभ 99,157.34 लाख रुपये था (4,821.03 लाख रुपये की सकल हानि को घटाकर सकल लाभ 1,03,978.38 लाख रुपये)।

31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी ने लेखांकन व्यवहार के लिए कंपनी द्वारा अपनाई जाने वाले सही लेखांकन व्यवहार पर सलाह देने के संदर्भ में भारतीय सनदी लेखाकर संस्थान की विशेषज्ञ परामर्शदात्री समिति की राय मांगी थी कि विदेशी मुद्रा के ऋण पर किस सीमा तक बचाव व्यवस्था की जाए। इस संबंध में भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ने दिनांक 22 सितंबर, 2015 को इस विषय पर पत्र के माध्यम से राय दी है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ने जून, 2015 में 'व्युत्पन्नी संविदाओं का लेखांकन' पर मागर्दर्शी टिप्पणी भी जारी की है जो 1 अप्रैल, 2016 से लागू है एवं कंपनी ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष से इसे लागू कर दिया है। प्रतिवेदन करने की पिछली तिथि से एवं अवधि के दौरान उधारी की आहरण द्वारा गिरावट की तिथि से प्रतिवेदन करने की तिथि को विदेशी मुद्रा की उधारी की राशि पर विनिमय दर में कोई बदलाव होने पर व्युत्पन्नी संविदाओं के उचित मूल्य के प्रति प्रतितुलन किया जाता है एवं किसी प्रकार के लाभ व हानि को नकदी प्रवाह बचाव आरक्षित निधि माना जाता है। व्युत्पन्नी अनुबधों का उचित मूल्य संबंधित प्रतिपक्षकार प्रदान करते हैं।

इस संबंध में, आईआईएफसीएल ने दिनांक 26 दिसंबर, 2016 के पत्र के माध्यम से व्युत्पन्नियों पर मार्गदर्शी टिप्पणी लागू करते समय बचाव व्यवस्था वाल संविदाओं पर मार्केट–टू–मार्केट/उचित मूल्य के संबंध में आईआईएफसीएल के सामने आ रही समस्याओं से भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान को अवगत करा दिया है। इस पत्र की प्रतिलिपि भारतीय रिजर्व बैंक को भी भेजी गई थी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा दिनांक 3 मई, 2017 के पत्र के अनुसार यह मामला भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान की अनुसंधान समिति को भेजा गया है।

ऋण की बचाव व्यवस्था वाले हिस्से का विवरण पुनः प्रस्तुत किया जाता है जो एएस–11 के अनुरूप अंतिम दरों पर निम्न प्रकार है।

(राशि लाख रुपये में)

संस्थान	विदेशी मुद्रा (विनिमय) राशि	
	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
एशियाई विकास बैंक (एडीबी):–		
अमरीकी डॉलर	11,066.71	11,135.38
भारतीय रुपया	8,34,274.31	770,248.69
क्रेडिटेंस्टाल्टफर वेडिराफ्बाउ (केएफउब्ल्यू):		
यूरो	100.00	130.95
भारतीय रुपया	8,305.01	10,175.51
आईबीआरडी वर्ल्ड बैंक:		
अमरीकी डॉलर	1,664.41	1,759.57
भारतीय रुपया	1,25,473.29	1,21,711.55

व्युत्पन्नी अनुबंधों के लेखांकन पर मागदर्शी टिप्पणी के अनुसार वित्तीय मुद्रा निवेश (एक्सपोजर) का प्रकटीकरण :–

(राशि लाख रुपये में)

I. आस्तियां	विनिमय दर	चालू वर्ष		विगत वर्ष		
		विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि	विनिमय दर	विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि
प्राप्य (व्यापार एवं अन्य)	-	-	-	-	-	-
अन्य मौद्रिक आस्तियां (जैसे कि आईसीडी/विदेशी मुद्रा में दिया गया ऋण)	-	-	-	-	-	-
कुल प्राप्य (क)	-	-	-	-	-	-
व्युत्पन्नी संविदाओं द्वारा बचाव (ख)	-	-	-	-	-	-
बिना बचाववाले प्राप्य (ग=क–ख)	-	-	-	-	-	-

II. देयताएं	विदेशी मुद्रा	चालू वर्ष			विगत वर्ष		
		विनिमय दर	विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि	विनिमय दर	विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि
देय (व्यापार एवं अन्य)	-	-	-	-	-	-	-
उधारियां (इसीबी एवं अन्य)	यूएसटी यूरो जापानी येन	75.3859 83.0496 0.6965	15,999.60 2,196.27 1,50,000.00	12,06,144.00 1,82,399.34 1,04,475.00	69.1713 77.7024 0.6252	16,121.22 2,257.03 1,00,000.00	11,15,125.63 1,75,376.65 62,520.00
कुल देय (घ)	यूएसटी यूरो जापानी येन	75.3859 83.0496 0.6965	15,999.60 2,196.27 1,50,000.00	12,06,144.00 1,82,399.34 1,04,475.00	69.1713 77.7024 0.6252	16,121.22 2,257.03 1,00,000.00	11,15,125.63 1,75,376.65 62,520.00
युत्पन्नी अनुबंधों द्वारा बचाव व्यवस्था (ङ)	यूएसटी यूरो जापानी येन	75.3859 83.0496 0.6965	12,731.13 100.00 -	9,59,747.61 8,305.01 -	69.1713 77.7024 0.6252	12,894.94 130.95 -	8,91,960.25 10,175.51 -
बिना बचाववाले देय (च=घ–ङ)	यूएसटी यूरो जापानी येन	75.3859 83.0496 0.6965	3,268.47 2096.27 1,50,000.00	2,46,396.39 1,74,094.33 1,04,475.00	69.1713 77.7024 0.6252	3,226.67 2126.08 1,00,000.00	2,23,165.39 1,65,201.05 62,520.00

III. आकस्मिक देयताएं एवं प्रतिबद्धताएं	विदेशी मुद्रा	चालू वर्ष			विगत वर्ष		
		विनिमय दर	विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि	विनिमय दर	विदेशी मुद्रा में राशि	रुपये में राशि
आकस्मिक देयताएं	-	-	-	-	-	-	-
प्रतिबद्धताएं	-	-	-	-	-	-	-
योग (छ)	-	-	-	-	-	-	-
व्युत्पन्नी संविदाओं द्वारा बचाव (ज)	-	-	-	-	-	-	-
बिना बचाव वाले देय (झ=छ–ज)	-	-	-	-	-	-	-
विदेशी मुद्रा में बिना बचाव वाला कुल निवेश (ञ=ग+च+झ)	-	-	-	-	-	-	-

घ) विदेशी मुद्रा वाले ऋणों की बिना बचाव वाली स्थिति निम्नलिखित तालिकानुसार है: (राशि लाख रुपये में)

संस्थान	बिना बचाव की स्थिति की राशि	
	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
एशियन डेवलपमेंट बैंक:		
अमरीकी डालर	3,268.36	3,226.16
भारतीय रुपया	2,46,388.35	223,157.59
क्रेडिटेंस्टाल्टफर वेडिरापबाउ (केएफडब्ल्यू):		
यूरो	96.27	126.08

भारतीय रुपया	7,995.13	9,796.34
आईबीआरडी विश्व बैंक:		
अमरीकी डालर	0.11	0.11
भारतीय रुपया	8.04	7.80
यूरोपियन इनवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी)		
यूरो	2,000.00	2,000.00
भारतीय रुपया	1,66,099.20	1,55,404.80
जापान इंटरनेशनल कोआपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) जेपीवाई भारतीय रुपया	1,50,000.00 1,04,475.00	1,00,000.00 62,520.00

च) लेखांकन नीति 6.6.2 की शर्तों के अनुसार विनिमय दर (उदाहरणार्थ भा रि बैं. संदर्भ दरें) लेखाबंदी तिथि को प्रचलित दरें निम्नानुसार है:

क्र.सं.	विनिमय दरें	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
1	अमरीकी डालर/भारतीय रुपया	75.3859	69.1713
2	यूरो/भारतीय रुपया	83.0496	77.7024
3	जेपीवाई(जापानी येन)/भारतीय रुपया	0.6965	0.6252

15. बंधपत्र मोचन आरक्षित निधि का सृजन

क) निजी स्थाननवाले बंधपत्रों के परिप्रेक्ष्य में: जैसा कि कंपनी एक सार्वजनिक वित्तीय संस्थान के रूप में भारत सरकार के दिनांक 14 जनवरी, 2009 की अधिसूचना सं. एस.ओ.143(ई)(एफ नं. 3/5/2008) के द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 2)72) के अंतर्गत अधिसूचित है, अत: भारत सरकार के कार्पोरेट मामले मंत्रालय द्वारा दिनांक 11 फरवरी, 2013 के परिपत्र संख्या 04/2013 के अनुसार निजी स्थानन वाले बंधपत्रों के परिप्रेक्ष्य में बंधपत्र मोचन आरक्षित निधि सृजित करने की आवश्यकता नहीं है।

ख) सार्वजनिक रूप से स्थानन वालेबंधपत्रों के परिप्रेक्ष्य में: कंपनी ने वित्त वर्ष 2012–13 में 3,15,631.89 लाख रुपये, वित्त वर्ष 2013–14 में 6,87,754.25 लाख रुपयेके 1000/–रुपये के अंकित मूल्य केकर मुक्त(टैक्स फ्री) बंधपत्रऔर वित्त वर्ष 2010–11 में 9,096.18 लाख रुपये के दीर्घकालिक अवसंरचना बंधपत्र जारी किए। इस प्रकार कंपनी ने सरकारी निर्गम के माध्यम से कुल मिलाकर 10,12,482.32 लाख रुपये के बंधपत्र जारी किये।

कंपनी (शेयर पूंजी एवं डिबेंचर्स) नियम 2014 के नियम18(7)(इ)(पप) के अनुसार कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक मेंभारतीय रिजर्व बैंक (संशोधन) अधिनियम 1997 के तहत पंजीकृत एनबीएफसीज कंपनी डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि (डीआरआर) सृजित करेंगी। डीआरआर की 'पर्याप्तता' वर्तमान सेबी (कर्ज प्रतिभूति का निर्गम एवं सूचीयन) विनियमन 2008 के अनुसार सरकारी निर्गम के माध्यम से जारी डिबेंचर की कीमत के 25:होगी हालांकि निजीतौर पर स्थानन वाले डिबेंचर्स के मामले में किसी भी डीआरआर की आवश्यकता नहीं होती है।

कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने कपंनी (शेयर पूंजी एवं डिबेंचर) नियम में संशोधन किया है देखें 19 अगस्त, 2019 की अधिसूचना। तदनुसार कंपनी को अब मोचनीय अपरिवर्तनीय डिबेंचर के निर्गम पर डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि सृजित करने की आवश्यकता नहीं है।

स्टाक एक्सचेंज के साथ सूचीयन करार में निहित प्रकटीकरण अपेक्षा के अनुसार, यह बताया गया कि कंपनी ने वैयक्तिक, ऐसोसियेट तथा कंपनी के निदेशकों को उनकी रूचि से संबद्ध प्रकृति के ऋण एवं अग्रिम राशि प्रदान नहीं की है। इसके साथ ही कंपनी या उसकी सहायक कंपनी द्वारा शेयर में कोई भी निवेश किसी भी प्रकार के ऋण(उधारी) से नहीं किया गया है।

16. कंपनी के कर्मचारियों के वेतन का पुनरीक्षण 1 नवंबर, 2017 से बकाया है। वेतन में पुनरीक्षण लंबित होने के कारण 1 नवंबर, 2017 से 31 मार्च, 2020 की अवधि के लिए 658.11 लाख रुपये (31 मार्च, 2019 तक 350.02 लाख रुपये) का अनुमानित प्रावधान किया गया है।

17. (क) भारतीय रिजर्व बैंक ने आईआईएफसीएल को दिनांक 9 सितंबर, 2013 को सार्वजनिक जमा स्वीकार न करने वाले गैर–बैंकिंग वित्तीय संस्थान का कारोबार जारी रखने का प्रमाणपत्र जारी किया है।

(ख) कंपनी पर भा.रि. बैंक द्वारा जारी एनबीएफसी–आईएफसी के विवेकपूर्ण मानदंड लागू नहीं होते हैं, चूंकि यह भारत सरकार के स्वामित्वाधीन कंपनी है। एनबीएफसी–आईएफसी के कंपनी के रूप में पंजीयन पर तथा भारत सरकार के स्वामित्वाधीन कंपनी होने के कारण इसे भारत सरकार के परामर्श से एनबीएफसी विनियमन के तमाम सिद्धांतों की अनुपालना के लिए खाका तैयार करने की आवश्यकता होती है और इनको ही ठीक उसी रूप में, भा.रि.बैंक की दिनांकित 12 दिसंबर, 2006 की अधिसूचना संख्या डीएनबीएस.पीडी/सीसी सं. 86/03.02.089/2006.07 के निदेशानुसार भा.रि. बैंक (गैर–बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग) में जमा कराना

है। इन अपेक्षाओं की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने 21 नवंबर, 2014 के माध्यम से भा.रि.बैंक के विनियमन के अनुसार 1 दिनांक, 2015 से प्रभावी विभिन्न सिद्धांतों की अनुपालना का खाका प्रस्तुत किया है।

(ग) कंपनी ने दिनांक 31 मार्च, 2020 को शून्य बकाया शेष (31 मार्च, 2019 को पांच ऋण खातों में 80,838.35 लाख रुपये) वाले ऋण खातों को पुर्नरचित/पुनर्अनुसूचित नहीं किया है और इन खातों में 31 मार्च, 2019 को प्रतिभूति के मूल्य में कोई गिरावट नहीं आई है, देखें नोट1(क)(5.7)(v)।

(घ) लेखांकन नीति सं. 1(क)(6.8) के अनुसरण में 10 मामलों में त्वरित प्रावधानीकरण अपनाने के कारण निम्नानुसार है:

i. दीघी पोर्ट लिमिटेड :

महाराष्ट्र समुद्रीय बोर्ड (एमएमबी), महाराष्ट्र सरकार के साथ हस्ताक्षरित रियायत करार के तहत दीघी पोर्ट का विकास किया जा रहा है जो'निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन, सहभागी, हस्तांतरण (बूस्ट)' के तहत बालाजी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीआईपीएल) द्वारा किया जारहा है। इसमें बन्दरगाह का विकास, प्रचालन, वित्तपोषण व रखरखाव भी शामिल है। सीडीआर के तहत पुनर्रचना के बावजूद परियोजनाका कार्यान्वयन पूरा नहीं हुआ है एवं राजस्व प्रवाह अभी तक न्यूनतम बना हुआ है। बन्दरगाह की क्षमता के बढ़ाने का उपयोगिता अभी भीसड़क व रेल की संयोजकता पर निर्भर है जिसमें लगभग तीन वर्ष का समय लगने की संभावना है। इसके अतिरिक्त कंपनी केशेयरधारकों के मतभेदों का निवारण नहीं हो पाया है व प्रवर्तक रणनीतिक निवेशक में निधि लगाने/निदेशकों को जोड़ पाने मेंअसमर्थ हैं। अतः इस स्थिति को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 50 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 70 प्रतिशत काप्रावधानीकरण किया गया है।

ii. वेस्ट हरियाणा हाईवेज प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड

इस परियोजना में हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग–10 के बहादुरगढ़–रोहतक खंड पर मौजूदा सड़क का 29.7 किमी से 87 किमी. (लगभग 63.49 किमी.) की सड़क का संवर्धन शामिल है। इस सड़क को निर्धारित तिथि अर्थात 03.05.2008 से 25 वर्ष की अवधि के लिए निर्माण, प्रचालन एवं हस्तांरण (बीओटी) आधार पर (टोल आधारित) पर छह/चार लेन का निर्माण कार्य शामिल है। इस परियोजना में रियायतदाता प्राधिकरण एनएचएआई है। भूमि अधिग्रहण में विलंब होने के कारण 01.05.2010 की एससीओडी की तुलना में परियोजना को पीसीओडी नंवबर, 2015 में हासिला हुई। इसके अतिरिक्त टोल का संग्रहण पूर्वानुमान की तुलना में बहुत कम है, जो ऋणदाताओं की बकाया राशि के शोधन हेतु पर्याप्त नहीं है। इस तथ्य को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 30 प्रतिशत प्रावधानीकरण की अपेक्षा में 50 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

iii. ट्रांसट्रॉय तिरूपति तिरूथानी चेन्नई टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड

इस परियोजना में 30 वर्ष की अवधि के लिए अभिकल्पना निर्माण, वित्तपोषण, प्रचालन, हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग–205 के तिरूपति– तिरूथानी चेन्नई खंड का 274.80 किमी. से 341.60 तक एंव तमिलनाडु में 0.00 किमी. से 59.60 किमी. तक चार लेन बनाना शामिल है। परियोजना का रियायतदाता प्राधिकारण एनएचएआई है। इस परियोजना ने फरवरी, 2015 में पीसीओडी हासिल कर लिया है। हालांकि परियोजना का टोल संग्रहण बहुत कम है जो ऋणदाताओं की बकाया राशि के शोधन हेतु पर्याप्त नहीं है। इस तथ्य को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के 30 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 60 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

iv. जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड

आईआईएफसीएल ने अपने टेकआउट वित्त योजना के तहत जून, 2015 में 900 करोड़ रुपये के यमुना एक्सप्रेसवे (प्रवर्तक जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड) परियोजना का वित्तपोषण किया था। आईडीबीआई बैंक, अग्रणी सहायता संघ के अनुरोध के अनुसार वर्ष 2012 में पीसीओडी हासिल कर लिया गया है जो मूल उद्योगों (5/25 योजना) के प्रति दीर्घावधि परियोजना ऋण की लचीली (फ्लैक्सीबल) पुनर्रचना की भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के कार्यान्वयन के अधीन नियम व शर्तों के साथ है। इस परियोजना के निकट ओखला पक्षी अभयारण्य होनेसे एनजीटी द्वारा निर्माण क्षेत्र को घटाने के आदेश के कारण परियोजना में काफी विलंब हुआ जिसके कारण अनुमानित राजस्व प्रभावित हुआहै एवं परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई। बाद में इस आदेश में ढील दी गयी। इस प्रकार परियोजना को विकसित करने की अनुमति मिली।इस बीच 31.12.2016 को खाता अवमानक हो गया। ऋणदाता इस परियोजना के शेषचरण को तेजी से पूरा करने के लिए नए ऋणदाताओंसे एकमुश्त अतिरिक्त वित्तपोषण की प्रक्रिया से समस्या का समाधान करने के अनेक प्रयास कर रहे हैं जिसके फलस्वरूप मेट्रो रेलनिर्माण/विमानपत्तन के साथ संयोजकता होने से कपनी का समग्र राजस्व/वित्तीय स्थिति भी सुधरेगी।

आईआईएफसीएल ने मौजूदा दिशानिर्देशों और आरबीआई के दिनांक 23 जून, 2017 के पत्र के अनुसार, उन ऋण खातों जहां एनसीएलटी कार्यवाही आरंभ हो चुकी है, में प्रावधानीकरण के लिए दिनांक 31.03.2018 तक 40 प्रतिशत अर्थात 36,000 लाख रुपये का प्रावधान किया है। आरबीआई की दिनांक 12 फरवरी, 2018 की अधिसूचना के अनुसरण में विभिन्न फॉरबियरेंस स्कीमों को समाप्त किए जाने के परिणामस्वरूप, आईआईएफसीएल ने, उन एनसीएलटी मामलों, जहां पहले से ही 50 प्रतिशत का प्रावधानीकरण नहीं किया गया था, में प्रावधानीकरण में 50 प्रतिशत तक सावधानीपूर्वक वृद्धि की है। परिणामस्वरूप, इससे जेपी इंफ्राटेक के 90 करोड़ रुपये के ऋण खाते में 10 प्रतिशत तक का अतिरिक्त प्रावधान हुआ है और इसे दिवाला एवं दिवालियापन संहित (आईबीसी) और भारतीय रिजर्व बैंक की दिनांक 12 फरवरी, 2018 की अधिसूचना के अनुसरण में विभिन्न क्षमादायी योजना को वापस किये जाने में शामिल मामलों के तहत एनसीएलटी के मामलों के संदर्भ के अनुसरण में बनाए गए अन्य ऋण खातों के प्रावधान के साथ आपवादिक प्रावधान के रूप में प्रदर्शित किया है।

v. आईवीआरसीएल इंदौर गुजरात टोलवे लिमिटेड

भूमि तथा अन्य अपेक्षित अनुमोदनों में देरी के कारण परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हुई है। परियोजना लागत में वृद्धि और समय में वृद्धि को ऋणदाताओं द्वारा अतिरिक्त मियादी ऋण के माध्यम से समर्थित किया गया। तथापि, परियोजना में और देरी हुई तथा वर्तमान में एनएचएआई से एकमुश्त निधि संयोजक वन टाइम फंड (इफ्यूशन) की सहायता से क्रियान्वयनाधीन है। उपरोक्त तथ्य को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 20 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 65 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

vi. सोमा आइसोलक्स सूरत हाजीरा टोलवेज लिमिटेड

कम टोल संग्रहण के साथ परियोजना चालू है, जो कि ऋण शोधन के लिए पर्याप्त नहीं है। खाते में दबावग्रस्त आस्तियों की सतत संरचना स्कीम का प्रस्ताव किया गया था परंतु इसे आरबीआई के दिनांक 12.02.2018 के परिपत्र के कारण संपन्न नहीं किया जा सका। उधारकर्ता ने एक समाधान योजना प्रस्तुत की है, जो ऋणदाताओं के समक्ष विचाराधीन है। उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 20 प्रतिशत अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 61.24 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

vii. अटलांटा इन्फ्रा एसेट्स लिमिटेड

पीसीओडी के उपरांत, टोल संग्रहण अपेक्षा से कम था। देयताओं की अदायगी न करने के कारण, आईआईएफसीएल में चल रहा खाता दिनांक 30.09.2015 को एनपीए में चला गया। तदुपरान्त, मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने सितंबर, 2016 में अटलांटा इन्फ्रा एसेट्स लिमिटेड को 145.521 लाख रुपये की राशि प्रदान करने का निर्णय लिया और एनएचएआई ने निर्णय को चुनौती दी। नीति आयोग/एनएचएआई के दिशानिर्देशों के आधार पर, अग्रणी बैंक (यूनियन बैंक) ने एनएचएआई को 75 प्रतिशत राशि की प्राप्ति के लिए बीजी जारी की। आईआईएफसीएल को उसका समानुपातिक शेयर प्राप्त हुए और उसके अनुसार दिनांक 31.03.2017 को खाते को अपग्रेड किया गया। हालांकि, मध्यस्थ के निर्णय के विरुद्ध एनएचएआई की अपील दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित है, एनएचएआई द्वारा मार्च, 2018 में गैर–नवीकरण के कारण बीजी को उपयोग में लाया गया। तदनुसार, दिनांक 31.03.2018 को आईआईएफसीएल में खाता पुनः एनपीए में चला गया। उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडो के अनुसार 10 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 100 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

viii. एल एवं टी हलोल शामलाजी टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड

पीसीओडी के उपरांत, टोल संग्रहण, आरंभिक अनुमानों से कम था। एसडीआर को प्रयुक्त किया गया और आंशिक ऋण को इक्विटी में परिवर्तित किया गया। 5/25 के तहत पुनर्संरचना भी की गई। वर्तमान स्थिति में, खाता के दबावग्रस्त रहना जारी है। उपरोक्त को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडो के अनुसार 30 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 75 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

ix. पटना बख्तियारपुर टोलवेज लिमिटेड

परियोजना ने पीसीओडी प्राप्त की और अप्रैल, 2015 से टोल संग्रहण आरंभ किया। नवंबर, 2017 के अंत में एलआईई की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने 46.847 किलोमीटर (92.58%) का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है तथा शेष कार्य अभी पूरा किया जाना है। परियोजना आवागमन में अपेक्षित प्रदर्शन समस्याओं का सामना कर रही है जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक टोल राजस्व आरंभिक अनुमानों की तुलना में कम रहा। कंपनी वित्तीय दबाव में है और प्रवर्तकों ने परियोजना को पूरा करने के लिए अतिरिक्त निधियों की अदायगी में असमर्थता व्यक्त की है। दिनांक 31.12.2017 को खाता एनपीए में परिवर्तित हो गया। उपरोक्त को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 10 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 60 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

x. एस्सार पावर गुजरात लिमिटेड

खम्बालिया के निकट सलाया, जिला देवभूमि द्वारका, गुजरात स्थित सब–क्रिटिकल टैक्नोलॉजी के तहत आयातित कोयला आधारित थर्मल पॉवर परियोजना है। "दबावग्रस्त आस्तियों का समाधान – संशोधित ढांचा" के संबंध में दिनांक 12 फरवरी, 2018 के आर.बी.आई. के परिपत्रके अनुसार, बाह्य एसडीआर प्रबंधन में परिवर्तन की वर्तमान योजना का कार्यान्वयन नहीं हुआ और अतः दिनांक 29 जुलाई, 2017 को कंपनी का खाता अवमानक में परिवर्तित हो गया। जे.एल.एम. में ऋणदाताओं ने एन.सी.एल.टी के तहत कार्यवाहियां आरम्भ करने के विकल्प को शामिल करने का निर्णय लिया। उपरोक्त को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के मानदंडों के अनुसार 10 प्रतिशत के अपेक्षित प्रावधानीकरण की तुलना में 60 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है।

18. लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक में निम्नलिखित शामिल हैः (राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
(i) लेखा परीक्षा शुल्क	9.00	9.00
(ii) कराधान मामले	1.80	1.80
(iii) प्रमाणीकरण कार्य	2.90	3.60
(iv) 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त छमाही के लिए लेखा परीक्षा शुल्क	2.70	2.70
योग	**16.40**	**17.10**

19. विभिन्न कर निर्धारण वर्ष (षों) के लिए आय कर के बकाया कर निर्धारण की स्थिति निम्नानुसार है:

कर निर्धारण वर्ष	स्थिति
2008–09	आईआईएफसीएल ने आयकर विभाग के दिनांक 07 मार्च 2014 के आदेश के अनुसार वर्ष 2008–09 कर निर्धारण वर्ष के लिए 159 लाख रुपये के कर बकाया की मांग के विरुद्ध अपील दाखिल की है। आयकर आयुक्त (अपील) –4 ने 8 सितंबर, 2015 को आदेश पारित किया और आईआईएफसीएल की अपील खारिज कर दी है। आईआईएफसीएल ने दिनांक 16 नवंबर, 2015 को आईटीएटी के समक्ष दोबारा अपील दाखिलकी है। आईटीएटीने सीआईटी (ए) के समक्ष 29 अगस्त, 2017 को यह मामला पुनः शुरू किया है।
2011–12	मंजूरी न मिलने के उपरांत दिनांक 29.04.2018 को धारा 148 के तहत कर निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ। दिनांक 27 दिसंबर, 2016 को सीआईटी (ए) के समक्ष अपील दाखिल की गई एवं 7.95 करोड़ रुपये के आय कर मांग की राशि जमा की गई। सीआईटी (ए) ने अस्वीकृत खर्चों की आंशिक अनुमति दी। आय कर विभाग ने आईटीएटी में अपील दाखिल की है।
2013–14	दिनांक 23.02.2016 को धारा 143(3) के तहत कर निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ। दिनांक 23.03.2016 को सीआईटी (ए) के समक्ष इसकी अपील दाखिल की गई, एवं आंशित अस्वीकृति के उपरांत दिनांक 20.10.2020 को आदेश प्राप्त हुआ। दिनांक 19.12.2016 को आईटीएटी में अपील दाखिल की गई। 48.31 लाख रुपये के आय कर मांग की राशि जमा की गई। आईटीएटी ने दिनांक 17.01.2020 के अपने आदेश के माध्यम से आईआईएफसीएल की अपील पर आंशिक अनुमति दी है। आईआईएफसीएल ने आगे अपील करने को प्राथमिकता नहीं दी एवं दिनांक 22.06.2020 को एओ को अपील प्रभावी पत्र दाखिल किया है।
2014–15	मंजूरी न मिलने के उपरांत दिनांक 29.11.2016 को कर निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ। दिनांक 27 दिसंबर, 2016 को सीआईटी (ए) के समक्ष अपील दाखिल की गई एवं 9.35 करोड़ रुपये के आय कर मांग की राशि जमा की गई। सीआईटी (ए) ने अस्वीकृत खर्चों की आंशिक अनुमति दी। आय कर विभाग ने आईटीएटी में अपील दाखिल की है।
2016–17	दिनांक 28.12.2018 को धारा 143(3) के तहत कर निर्धारण आदेश प्राप्त हुआ। इसके लिए सीआईटी(ए) के समक्ष दिनांक 25.01.2019 को निर्धारण आदेश में बताई गई अस्वीकृतियों के विरुद्ध अपील दाखिल की गई और प्रतिवाद के तहत 137 लाख रुपये के 20:की कर मांग की राशि जमा की गई एवं 46.71 लाख रुपये कर निर्धारण वर्ष 2011–12 के रिफंड से समायोजित की ली गई।

20. अन्य प्रकटीकरण:

क. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी ने शून्य रुपये निवल बही मूल्य (31 मार्च, 2019 को शून्य रुपये) की वित्तीय आस्तियां पुर्ननिर्माण कंपनियों को सौंप दी है। कंपनी ने डीबीओडी बीपीबीसी संख्या 98/21.04.132/2013–14 दिनांक 26 फरवरी, 2014 एवं आय मान्यता पर विवेकसम्मत मापदण्डों पर भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर परिपत्र डीएनबीआर (पीडी) सीसी संख्या 043/03.10.119/2015–16 दिनांक 1 जुलाई, 2015 के अनुसार शून्य की निवल कमी को (31 मार्च, 2019 को भी शून्य) आठ तिमाहियों की अवधि में विभाजित कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान शून्य रुपये की राशि को (31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के दौरान शून्य रुपये) समाप्त (चार्ज ऑफ) कर दिया गया है।

ख. 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी ने 12 खातों के 1,22,297.10 लाख रुपये (31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष में 7 ऋण खातों में 72,241.70 लाख रुपये) को बट्टे खाते में डाल दिया है। नोट 1(क)(5.3) देखें।

ग. आईआईएफसीएल ने निवेशों में मूल्यह्रास के लिए 17,201.01 लाख रुपये का प्रावधान निम्नानुसार किया है:

- वर्ष 2017–18 के दौरान ऋणदाताओं ने भारतीय रिजर्व बैंक के रणनीतिक ऋण पुनर्रचना दिशानिर्देशों के अनुसार प्रबंधन में हुए बदलाव को दर्शाने के लिए ईडबल्यू इंडिया स्पेशल फंड II प्रा. लिमिटेड के पक्ष में सामूहिक रूप से 26 प्रतिशत वापस ले लिए। इस डील का भाग होने के कारण, मैसर्स आधुनिक पावर एंड नैचुरल रिसौर्सेज लिमिटेड (एपीएनआरएल) से 52,000.00 लाख रुपये के मूलधन और उस पर 2545.99 लाख रुपये के ब्याज तथा अन्य ऊपरी देयताओं के बकाया ऋण को एक आस्ति पुर्ननिमाण कंपनी, एडेवीज एसेट रीकन्स्ट्रकशन कंपनी लिमिटेड (ईएआरसी) को एपीएनआरएल की इक्विटी शेयर पूंजी 9710.71 लाख रुपये (अर्थात 10 रुपये के प्रत्येक पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर) और 38,884.95 लाख रुपये की प्रतिभूति रसीद सहित 108.18 लाख रुपये के अग्रिम प्राप्य सहित 38,884.95 लाख रुपये के प्रतिफल पर बेच दिया। ईएआरसी ने साथ ही साथ, 10 रुपये प्रत्येक के अनुसार एपीएनआरएल के इक्विटि शेयर के कुल 4945.70 लाख रुपये 1.2045 प्रति शेयर की दर से कुल 595.72 लाख रुपये में खरीदे। तदनुसार, आईआईएफसीएल, एपीएनआरएल के इक्विटी शेयर की बिक्री की कीमत के रूप में ईएआरसी द्वारा आईआईएफसीएल को प्रदत्त राशि को उचित मूल्य समझता है। तदनुसार, 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार, एपीएनआरएल में आईआईएफसीएल द्वारा धारित शेष इक्विटी का मूल्य 1.2045 प्रति शेयर है इस प्रकार 4,191.05 लाख रुपये के इक्विटी निवेशों के ह्रास के लिए का प्रावधान किया गया।

- मैसर्स टॉपवर्थ टोलवेज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में रियायतग्राही के स्थानांतरण के परिणामस्वरूप, 8,000.00 लाख रुपये की बकाया ऋण राशि में से 6,078.00 लाख रुपये की राशि को नए रियायतग्राही अर्थात बंसल पाथवेज प्राइवेट लिमिटेड को वार्षिक रूप से 0.01 प्रतिशत कूपन दर से वैकल्पिक परिवर्तनीय प्रतिदेय डिबेंचर रखने वाले 0.01 प्रतिशत के माध्यम से निष्पादित अथवा जारी किया गया। 1,922.00 लाख रुपये के शेष बकाया ऋण को नए रियायतग्राही, बंसल पाथवेज (मंगावान–चकघाट) प्राइवेट लिमिटेड पर रखा जाएगा। तदनुसार, 5,388.48 लाख रुपये के निवेश में मूल्यह्रास संबंधी प्रावधान को बंसल पाथवेज (मंगावान–चकघाट) प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जारी डिबेंचरों पर 25 वर्षों के बाद पुनर्भुगतान किया जाना है।
- समाधान योजना के अनुमोदन के परिणास्वरूप, अगस्त 2018 में, मैसर्स सूरत हजीरा एनएच–6 टॉलवेज प्रा.लि. के मामले में, 29,024.00 लाख रुपए के वित्तपोषितएक्सपोजर को, अंतिम तारीख के अनुसार, 15,238 लाख रुपए के धारणीय ऋण और 13,786.00 लाख रुपए के अधारणीय ऋण में परिवर्तित किया गया। अनुमोदित योजना में, अन्य बातों के साथ–साथ,ब्याज दर में कमी, चुकौती अवधि के विस्तार आदि के रूप में राहत प्रदान किया जाना शामिल था। तदनुसार, 7,686.58 लाख रुपए के ह्रास के लिए प्रावधान किया गया है।

घ. यथा 31 मार्च, 2020 को निवेश एवं प्रतिभूति रसीदों का प्रकटीकरण: (राशि लाख रुपये में)

विवरण		विगत 5 वर्षों में जारी प्रतिभूति रसीदें	5 वर्षों से पहले किंतु विगत 8 वर्ष से कम में जारी की गई प्रतिभूति रसीदें	8 वर्षों से पहले जारी की गई प्रतिभूति रसीदें
(i)	बैंक द्वारा आधारभूत रूप में बेचे गये एनपीए द्वारा समर्थित प्रतिभूति रसीदों का बही मूल्य	50,368.58	-	-
	हेतु धारित प्रावधान (i)	-	-	-
(ii)	बैंक/वित्तीय संस्थानों/गैरबैंकिंग वित्तीय कंपनिया द्वारा आधारभूत रूप में बेचे गए एनपीए द्वारा समर्थित प्रतिभूति रसीदों का बही मूल्य	-	-	-
	हेतु धारित प्रावधान(ii)	-	-	-
योग (i) + (ii)		**50,368.58**	-	-

21. वर्ष के दौरान धारक कंपनी ने उधारकर्ताओं के सांविधिक लेखा परीक्षकों से 31 दिसंबर, 2019 तक की स्थिति तथा बैंकों एवं अन्य पक्षों आदि से 31 मार्च, 2020 की स्थिति पर शेष राशि की पुष्टि करने के लिए पत्र भेजे थे। 31 मार्च, 2020 की स्थिति के अनुसार ऋण अवसंरचना ऋणों, उधारियों तथा अन्य कर्जों एवं ऋण शेष के अंतर्गत दिखाये गये कुछ शेष पुष्टि एवं मिलान के अधीन हैं एवं प्रबंधन की राय में ऐसी पुष्टि एवं मिलान के अलावा कुछ मामलों में ब्याज दरों के लंबित पुनर्निर्धारण के कारण कोई तात्विक प्रभाव प्रत्याशित नहीं है। 31 मार्च 2019 के पश्चात 31 दिसंबर, 2019 को (एनपीए खातों को छोड़कर) कुल 23,63,435.37 लाख रुपये बकाया शेष वाले उधारकर्ता (गत वर्ष 28,66,410.05 लाख रुपये) 97.35 प्रतिशत (गत वर्ष 90.91 प्रतिशत) की बकाया राशि दर्शा रहे हैं। महत्वपूर्ण बकाया राशि वाले बैंक एवं अन्य पक्षों ने भी 31 मार्च, 2020 तक कर्ज/ऋण की बकाया राशि की पुष्टि की है जिसका विवरण इस प्रकार है:

विवरण	वित्त वर्ष 2019.20		वित्त वर्ष 2018.19	
	शेष राशि की पुष्टि (लाख रुपये में)	% पुष्टिकृत शेष का	शेष राशि की पुष्टि (लाख रुपये में)	% पुष्टिकृत शेष का
विदेशी संस्थानों से उधारियां	1,493,018.35	100%	13,53,022.28	100%
बैंकों से ओवरड्राफट सुविधा	3,00,358.40	100%	87,234.04	100%
उद्यम पूंजी इकाइयों में निवेश	1,674.87	100%	1,674.87	100%
प्रतिभूति रसीदों में निवेश	50,568.58	100%	54,502.89	100%
सावधि जमाओं में निवेश	939,974.25	100%	514,458.60	100%
बंधपत्रों/सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश (अभौतकीकरण के रूप में)	529,760.00	100%	9,786.70	100%
म्युचुअल फंडों में निवेश	26,020.13	100%	25.340.31	100%

22. आईसीएआई द्वारा 15 मई 2015 को जारी कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्वों की गतिविधियों के तहत व्यय के लिए लेखांकन पर मार्गदर्शी नोट से संबंधित प्रकटीकरण :

क) सीएसआर व्यय सहित विभिन्न मदों के व्यय का विवरण : (राशि लाख रुपये में)

क्र. सं.	संगठन का नाम	परियोजना ब्यौरे	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
1	पीएम केयर्स फंड	भारत में कोरोना वाइरस को फैलने से रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा जारी पहल को सहायता।	2500.00	
2	हिमाचल कंसल्टेंसी ओर्गनाइजेशन लिमिटेड	बोर्सिमुगुड़ी (असम) का एकीकृत विकास	-	3.52
3	राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्स्ट्रूमेंट लिमिटेड (आरईआईएल)	भारत के पिछड़े जिलों में 1500 सौर सड़क प्रकाश की स्थापना	-	43.61
4	सुलभ इंटरनेशनल सोसियल सर्विस ओर्गनाइजेशन	सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल में कल्याओं के लिए शौचालय का निर्माण	-	20.89
5	प्यारी फाउंडेशन इंडिया ट्रस्ट	बाग्मुंडी (पुरुलिया), पश्चिम बंगाल का एकीकृत विकास	-	7.84
6	लोयन्स क्लब ऑफ पलक्कड	सरकार द्वारा सहायता प्राप्त स्कूल में बोरवेल की स्थापना और शौचालय का निर्माण	-	3.93
7	राष्ट्रीय संस्कृति निधि	राष्ट्रीय संस्कृति निधि में योगदान	-	146.09
8	सीएसआर उपरि व्यय		-	10.01
	कुल योग		**2500.00**	**235.89**

ख) सीएसआर व्यय के संबंध में अतिरिक्त प्रकटीकरण:

i) 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा खर्च किए जाने वाली अपेक्षित सकल राशि 589.69 लाख रुपये (31 मार्च, 2019 को 1,731.91 लाख रुपये) थी।

ii) वर्ष के दौरान खर्च की गई राशि: (राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष			31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष		
	नकद	नकद में भुगतान किया जाना है	कुल	नकद	नकद में भुगतान किया जाना है	कुल
(i) किसी भी एसेट का निर्माण/अधिग्रहण*	-	-	-	225.88	-	225.88
(ii) उपरोक्त (i) के अलावा अन्य उद्देश्य पर	2500.00#	-	2500.00	10.01	-	10.01
कुल	2500.00	-	2500.00	235.89	Nil	235.89

*किसी भी आस्ति का निर्माण/अर्जन में घरों में सौर प्रकाश का अधिष्ठापन शामिल है।

#इस राशि का भुगतान सीएसआर आरक्षित निधि से किया गया है।

23. गैर–बैंकिंग वित्तीय (जमा स्वीकार न करना अथवा धारिता न करना) कंपनी विवेकसम्मत मापदंड (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2007 के अनुच्छेद 13 के अनुसार अपेक्षित अतिरिक्त सूचना का विवरण

(राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष		31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	
	बकाया राशि	अतिदेय राशि	बकाया राशि	अतिदेय राशि
देयता पक्षः **(1) गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा प्राप्त किए गए ऋण व अग्रिम राशि** **एवं उन पर उपार्जित ब्याज लेकिन अदा नहीं किया गयाः**				
(क) डिबेंचर : प्रतिभूत : अप्रतिभूत (सार्वजनिक जमा अर्थ के अंतर्गत आने वाले डिबेंचरों के अलावा)	14,94,385.35 3,60,000.00		14,94,385.35 3,60,000.00	
(ख) आस्थगित ऋण	-		-	

(ग) सावधि ऋण	1,493,018.35		13,53,022.28	
(घ) अंतर कॉर्पोरेट ऋण एवं उधार		-	-	
(ङ) वाणिज्यिक (लेखा) पत्र		-	-	
(च) अन्य ऋण (अल्पकालिक बैंक ऋण)	300,358.40	-	87,234.04	

आस्ति पक्षः	**बकाया राशि**	
	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	**31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष**
(2) प्राप्त बिल निम्नलिखित (4) में शामिल प्राप्यों के अलावा, सहित ऋण एवं अग्रिमों का अलग–अलग विवरणः		
(क) प्रतिभूत	2,756,095.59	30,11,940.98
(ख) अप्रतिभूत	607,626.69	5,01,674.64
(3) एएफसी क्रियाकलापों में गिने जाने वाले किराए पर पट्टाकृत		
(i) विविध कर्जदारों के अंतर्गत पट्टा किराया सहित पट्टाकृत आस्तियां		
(क) वित्तीय पट्टा	-	-
(ख) प्रचालन पट्टा	-	-
(ii) विविध कर्जदारों के अंतर्गत किराया प्रभार सहित किराए पर स्टाक		
(क) किराए पर आस्तिय	-	-
(ख) पुनः कब्जे में ली गई आस्तियां	-	-
(iii) एएफसी क्रियाकलापों में गिने जाने वाले अन्य ऋण		
(क) ऐसे ऋण जहां आस्तियां पुनः कब्जे में ली गई है	-	-
(ख) उपरोक्त (क) के अलावा ऋण	-	-
(4) निवेशों का ब्यौराः		
वर्तमान निवेशः		
1. उद्धृतः		
(i) शेयरः (क) इक्विटी ख) अधिमानी	- -	- -
(ii) डिबेंचर एवं बॉन्ड	-	-
(iii) म्यूचुअल फंड की यूनिटें	-	-
(iv) सरकारी प्रतिभूतियां	-	-
(v) अन्य (कृपया उल्लेख करें)	-	-
2. अनुद्धृतः		
(i) शेयरः (क) इक्विटी ख) अधिमानी	- -	- -
(ii) डिबेंचर एवं बॉन्ड	-	-
(iii) म्यूचुअल फंड की यूनिटें	-	-
(iv) सरकारी प्रतिभूतियाँ	-	-
(v) अन्य (कृपया उल्लेख करें)	-	-
दीर्घकालिक निवेशः		
1. उद्धृतः		
(i) शेयरः (क) इक्विटी ख) अधिमानी	- -	- -
(ii) डिबेंचर एवं बॉन्ड	-	1,10,834.58
(iii) म्यूचुअल फंड की यूनिटें	-	-
(iv) सरकारी प्रतिभूतियां	-	-
(v) अन्य (कृपया उल्लेख करें)	-	-
2. अनुद्धृतः		
(i) शेयरः (क) इक्विटी ख) अधिमानी	49,141.34 -	30.295.83 -
(ii) डिबेंचर एवं बॉन्ड	19,864.00	19,864.00
(iii) म्यूचुअल फंड की यूनिटे	26,020.13	25,340.31
(iv) सरकारी प्रतिभूतियां	529,760.00	9.786.70
(v) अन्य (इक्विटी शेयर पूंजी में अग्रिम) उद्यम पूंजी इकाइयों में निवेश)	1,674.87	1,674.87
(vi) प्रतिभूति रसीदों में निवेश	50,368.58	54,502.89
योग	**4,040,551.21**	**36,54,508.55**

(5) उपरोक्त (2) एवं (3) में दिये गए विवरणानुसार वित्तपोषित आस्तियों का समूह–वार उधारकर्ता वर्गीकरण			
श्रेणी	**प्रावधानों की निवल धनराशि (31 मार्च, 2020 तक)**		
	प्रतिभूत	**अप्रतिभूत**	**योग**
1. संबन्धित पक्ष			
क) सहायक कंपनियां	-	-	-
ख) उसी समूह में समान कंपनिया	-	-	-
ग) अन्य संबन्धित पक्ष	-	-	-
2. संबन्धित पक्षों के अलावा	23,15,852.78	6,00,035.25	2,915,888.03
योग	23,15,852.78	6,00,035.25	2,915,888.03
श्रेणी	**प्रावधानों की निवल धनराशि (31 मार्च, 2019 तक)**		
	प्रतिभूत	**अप्रतिभूत**	**योग**
1. संबन्धित पक्ष			
क) सहायक कंपनियां	-	-	-
ख) उसी समूह में समान कंपनिया	-	-	-
ग) अन्य संबन्धित पक्ष	-	-	-
2. संबन्धित पक्षों के अलावा*	25,89,166.95	4,95,146.95	30,84,313.90
योग	**25,89,166.95**	**4,95,146.95**	**30,84,313.90**
(6) शेयर एवं प्रतिभूतियाँ (उद्धृत एवं अनुद्धृत दोनों) में सभी निवेशों (वर्तमान एवं दीर्घकालिक) का समूहवार निवेशक वर्गीकरण			
श्रेणी	**प्रावधानों की निवल धनराशि (31 मार्च, 2020 तक)**		
	प्रतिभूत	**अप्रतिभूत**	**योग**
1. संबन्धित पक्ष			
क) सहायक कंपनियां	-	43,965.32	43,965.32
ख) उसी समूह में समान कंपनिया	-	26,020.13	26,020.13
ग) अन्य संबन्धित पक्ष	-	-	-
2.संबन्धित पक्षों के अलावा	-	984.98	984.98
श्रेणी	**प्रावधानों की निवल धनराशि (31 मार्च, 2019 तक)**		
	प्रतिभूत	**अप्रतिभूत**	**योग**
1. संबन्धित पक्ष			
क) सहायक कंपनियां	-	25,119.80	25,119.80
ख) उसी समूह में समान कंपनिया	-	29,597.12	29,597.12
ग) अन्य संबन्धित पक्ष	-	-	-
2. संबन्धित पक्षों के अलावा	-	984.98	984.98

(7) अन्य जानकारी		
विवरण	**31 मार्च, 2020 तक**	**31 मार्च, 2019 तक**
(i) **सकल अनर्जक आस्तियां**		
(क) संबन्धित पक्ष	-	-
(ख) संबन्धित पक्षों के अलावा	662,307.29	6,51,076.51
(ii) निवल अनर्जक आस्तियां		
(क) संबन्धित पक्ष	-	-
(ख) संबन्धित पक्षों के अलावा	3,27,832.88	3,44,077.28
(iii) कर्ज चुकाव में अर्जित आस्तियां	Nil	Nil

24. भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना डीएनबीआर (पीडी) सीसी संख्या 002/03.10.001/2014–15 दिनांक 10 नवंबर, 2014 के अनुसरण में प्रकटीकरण

24.1 पूंजी

(राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 तक	31 मार्च, 2019 तक
टियर I पूंजी	10,63,924.51	4,76,848.29
टियर II पूंजी	10,788.99	11,368.19
कुल पूंजी	**10,74,713.49**	**4,88,216.48**
कुल जोखिम भारित आस्तिया	34,84,135.01	3,581,547.26
पूंजीगत अनुपात		
कुल जोखिम आस्तियों के प्रतिशत के तौर पर टियर I पूंजी (%)	30.54	13.31
कुल जोखिम आस्तियों के प्रतिशत के तौर पर टियर II पूंजी (%)	0.31	0.32
कुल पूंजी (%)	**30.85**	**13.63**
टियर–II पूंजी के रूप में जुटाई गई गौण ऋणों की राशि	-	-
सतत ऋण लिखितें जारी करके जुटाई गई राशि	-	-

24.2 निवेश

(राशि लाख रुपये में)

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च, 2020को समाप्त वर्श	31 मार्च, 2019को समाप्त वर्श
1	निवेश का मूल्य		
(i)	निवेश का सकल मूल्य	676,828.93	1,41,464.59
(क)	भारत में	634,588.60	1,18,069.79
(ख)	भारत के बाहर	42,240.32	23,394.80
(ii)	मूल्यह्रास के प्रावधान	-	-
(क)	भारत में	17,201.01	16,831.53
(ख)	भारत के बाहर	-	-
(iii)	निवेशों का निवल मूल्य	659,627.91	1,24,633.06
(क)	भारत में	617,387.59	1,01,238.26
(ख)	भारत के बाहर	42,240.32	23,394.80
2	निवेशों के मूल्यह्रास के प्रति धारित प्रावधानों में उतार–चढ़ाव		
(i)	प्रारम्भिक शेष	16,831.15	9638.96
	जोड़ें: वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	369.86	7252.00
	घटाएँ: वर्ष के दौरान अधिक प्रावधान अपलेखन/प्रतिलेखन	-	59.43
	अंतिम शेष	17,201.01	16,831.15

24.3 व्युत्पन्नियां

25.3.1 वायदा दर करार/ब्याज दर स्वैप (विनिमय)

(राशि लाख रुपये में)

क्र.सं.	विवरण	31 मार्च, 2020को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019को समाप्त वर्ष
1	कल्पित मूलधन का स्वैप करार	8,000.00	8,000.00
2	ऐसी हानियां, जो यदि होती हैं तो काउंटर पार्टी करारों के अंतर्गत अपने दायित्व पूरे करने में विफल रहती हैं	-	-
3	स्वैप (विनिमय) संपन्न करने पर एनबीएफसी द्वारा अपेक्षित संपार्श्विक	-	-
4	स्वैप (विनिमय) से उत्पन्न ऋण जोखिम का सकेंद्रीकरण	-	-
5	स्वैप (विनिमय) बही का उचित मूल्य	(1,830.89)	(1,688.71)

24.3.2 व्युत्पन्नियों में जोखिम का प्रकटीकरण:

गुणात्मक प्रकटीकरण

एनबीएफसी के लिए उस सीमा के विशेष संदर्भ में व्युत्पन्नियों से संबंधित उनकी जोखिम प्रबंधन नीतियों का उल्लेख करना आवश्यक होता है, जिनके लिए व्युत्पन्नियों का उपयोग किया गया है तथा संबद्ध जोखिम एवं कारोबार के उद्देश्य पूरे कर लिए गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 10 नवंबर, 2014 के दिशानिर्देशों के अनुपालन में निम्न प्रकार से इनका प्रकटीकरण किया जा रहा है:

क) आईआईएफसीएल विदेशी मुद्रा ऋणों की मुद्रा एवं ब्याज दर जोखिम को कम करने के लिए ब्युत्पन्नी लेन देन करता है। कंपनी ने बचाव व्यवस्था (हेजिंग) वाली नीति बनाई है जो निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित संसाधन एवं कोषागार नीति का हिस्सा है। कंपनी के व्युत्पन्नी लेन देन इस नीति के द्वारा नियंत्रित होते हैं, जिनका उपयोग अंतर्निहित देयताओं के अनुसार बचाव व्यवस्था के लिए किया जाएगा।

ख) आईआईएफसीएल विदेशी मुद्रा ऋणों पर उत्पन्न मुद्रा संबंधी जोखिमों (बाजार जोखिम) और ब्याज दर की बचाव व्यवस्था करने/कम करने के उद्देश्य से व्युत्पन्नी लेन देन करता है।

ग) आईआईएफसीएल विदेशी मुद्रा ऋणों के विनिमय एवं ब्याज दर की बचाव व्यवस्था के उद्देश्य के लिए व्युत्पन्नी लेन–देन करता है किसी अन्य उद्देश्य के लिए नहीं। व्युत्पन्नी लेन–देन शब्द निरंतर प्रभावोत्पादकता के लिए तदनुरूपी अंतर्निहित (देयताओं) के साथमेल खाता है। समान शब्द की संकल्पना के माध्यम से आरंभ के समय उक्त प्रभावोत्पादकता का पता लगाया जाता है।

घ) आईआईएफसीएल वरिष्ठ प्रबंधन तथा निदेशक मंडल को क्रमशः मासिक व तिमाही आधार पर व्युत्पन्नी लेनदेन एवं उनके एमटीएम की स्थिति की रिपोर्ट देता है। इसके अलावा, आईआईएफसीएल के आर एंड टी सलाहकारों के द्वारा तिमाही आधार पर एमटीएम की स्वतंत्र निगरानी की जा रही है।

ड.) आईआईएफसीएल की बही में विनिमय व्यापार ब्याज दर व्युत्पन्नियां शून्य है।

च) आईआईएफसीएल अपनी विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के बचाव के लिए परस्पर लेनदेन की मुद्रा ब्याज दर विनिमय करता है। मात्रात्मक प्रकटीकरण में दर्शाए गए आंकडे पृथक नहीं हो सकते हैं क्योंकि सौदा मूल्य और ब्याज नकदी प्रवाह के लिए समेकित आधार पर बही में दर्ज किया जाता है।

छ) बचाव वाले एवं बिना बचाव वाले लेनदेन के अभिलेखन, आय की पहचान, प्रीमियम व छूट, बकाया संविदाओं का मूल्यांकन, प्रावधानीकरण, संपार्श्विक एवं ऋण जोखिम न्युनीकरण के लिए लेखांकन नीति 1(क)(4) में किया जाता है।

ज) आईआईएफसीए के प्रबंध निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित प्रबंधन एवं निवेश कमेटी के द्वारा संसाधन एवं कोषागार नीति के अनुसार अपने कुल इक्सपोजर का 65–70 प्रतिशत के बीच अपनी बचाव की स्थिति को रखेगा। इसके अतिरिक्त वायदा प्रीमियम की बचत के साथ खुली स्थिति का विनिमय उतार चढ़ाव अंतर किसी भी समय पर कंपनी के निबल मूल्य के10 प्रतिशत का उल्लंघन नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त, यदि पोर्टफोलियो आधार पर, वित्तीय वर्ष में रुपये में 5 प्रतिशत या उससे अधिक की गिरावट आती है, आईआईएफसीएल. अपनी स्थिति का 75 प्रतिशत पर रखेगा।

जोखिम प्रबंधन अवसंरचना

क) आईआईएफसीएल के निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित समेकित जोखिम प्रबंधन संरचना के अनुसार जोखिम प्रबंधन पर काम करता है।इसके अतिरिक्त, आईआईएफसीएल की संसाधन और कोष नीति को वार्षिक रूप से बोर्ड की प्रबंधन और निवेश समिति द्वाराअनुमोदित किया जाता है। यह रूपरेखा नीति मार्गदर्शी मापदंड मुहैया कराती है जिसके आधार पर आईआईएफसीएल अपने उन मुद्राजोखिम का प्रबंधन करने से संबंधित निर्णय लेता है जो विदेषी मुद्रा ऋण के कारण जोखिमपूर्ण होते हैं।

ख) इसके साथ ही आईआईएफसीएल ने मंडल स्तर की जोखिम प्रबंधन समिति एवं बोर्ड स्तरीय आस्ति देयता प्रबंधन समिति(एलको समिति) गठित की है जो कारोबारी प्रचालन के जोखिमों के प्रबंधन को मजबूती प्रदान करती है। एलको नकदी एवं ब्याज दर जोखिम की निगरानी करता है जिसमें आस्तियों की प्राप्तियां एवं कर्ज सेवा उत्तरदायित्व की दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक नकदी प्रोफाइल शामिल हैं। क्रास करेंसी (मुद्रा) विनिमय तथा मुद्रा विनिमय की बचाव देयताओ सहित व्युत्पन्नी लेनदेन भी शामिल हैं। ये व्युत्पन्नी लेन देन बचाव उद्देश्य से किए जाते हैं न कि व्यापारिक या प्रत्याशी उद्देश्य से किए जाते हैं।

अंतर्निहित जोखिमों के प्रकार

i. ऋण जोखिम– ऋण जोखिम के अंतर्गत एक उधारकर्ता के ऋण की मात्रा में कमी के कारण पैदा होने वाली हानियों के साथ साथ यह जोखिम भी होते हैं जिसमें एक उधारकर्ता ऋण या एक अग्रिम के संविदात्मक पुनर्भुगतान में चूककर्ता हो सकता है। आईआईएफसीएल में अवसंरचना ऋण में क्रेडिट जोखिम का प्रबंधन करने के लिए एकीकृत जोखिम प्रबंधन रूपरेखा मौजूद है।

ii. बाजार जोखिम –बाजार जोखिम वे जोखिम हैं जो लिखतोंया लिखतों के पोर्टफोलियों के बाजार मूल्य में आई विपरीत परिस्थितियों के कारण हानि उठाते हैं। बाजार जोखिम में मुद्रा जोखिम तथा ब्याजदर जोखिम समाहित होता है। मुद्रा जोखिम तब पैदा होता है जब रुपये एवं विदेशी मुद्रा की विनिमय दरों में परिवर्तन/ उतार चढ़ाव आता है। ब्याज दर एक्सपोजर मुख्यतः लंबी अवधि के दौरान ब्याज दरों में बदलाव के कारण होता है।आईआईएफसीएल अपनी कारोबारी गतिविधि के भाग के रूप में बाजार जोखिमों और ब्याज दर जोखिमों का सामना करती है।

iii. चलनिधि जोखिम–चलनिधि जोखिम वित्तपोषण की मांगको पूरा करने एवं लेनदेन के तर्क संगत मूल्य पर उधार निधियों के क्रियान्वयन में संस्थान की विफलता के कारण होने वाली हानि का जोखिमहै। येबाजारचलनिधि जोखिम या वित्तपोषणचलनिधि जोखिम हो सकते हैं। आईआईएफसीएल चलनिधि जोखिम से निपटने के लिए पर्याप्त चलनिधि एवं विपणनीय प्रतिभूतियों को प्रबंधित करके और संयुक्त ऋण व्यवस्था की एक पर्याप्त राशि में माध्यम से निधि हेतु पहुंच बनाने के द्वारा जोखिम से निपटता है।

iv. प्रचालनात्मक जोखिम – प्रचालनात्मक जोखिम वह जोखिम है जो अपर्याप्त प्रणाली एवं नियंत्रण, सूचना प्रणाली की कमी, मानव गलतियों अथवा प्रबंधन की असफलता के परिणामस्वरूप उभरता है। आईआईएफसीएल की प्रचालनात्मक जोखिम प्रबंधन नीति प्रचालनात्मक जोखिमों को प्रबंधित करने का प्रयास करती है।

मात्रात्मक प्रकटीकरण (राशि लाख रुपये)

क्र.सं	विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष		31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष	
		मुद्रा व्युत्पन्न	ब्याज दर व्युत्पन्न	मुद्रा व्युत्पन्न	ब्याज दर व्युत्पन्न
(i)	व्युपन्नियां (काल्पनिक मूल राशि)	8,10,203.15	8,10,203.15	7,97,874.82	7,97,874.82
	बचाव के लिए	8,10,203.15	8,10,203.15	7,89,874.82	7,89,874.82
(ii)	बाजार से बाजार स्थितियां (1)	1,22,778.08	1,22,778.08	97,273.13	97,273.13
	क. आस्ति (+)	1,24,421.35	1,24,421.35	103,978.37	103,978.37
	ख. देयताएं (-)	(1,643.27)	(1,643.27)	(6,705.24)	(6,705.24)
(iii)	ऋण एक्सपोजर	-	-	-	-
(iv)	बिना बचाव वाले एक्सपोजर	5,24,965.72	5,24,965.72	5,48,426.66	5,48,426.66

24.4 प्रतिभूति से संबंधित प्रकटीकरण

आस्ति पुर्ननिर्माण के लिए प्रतिभूतिकरण/पुनिर्निर्माण कंपनी हेतु बेची गई वित्तीय आस्तियों के ब्यौरेः

(राशि लाख रुपये में)

क्र.सं	विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
(i)	खातों की संख्या	-	-
(ii)	एससी/आरसी हेतु बेचे गए खातों का समस्त मूल्य (निवल प्रावधानों का)	-	-
(iii)	समस्त प्रतिफल	-	-
(iv)	पूर्व के वर्षों में स्थानांतरित खातों के परिप्रेक्ष्य में वसूला गया अतिरिक्त प्रतिफल	-	-
(v)	निवल बही मूल्य पर कुल (लाभ)/हानि	-	-

24.5 बेची गई अनर्जक वित्तीय आस्तियों के ब्यौरेः

(राशि लाख रुपये में)

क्र.सं	विवरण	31 मार्च, 2020को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019को समाप्त वर्ष
(i)	बेचे गए खातों की संख्या	-	-
(ii)	कुल बकाया	-	-
(iii)	कुल प्राप्त प्रतिफल	-	-

24.6 आस्ति देयता प्रबंधन

31 मार्च, 2020 पर कुछ निश्चित आस्ति एवं देयता मदों की परिपक्वता का प्रतिमानः (राशि लाख रुपये में)

विवरण	1 माह तक	1 माह से अधिक व 2 माह तक	दो माह से अधिक व 3 माह तक	3 माह से अधिक व 6 माह तक	6 माह से अधिक व 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक व 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक व 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	कुल
विवरण									
देयताएं	3,00,358.40	-	-	-	-	-	-	-	3,00,358.40
बैंकों से उधारियां	-	-	-	-	-	5,388.11	7,09,660.74	11,39,336.50	18,54,385.35
बाजार से उधारियां									
आस्तियां	10,132.31	9,630.75	83,020.14	1,29,690.85	2,60,667.10	12,91,744.88	7,38,199.76	48,96,804.05	74,19,889.83
वित्तीय गतिविधियों के तहत प्राप्य	-	-	-	-	-	-	-	5,29,760.00	5,29,760.00
निवेश	-	-	-	-	-	-	-	-	-
विदेशी मुद्रा आस्ति	7,235.78	3,586.86	-	24,477.53	33,296.13	1,46,028.51	1,71,298.49	11,07,095.05	14,93,018.35

31 मार्च, 2019 पर कुछ निश्चित आस्ति एवं देयता मदों की परिपक्वता का प्रतिमान (राशि लाख रुपये में)

विवरण	1 माह तक	1 माह से अधिक व 2 माह तक	दो माह से अधिक व 3 माह तक	3 माह से अधिक व 6 माह तक	6 माह से अधिक व 1 वर्ष तक	1 वर्ष से अधिक व 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक व 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	कुल
देयताएं									
बैंकों से उधारियां	87,234.94	-	-	-	-	-	-	-	87,234.94
बाजार से उधारियां	-	-	-	-	-	5,388.11	409,660.74	1,439,336.50	1,854,385.35
आस्तियां									
वित्तीय गतिविधियों के तहत प्राप्य	32,802.57	21,658.63	57,256.56	191,168.09	243,515.12	1,204,335.31	906,458.66	3,274,938.57	59,32,133.50
निवेश	3,101.90	-	11,355.31	3,152.37	17,889.22	72,102.84	76,699.47	604,183.13	788,484.24
विदेशी मुद्रा आस्ति	-	-	-	-	-	-	-	-	-
विदेशी मुद्रा देयताएं	3,291.17	-	16,640.71	6,477.35	26,852.85	128,859.86	143,420.39	1,027,480.86	1,353,023.19

24.7 एक्सपोजर

25.7.1 भू संपदा क्षेत्र में एक्सपोजर

यथा 31 मार्च, 2020 को कंपनी का भू संपदा क्षेत्र में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष एक्सपोजर नहीं है (गत वर्ष में भी शून्य है)।

25.7.2 पूंजी बाजार को एक्सपोजरः (राशि लाख रुपये में)

क्र.सं	विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019को समाप्त वर्ष
(i)	इक्विटी शेयरों, बंधपत्रों, संपरिवर्तनीय डिबेंचरों एवं इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंड यूनिटों में प्रत्यक्ष निवेश, जिसकी मूल निधि का कार्पोरेट ऋण में अन्य रूप से निवेश नहीं किया जाता है;	-	-
(ii)	शेयरों(आईपीओ / इएसपीओ सहित), संपरिवर्त्नीय बंध पत्रों, संपरिवर्तनीय डिबेंचरों एवं इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंड यूनिटों में निवेश के लिए व्यक्तियों को शेयरों/बंधपत्रों या अन्य प्रतिभूतियों के प्रति अथवा निर्बंध आधार पर अग्रिम दिया जाता है;	-	-
(iii)	किसी अन्य उद्देश्य के लिए अग्रिम,जहां शेयर या संपरिवर्तनीय बंधपत्रों अथवा संपरिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंड यूनिटों में प्राथमिक प्रतिभूति के तौर पर लिया गया है;	-	-
(iv)	शेयरों या संपरिवर्तनीय बंध पत्रों अथवा संपरिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंड यूनिटों की संपार्श्विक प्रतिभूति द्वारा प्रतिभूत सीमी तक किसी अन्य उद्देश्य के लिए अग्रिम अर्थात जहां शेयरों या संपरिवर्तनीय बंध पत्रों अथवा शेयरो/संपरिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख म्युचुअल फंड यूनिटों के अलावा प्राथमिक प्रतिभूति अग्रिमों को पूरी तरह कवर करती है;	-	-
(v)	स्टॉक धारकों एवं बाजार निर्माताओं की ओर से जारी स्टॉक ब्रोकरों व गारंटियों के प्रति प्रतिभूत तथा अप्रतिभूत अग्रिम राशि;	-	-
(vi)	संसाधन जुटाने की प्रत्याशा में नई कंपनियों कंपनी की इक्विटी में प्रवर्तकों का अंशदान पूरा करने के लिए शेयरों/बंधपत्रों/डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों के प्रति अथवा निर्बंध आधार पर कार्पोरेट को संस्वीकृत ऋण;	-	-
(vii)	अपेक्षित इक्विटी प्रवाह/निर्गमोंके प्रति कंपनियों का पूरक ऋण;	-	-
(viii)	उद्यम पूंजी निधियों के प्रति सभी निवेश (पंजीकृत एवं अपंजीकृत, दोनों)	1,674.87	1,674.87

24.8 अतिरिक्त प्रकटीकरणः प्रावधानों एवं आकस्मिकताएं (राशि लाख रुपये में)

क्र.सं.	लाभ–हानि विवरण में दर्शाए गए प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं का अलग– अलग विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
(i)	एनपीए के प्रति प्रावधान	3,34,474.41	3,06,390.27
(ii)	आयकर के लिए प्रावधान (आस्थगित कर सहित)	(34,240.27)	30,146.01
(iii)	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान (पुनर्रचित खातों एवं एसडीआर खातों सहित)	1,12,333.71	1,22,339.77

24.9 अग्रिम निवेश एवं एन.पी.ए का संकेन्द्रणः

(i) अग्रिमों का संकेन्द्रण (राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
बीस सबसे बड़े उधारकर्ताओं को कुल अग्रिम	16,45,094.89	15,67,399.20
एनबीएफसी के कुल अग्रिमों के प्रति बीस सबसे बड़े उधारकर्ताओं के अग्रिमों का प्रतिशत	48.97%	41.54%

(ii) एक्सपोजर का संक्रेन्द्रण (राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
बीस सबसे बड़े उधारकर्ताओं को कुल अग्रिम	16,45,094.89	15,67,399.20
उधारकर्ताओं/ ग्राहकों पर एनबीएफसी के कुल इक्सपोजर के प्रति बीस सबसे बड़े उधारकर्ताओं/ग्राहकों के इक्सपोजर का प्रतिशत	48.97%	41.54%

(iii) एनपीए का संक्रेन्द्रण (राशि लाख रुपये में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
शीर्ष चार खातों का कुल एक्सपोजर	2,04,886.07	1,97,032.02

(iv) क्षेत्रवार– एनपीए

क्र.सं.	क्षेत्र	उस क्षेत्र में कुल अग्रिमों के प्रति एन.पी.ए. का प्रतिशत	
		31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
1	कृषि एवं कृषि से संबंधित क्रियाकलाप	-	-
2	सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम	-	-
3	कार्पोरेट उधारकर्ता	19.70%	18.53%
4	सेवाएं	-	-
5	अप्रतिभूत व्यक्तिगत ऋण	-	-
6	आटो(वाहन) ऋण	-	-
7	अन्य व्यक्तिगत ऋण	-	-

(v) एन पी ए में उतार–चढ़ावः (राशि लाख रुपये में)

क्र.सं.	विवरण		31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष
(i)	नवल अग्रिमों की तुलना में निवल एनपीए (%)		9.75%	9.84%
(ii)	एनपीए में उतार–चढ़ाव			
	क)	प्रारंभिक शेष	6,51,076.51	5,39,244.45
	ख)	वर्ष के दौरान परिवर्धन	1,38,931.07	2,19,361.95
	ग)	वर्ष के दौरान कटौतियां/बट्टे खाते में डालना	1,27,700.29	1,07,529.89
	घ)	अंतिम शेष	662,307.29	6,51,076.51
(iii)	निवल एनपीए में उतार–चढ़ाव			
	क)	प्रारंभिक शेष	3,45,613.65	1,48,527.61
	ख)	वर्ष के दौरान परिवर्धन	(16,993.49)	1,77,279.26
	ग)	वर्ष के दौरान कटौतिया	787.28	19,806.78
	घ)	अंतिम शेष	3,27,832.88	3,45,613.65
(iv)	एनपीए के प्रावधानों में उतार–चढ़ाव (मानक आस्तियों पर किये गये प्रावधान को छोड़कर)			
	क)	प्रारंभिक शेष	3,06,462.86	2,90,716.84
